चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 1 अप्रैल 2024
वर्ष -34, अंक -65, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारतीयों को वीजा नहीं तो चौपट होगी अर्थव्यवस्था 14

शाहरुख खान शुरु करेंगे पठान-2 की शूटिंग 2

**रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली**

# भाजपा को हराने के लिए विपक्ष ने दिल्ली में भरी हुंकार

नई दिल्ली, ब्यूरो

विपक्षी दलों के प्रमुख नेता रविवार को रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में जुटे तथा भाजपा सरकार पर लोकतंत्र और संविधान कुचलने का आरोप लगाते हुए एकजुटता से संघर्ष करने का संकल्प लिया। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों ने इस महारैली का आयोजन दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी, भाजपा की नीतियों के विरोध में किया। महारैली में दोनों मुख्यमंत्रियों की तत्काल रिहाई, चुनावी बॉंड की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में विशेष कार्यबल का गठन और चुनाव आयोग को स्वतंत्र रूप से काम करने देने की मांग की गयी। विपक्षी नेताओं ने भाजपा की केंद्र सरकार को तीसरी बार सत्ता में न आने का संकल्प लिया है। ज्यादातर वक्ताओं ने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। इसके लिए तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ का नारा लेकर हम जनता के बीच जाएंगे।

रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जितने भी सर्वे हुए हैं उसमें बीजेपी को 180 से ज्यादा सीटें नहीं मिल रही है, इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिए मैच फिक्सिंग का रास्ता अपनाया है। विपक्ष को रोकने के लिए सभी विपक्षी नेताओं को डराया धमकाया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन की एकता के बाद बीजेपी को अपने पराजय पक्की लगने लगी है और उनका 400 का नारा पूरा होने वाला नहीं है। यदि कोई गड़बड़ी नहीं की गई और बेईमानी कर दबाव डालना या खिलाड़ियों को खरीदना नहीं हुआ तो मोदी का 400 पार का सपना पूरा नहीं होगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि रामलीला मैदान में रावण जलाया जाता है। उसका राजा सोने की लंका में रहता था और घमंडी था। उन्होंने कहा भगवान राम तो सत्यवादी थे, वनवासी थे, लेकिन ये अपने स्वार्थ के लिए राम की बात करते हैं उनके आदर्शों पर नहीं चल रहे हैं।



## इंडिया गठबंधन की महारैली में पहुंचे 28 दलों के नेता

महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के शरद पवार, शिवसेना (उद्धव गुट) के उद्धव ठाकरे, झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, आम आदमी पार्टी के गोपाल राय, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, भाकपा से डी राजा, माकपा से सीताराम येचुरी, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती और द्रमुक के तिरुचि शिवा समेत 28 पार्टियों के नेता शामिल हुए।

- मोदी मैच फिक्सिंग से जीतना चाहते हैं चुनाव: राहुल
- भाजपा गलत तरीके से हमें डरा रही है : अखिलेश
- गठबंधन जीता तो पूरे देश में दिल्ली जैसी सुविधाएं: सुनीता केजरीवाल

अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार भाजपा 400 पार नहीं बल्कि 400 हारने जा रही है। यह लोग गलत तरीके से हम लोगों को डरा धमका रहे हैं। मुख्यमंत्री को जेल भेज रहे हैं। राजनीतिक दलों को नोटिस भेज रहे हैं और उनके बैंक अकाउंट बंद कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने रैली मैं आए लोगों को अपने पति की तरफ से दिए संदेश को पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि यदि गठबंधन की सरकार आएगी तो पूरे देश में हमारे पति 6 गारंटी पूरी करेंगे, जिसमें 24 घंटे बिजली, गरीबों को फ्री बिजली, हर गांव और मुहल्ले में स्कूल, देहात एवं शहरों में मोहल्ला क्लीनिक, हर जिले में सुपर स्पेशलिटी सरकारी अस्पताल एवं फ्री इलाज, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना ने कहा कि उनके पति को मुख्यमंत्री रहते हुए गलत आरोपों में गिरफ्तार किया गया है अब जनता इसका जवाब देगी। महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि बीजेपी सरकार की एजेंसियां किसी को भी गिरफ्तार कर लेती है और उसकी सुनवाई के लिए न कोई वकील है और न कोई दलील। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक इंडिया गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा। रैली में नारा दिया गया है कि तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ, यह नारा लोकसभा चुनाव में पूरे देश में मतदाताओं के बीच एक अपील करेगा। रैली में आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष गोपाल राय सहित सभी मंत्री, विधायक एवं पार्षद भी मौजूद थे इसी तरह कांग्रेस के भी कई बड़े नेता मंच पर नजर आए।

## एक नजर

### कांग्रेस पांच अप्रैल को जारी करेगी घोषणापत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पांच अप्रैल को अपना घोषणापत्र जारी करने की शनिवार को घोषणा की। उसने अंतिम क्षण में घोषणापत्र समिति गठित करने को लेकर भाजपा पर कटाक्ष भी किया। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की और पार्टी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इसका अध्यक्ष, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को सह-संयोजक बनाया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने 16 मार्च को 'पांच न्याय', '25 गारंटी' जारी की और देश भर में आठ करोड़ गारंटी कार्ड वितरित करने के लिए पार्टी का 'घर घर गारंटी' अभियान तीन अप्रैल से शुरू होगा।

### तहखाने में पूजा को चुनौती पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की उस याचिका पर उच्चतम न्यायालय आज सुनवाई करेगा, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदुओं को पूजा की अनुमति देने वाले निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ उच्च न्यायालय के 26 फरवरी के फैसले को चुनौती वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई करेगी।

# भ्रष्टाचारियों पर होगा एक्शन : मोदी

**मेरठ से प्रधानमंत्री ने फूंका चुनावी बिगुल, इंडी गठबंधन रहा निशाने पर**

**हमारी सरकार ने कागजों से 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी हटाए**

**इंडी गठबंधन ने चौधरी साहब को कभी उचित सम्मान नहीं दिया**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ से चुनावी बिगुल फूंकते हुए कहा है कि भ्रष्टाचारी चाहे कितना बड़ा क्यों न हो, उसके खिलाफ एक्शन जरूर होगा। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर लेते हुए कहा कि देश आजतक कांग्रेस और उसके साथियों के रवैये की कीमत चुका है। उसने कभी भी चौधरी चरण सिंह को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे वास्तव में हकदार थे।

प्रधानमंत्री ने रविवार को लोकसभा चुनाव की प्रदेश में पहली रैली 'गौरव समारोह' में कहा कि 2014 और 2019 में भी मेरठ से ही चुनावी अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने क्रांतिधरा को नमन करते हुए कहा कि 10 साल में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई शुरू हुई है। पहले ऐसी सरकार थी जिसका जन्म नहीं हुआ ऐसे लोगों के नाम पर पैसे जाते थे। ऐसे 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी का नाम मोदी ने हटाने की हिम्मत की। ऐसा करके हमने देशवासियों के पौने तीन लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए हैं। मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं इससे कुछ लोग बौखलाए हैं, वो आपा खो बैठे हैं। मोदी का मंत्र है भ्रष्टाचार हटाओ, और वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। ये चुनाव इन दो खेमों की लड़ाई है। जब मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, तो इन लोगों ने इंडी गठबंधन बना लिया है। इन्हें लगता है कि मोदी डर जाएगा। मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। सुप्रीम कोर्ट से जमानत तक नहीं मिल रही है। इसलिए उनको कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आपने टीवी पर देखा होगा कहीं बिस्तर के नीचे से, कहीं दीवारों से तो कहीं वॉशिंग मशीन से नोटों के ढेर निकल रहे हैं। मैं भ्रष्टचारियों पर सिर्फ कार्रवाई ही नहीं कर रहा, मेरी गारंटी है इन भ्रष्टाचारियों और बेइमानों ने जिनका धन लूटा है उसे मैं लौटा भी रहा हूं। हमने भ्रष्टाचारियों की संपत्ति जब्त करके 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा, जिनके पैसे गये थे उन्हें वापस लौटा दिया।



### यह चुनाव देश को तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए

2024 का चुनाव विकसित भारत बनाने और देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए है। बताया कि भारत जब 2014 में दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था, तब यहां चारों तरफ गरीबी थी। जब भारत पांचवें नंबर पर पहुंचा तब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकलने में सफल हुए। मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि जब भारत दुनिया में नंबर तीन पर पहुंचेगा तो, देश में गरीबी तो दूर होगी ही साथ में एक सामर्थ्यवान, सशक्त मध्यम वर्ग देश को नई ऊर्जा देता दिखेगा।

### कच्चातिवु मामले में कांग्रेस को घेरा

प्रधानमंत्री ने बताया कि आज ही कांग्रेस का एक और देश विरोधी कारनामा देश के सामने आया है। समुद्री तट से कुछ दूर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच एक द्वीप कच्चातिवु है। देश आजाद हुआ तब ये हमारे पास था, लेकिन कांग्रेस ने चार-पांच दशक पहले इस द्वीप को फालतू और गैर जरूरी करार दिया और भारत से अलग कर दिया। देश कांग्रेस के रवैये की कीमत आजतक चुका रहा है। भारत के मछुआरे मछली पकड़ने के लिए समंदर में जाते हैं और जब इस द्वीप की तरफ जाते हैं तो इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। ये कांग्रेस के पाप का परिणाम है कि हमारे मछुआरे आज भी सजा भुगत रहे हैं।

### मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह देश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है। जिसका मतलब 12 करोड़ किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि, चार करोड़ गरीबों को आवास, दस करोड़ गरीबों को रसोई गैस सिलेंडर, 12 करोड़ घरों में शौचालय, 80 करोड़ को फ्री राशन, 60 करोड़ को पांच लाख की स्वास्थ्य बीमा, मोदी की गारंटी से यह देश एक स्वर में बोल रहा है। फिर एक बार मोदी सरकार। यही मोदी की गारंटी है, जो कहते हैं, वो करके रहते हैं। मोदी की गारंटी पर यूपी को यकीन और भारत को भरोसा है, क्योंकि मोदी केवल सपने नहीं बुनते, हकीकत बुनते हैं, इसीलिए लोग बार-बार मोदी जी को चुनते हैं।

## भारत रत्न सम्मान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न प्रदान किया। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर कहा कि इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस को 1745 करोड़ का नया टैक्स नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो दिन पहले 1823 करोड़ का नोटिस भेजा था, कुल 3567 करोड़ की देनदारी निकाली

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। सूत्रों ने के अनुसार आयकर विभाग ने कांग्रेस से अब तक कुल कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। वहीं दो दिन पहले आयकर विभाग ने कांग्रेस से करीब 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा था।

सूत्रों के मुताबिक, ताजा नोटिस 2014-15 (663 करोड़ रुपये), 2015-16 (करीब 664 करोड़ रुपये) और 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपये) से संबंधित हैं। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली कर छूट समाप्त कर दी है और पार्टी पर कर लगा दिया है। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा छापे के दौरान कांग्रेस के कुछ नेताओं से जब्त की गई डायरियों में की गई ''तीसरे पक्ष की प्रविष्टियों'' के लिए भी कांग्रेस पर कर लगाया गया है। मुख्य विपक्षी दल ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें करीब 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है। कर अधिकारियों ने पिछले वर्षों से संबंधित कर मांग के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपये पहले ही निकाल लिये हैं। कांग्रेस ने 135 करोड़ रुपये की कर मांग के खिलाफ अदालत का रुख किया है और इस मामले में सोमवार को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होने की संभावना है। पार्टी इस संबंध में आयकर अपीलीय अधिकरण और उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में विफल रही है।

# न सफर होगा महंगा, न ही बसों का बढ़ेगा किराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टोल प्लाजा पर बढ़ाई जाने वाली नई टोल दरें लागू नहीं होंगी

**अमृत विचार:** आमजनों के लिए यह राहतभरी खबर है। फिलहाल पहली अप्रैल अर्थात आज से भारतीय राष्ट्री य राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा टोल प्लाजा पर बढ़ाई जाने वाली नई टोल दरें लागू नहीं की गई हैं।

इससे निजी और कमर्शियल वाहनों से होने वाला सफर अब महंगा नहीं होगा। आमजन पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। टोल टैक्स में बढ़ोत्तरी होने से सरचार्ज बढ़ता और इसका असर रोडवेज बस यात्रियों के किराए पर खासतौर पर पड़ता है। दरअसल 31 मार्च की रात से टोल की नई दरें प्रभावित हो जानी थीं। लेकिन अपरिहार्य कारण से एनएचएआई ने बढ़ी दरें फिलहाल लागू न करने का फैसला लिया है, अपराह्न सभी प्लाजा मैनेजर को लिखित आदेश जारी कर दिए हैं। यह जानकारी लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल रोडवेज़ बसों का किराया भी नहीं बढ़ाया गया है।

## शूटर्स की तलाश में पुलिस ने नेपाल बंगाल में डाला डेरा

**रुद्रपुर/ नानकमत्ता/ खटीमा।** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के हत्यारे अभी भी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके हैं। दर्जन भर से अधिक पुलिस टीमें कई राज्यों में हत्यारों की तलाश में जुटी हैं। नेपाल और बंगाल में पुलिस टीमों ने डेरा डाल रखा है। शूटर्स के विदेश भागने की आशंका से पुलिस ने लुकआउट जारी कर कनाडा दूतावास से भी संपर्क साधा गया है। वहीं उत्तराखंड एसटीएफ ने मामले में बंडा, निगोही और पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया।

# अवैध संबंध के शक में पत्नी, बेटी-बेटे की हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

- शव कमरे में बंदकर भागा, पुलिस को मकान मालिक ने दी सूचना

**अमृत विचार:** बिजनौर के सरवन नगर में अवैध संबंध के शक में पीओपी कारीगर ने पत्नी, बेटी व बेटे की गला दबाकर हत्या के बाद शव कमरे में बंद कर भाग गया। दुर्गंध पर मकान मालिक के बेटे ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के मुताबिक बलरामपुर जिले के रतनपुर गांव का रामलगन 15 मार्च से सरवन नगर में अमृत लाल गौतम के मकान में किराए पर पत्नी ज्योति, बेटी पायल और बेटा आनंद संग रह रहा था। रविवार दोपहर दो बजे पड़ोसियों को तेज दुर्गंध आने पर मकान मालिक को बताया। अमृत लाल का बेटा वीरेंद्र ऊपर पहुंचा। दुर्गंध रामलगन के बंद कमरे से आने की सूचना पुलिस को दी। साउथ डीसीपी तेज स्वरूप सिंह, एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी और इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद राणा मौके पर पहुंचे। पुलिस को फर्श पर ज्योति व बच्चों के शव बोरी में मिले। डीसीपी ने बताया कि आरोपी रामलगन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## खंभे से टकराई कार, चार की मौत

**मुरादाबाद।** कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर में चालक को झपकी आने से कार खंभे से टकरा गई। जिससे एक परिवार की तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। कार में सवार परिवार देहरादून से मुरादाबाद रिश्तेदार के यहां आ रहा था। एसपी ग्रामीण संदीप मीणा ने बताया कि कार को परिवार का युवक चला रहा था। उसे झपकी आ गई। जिससे कार सड़क किनारे पोल से जा टकराई। वहीं मुगलपुरा थाना क्षेत्र हाथी वाला मंदिर के ज्वेलर्स राजू रस्तोगी ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले मेरे सगे मौसेरे भाई पंकज के परिवार के लोग हैं।

# बिना सहमति निकाली किडनी, 1.35 करोड़ हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रामा मेडिकल कालेज कानपुर में किया किडनी का ऑपरेशन
- किडनी में स्टोन बताकर कराए थे सादे कागजों पर हस्ताक्षर

**अमृत विचार :** रामा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में कन्नौज के एक युवक की किडनी (गुर्दा) में स्टोन का ऑपरेशन करने के दौरान बिना सहमति किडनी निकाल दी। राज्य उपभोक्ता आयोग में मामला पहुंचा तो चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधन पर 1.35 करोड़ रुपये हर्जाना लगाया गया। जो 12 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा।

ग्राम भगवानपुर, मकरंद नगर, कन्नौज निवासी दीपक कुशवाहा पुत्र महेंद्र सिंह ने पेट में दर्द का उपचार कानपुर जीटी रोड स्थित रामा मेडिकल कॉलेज में कराया। अल्ट्रासाउंड में किडनी में स्टोन का पता चला तो दीपक 28 जून 2013 को अस्पताल में भर्ती हुआ। डॉ. प्रफुल्ल गुप्ता ने किडनी में स्टोन का ऑपरेशन बताकर सादे कागजों पर हस्ताक्षर कराए और ऑपरेशन कर 9 जुलाई 2013 को डिस्चार्ज कर दिया। दर्द बंद नहीं हुआ तो फिर अस्पताल आए। अल्ट्रासाउंड कराया तो पता चला बायीं किडनी ही नहीं है। यह सुनकर वह बेहोश हो गया। इस मामले की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो न्यायालय से दर्ज कराई। इस पर सीएमओ कार्यालय बुलाकर मामला वापसी का दबाव बनाने के लिए धमकाया। उसी समय दीपक ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। इसकी सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह ने की तो किडनी निकालना पाया। किडनी निकालने के लिए मरीज या तीमारदार से सहमति पत्र नहीं लिया गया। चिकित्सक ने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों का उल्लंघन कर बिना सहमति के ऑपरेशन किया। इस पर आयोग ने 50 लाख रुपये सेवा में कमी, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना पर 35 लाख, गलत उपचार व बिना सहमति किडनी निकालने पर 50 लाख व 20 हजार रुपये हर्जाना लगाया है। जो चिकित्सक व अस्पताल प्रबंधन मिलकर या कोई एक आपरेशन की तारीख से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ 30 दिनों के अंदर दीपक को अदा करेंगे। ऐसा न करने पर 15 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा।

**स्वरोजगार** | गायों का संरक्षण कर बेच रहे दूध, किसान के साथ कई को रोजगार

# विदेश में की पढ़ाई, देश में गायों के दूध से कर रहे कमाई

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के भरवारा लोनापुर के रहने वाले प्रवीण मिश्रा और उनके बड़े भाई पंकज को विदेश रास नहीं आया। दोनों ने वापस आकर डेयरी में कॅरियर बनाया। 2010 में प्रवीण ने लंदन में बैंकिंग की पढ़ाई कर इंग्लैंड में नौकरी की, जबकि पंकज ने हैदराबाद से एमबीए और बर्मिंघम में आईटी की पढ़ाई की लेकिन, दोनों भाइयों का ध्यान वहां के खानपान की गुणवत्ता और शुद्धता पर रहा। जिसे बारीकी से समझा, इसमें खासकर दूध को लेकर सोचा की क्यों न हम भी स्वदेश में लोगों को गायों का शुद्ध दूध उपलब्ध कराएं। यही संकल्प से दोनों 2016 में पिता वीरेंद्र के साथ देशी गायों की डेयरी लगाकर घर-घर दूध पहुंचाने लगे। इससे जहां देशी गायों का संरक्षण किया तो 50 लोगों को रोजगार दिया। साथ ही पेय अमृत फार्मर प्रड्यूसर से 200 पशु पालक को जोड़कर उन्हें भी राह दिखाई है। पंकज और प्रवीण को प्रगतिशील गोपालक के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन बार सम्मानित कर चुके हैं।





पिता वीरेंद्र के साथ बेटे पंकज और प्रवीण

### हर माह कमाते 2.50 लाख

दोनों ने 25 गाय से डेयरी शुरू की थी। वर्तमान में साहीवाल व गिर प्रजाति की 120 गाय से रोजाना 700 लीटर दूध उत्पादन करते हैं और एक ब्रांड देकर कांच की शीशी में डिलीवरी करते हैं। इनका 100 फीसद शुद्ध दूध होने का दावा है तो करीब 700 लोग खरीदने वाले भी संतुष्ट हैं। दूध की कीमत 80 रुपये प्रति लीटर है। इससे हर माह 2 .50 लाख रुपये तक कमाते हैं। इनका राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना में चयन हुआ है। जो 200 देशी गाय की इकाई लगाएंगे।

### आपूर्ति के हिसाब से 10 फीसद डेयरी नहीं

प्रवीण बताते हैं कि बच्चों के लिए शुद्ध दूध बेहद जरूरी है। लेकिन, आपूर्ति के हिसाब से शुद्ध दूध की 10 फीसद डेयरियां नहीं हैं। जबकि विदेश में दूध से लेकर हर खाद्य पदार्थ मानक और गुणवत्ता से 100 फीसद शुद्ध है। वह भी बचपन में जब दूध पीते थे तो शुद्ध न होने के कारण पचता नहीं था। लोग अधिक मुनाफा के लिए मिलावट तो करते हैं साथ ही रासायनिक उर्वरकों का चारा गोवंशों को खिलाते हैं। जबकि वह अपनी गायों को फार्म हाउस में प्राकृतिक खेती से चारा उगाकर खिलाते हैं।

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.528 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |



विकेट लेने के बाद खुशी बनाते गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी।




साई सुदर्शन

## खेल डायरी

### तेजस्विन शंकर ने ऊंची कूद स्पर्धा में जीता खिताब

**केन्सास।** भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर ने शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 में सीजन की अपनी पहली आउटडोर मीट में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर खिताब अपने नाम कर लिया है। शंकर ने अमेरिका के केन्सास में शनिवार को सीजन की अपनी पहली आउटडोर स्पर्धा में शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर यह जीत दर्ज की। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने बेल्जियम में एक इनडोर चैलेंजर इवेंट, इंटरनेशनल हाई जंप गाला एल्मोस में, शंकर ने 2.23 मीटर की छलांग के साथ जीत हासिल करते हुए अपने सीज़न की शुरुआत की है।

### बोपन्ना-एब्डेन ने जीता मियामी ओपन का खिताब

**फ्लोरिडा।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने मियामी ओपन 2024 टेनिस पुरुष युगल खिताब जीता लिया है। फ्लोरिडा के हार्ड रॉक स्टेडियम में शनिवार को खेले गये मियामी ओपन फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी एक घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी ऑस्टिन क्राजिसेक और क्रोएशिया के इवान डोडिग के खिलाफ 6(3)-7(7), 6-3, 10-6 से जीत हासिल की।

### इंडिया ओपन गोल्फः जापना के नाकाजिमा बने विजेता

**गुरुग्राम।** भारत के वीर अहलावत रविवार को यहां हीरो इंडियन ओपन गोल्फ के चौथे और अंतिम दिन एक अंडर 71 का शानदार कार्ड खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। अहलावत का डीपी वर्ल्ड टूर स्पर्धा में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह इस स्पर्धा के विजेता जापान के कीता नकाजिमा से चार शॉट पीछे रहे। अहलावत दिन के आपने आखिरी होल में ईगल लगाने में सफल रहे जिससे उनका कुल स्कोर 275 रहा। नकाजिमा ने 73 का कार्ड खेलकर डीपी वर्ल्ड टूर पर अपना पहला खिताब जीता।

### एआईएफएफ सदस्य दीपक शर्मा जमानत पर रिहा

**पणजी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को रविवार को जमानत पर रिहा कर दिया गया जिन्हें गोवा पुलिस ने कथित तौर पर दो महिला खिलाड़ियों के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश के खाद एफसी की दो महिला खिलाड़ियों की शिकायत दर्ज कराने के बाद शनिवार को यहां मापुसा पुलिस ने दीपक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था।

# मोहित और मिलर ने गुजरात को दिलाई जीत

## गुजरात टाइटंस ने तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया, मोहित शर्मा ने तीन विकेट झटके




डेविड मिलर

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा (25 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद डेविड मिलर की 44 रन की आक्रामक पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। गुजरात टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

मिलर ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद 27 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। उन्होंने बी साई सुदर्शन (36 गेंद में 45 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी और फिर विजय शंकर (11 गेंद में नाबाद 14 रन) के साथ 18 गेंद में 30 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के पार पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (13 गेंद में 25 रन) और शुभमन गिल (28 गेंद में 36 रन) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया। सनराइजर्स के लिए पैट कमिंस, मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद ने एक-एक विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए साहा ने शाहबाज और जयदेव उनादकट के खिलाफ छक्के जड़े। शाहबाज ने हालांकि पारी के पांचवें ओवर में कमिंस के हाथों साहा की पारी को खत्म किया। गिल ने इसी ओवर में छक्का जड़ा तो वह इंपैक्ट सब्सीट्यूट सुदर्शन ने भुवनेश्वर के खिलाफ चौका लगाकर टीम के स्कोर को पावर प्ले में एक विकेट पर 52 रन कर दिया। सनराइजर्स के गेंदबाजों ने इसके बाद गुजरात टाइटंस को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। टीम को इसका फायदा 10वें ओवर में गिल के विकेट के तौर पर मिला। वह मार्कंडेय का शिकार बने। साई सुदर्शन और डेविड मिलर अगले कुछ ओवरों में दौड़ कर रन लेने पर जोर दिया। अब तक रक्षात्मक खेल रहे सुदर्शन ने कमिंस और वाशिंगटन के खिलाफ 13वें और 14वें ओवर में चौका जड़ दबाव कम किया। गुजरात ने पारी के 16वें ओवर में मैच का रुख पलट दिया। मार्कंडेय के इस ओवर में 26 रन बने जिसमें मिलर ने एक छक्का और दो चौके लगाये। इस ओवर में सुदर्शन ने भी एक छक्का जड़ा लेकिन अगले ओवर में कप्तान कमिंस की गेंद पर अभिषेक को कैच दे बैठे। इसका मिलर की बल्लेबाजी पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने अंतिम ओवर में उनादकट की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले पिछले मैच में 277 रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले सनराइजर्स ने पावरप्ले के भीतर एक विकेट खोकर 56 रन बनाये लेकिन उसके बाद अफगानिस्तान के स्पिनरों ने बीच के ओवरों में खुलकर खेलने नहीं दिया। नूर ने 32 रन देकर और राशिद ने 33 रन देकर एक एक विकेट लिया। नूर ने फॉर्म में चल रहे सनराजइर्स के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (19) को सस्ते में आउट किया जबकि राशिद ने हेनरिच क्लासेन (24) को पवेलियन भेजा।

**हैदराबाद 162/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल का दर्शन बो अजमतुल्लाह | 16 | 17 | 2/0 |
| ट्रेविस हेड बो नूर अहमद | 19 | 14 | 3/0 |
| अभिषेक शर्मा का गिल बो मोहित | 29 | 20 | 2/2 |
| एडेन मार्कराम का राशिद बो उमेश | 17 | 19 | 0/0 |
| हेनरिच क्लासेन बो राशिद | 24 | 13 | 1/2 |
| शाहबाज अहमद का तेवतिया बो मोहित | 22 | 20 | 1/1 |
| अब्दुल समाद रन आउट | 29 | 14 | 3/1 |
| वॉशिंगटन सुंदर का राशिद बो मोहित | 00 | 01 | 0/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** उमरजई 3-0-24-1, यादव 3-0-28-1, राशिद 4-0-33-1, अहमद 4-0-32-1, मोहित 4-0-25-3, दर्शन 2-0-18-0

**गुजरात 168/3** — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा का कमिंस बो शाहबाज | 25 | 13 | 1/2 |
| शुभमन गिल का समद बो मार्कंडेय | 36 | 28 | 2/1 |
| साई सुदर्शन का अभिषेक बो कमिंस | 45 | 36 | 4/1 |
| डेविड मिलर नाबाद | 44 | 27 | 4/2 |
| विजय शंकर नाबाद | 14 | 11 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-27-0, शाहबाज 2-0-20-1, उनादकट 3.1-0-33-0, वाशिंगटन 3-0-27-0, मार्कंडेय 3-0-33-1, कमिंस 4-0-28-1

## सलीमा-हार्दिक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

पिछले साल एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, ''इतने महान खिलाड़ियों के साथ नामांकन पाना ही बड़ी उपलब्धि है।'' वहीं झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में अपनी कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार के तौर पर 25 लाख रूपये और प्रशस्ति पत्र दिया गया। यहां आयोजित हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कार समारोह में पी आर श्रीजेश को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला।

## मुंबई को राजस्थान के खिलाफ घरेलू मैदान पर वापसी का भरोसा

**मुंबई, एजेंसी**

हार्दिक पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लय में चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो हार के सिलसिले को खत्म करना चाहेगी।

मुंबई को आईपीएल में अपनी धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता है और पंड्या के कप्तान बनने के बाद भी इस में कोई बदलाव नहीं आया है। मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तान बनाये जाने का फैसला प्रशंसकों को नागवार गुजरा और इस हरफनमौला खिलाड़ी को शुरुआती मैचों में दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस को पंड्या की पूर्व टीम गुजरात टाइटंस ने सत्र के पहले मैच में छह रन से हराया जबकि हैदराबाद में बड़े स्कोर के रिकॉर्ड वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 32 रन से शिकस्त दी। इन दो हार के बाद टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें पायदान पर है। यह हालांकि आईपीएल के 17 वें सत्र का शुरुआती चरण है लेकिन मुंबई की टीम हार के सिलसिले को खत्म करने के साथ अपने नेट रन रेट (-0.925) को भी सुधारना चाहेगी।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी , नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## बाबर आजम होंगे सीमित ओवरों के कप्तानः पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सलामी बल्लेबाज बाबर आजम एक बार फिर सीमित ओवरों के मैचों के लिए टीम का कप्तान बनाया हैं। पीसीबी ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, "चयन समिति की सिफरिश पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों का कप्तान नियुक्त किया है।" इसी के साथ अब शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान की टी-20 टीम के कप्तान नहीं रहे। उन्होंने केवल एक ही सीरीज में पाकिस्तान टीम की कप्तान की। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में पाकिस्तान को 1-4 से हार झेलनी पड़ी थी।

## दिल्ली ने सीएसके को दिया 192 रनों का लक्ष्य

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

डेविड वॉर्नर 52 रनों की अर्धशतकीय पारी और पृथ्वी शॉ की 43 रनों की शानदार पारियों की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 192 रनों का लक्ष्य दिया है।

डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पृथ्वी शॉ और डेविड वॉर्नर की सलामी जोड़ी ने दिल्ली के लिए बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी की। मुस्तफिजुर ने 10 ओवर में पथिराना के हाथों डेविड वॉर्नर को कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। वॉर्नर ने 35 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। इसके बाद अगले ही ओवर में जडेजा ने पृथ्वी शॉ को आउट कर दिल्ली का दूसरा विकेट झटक दिया। पृथ्वी शॉ 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों 43 रन ठोके। मिचेल मार्श 18 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। कप्तान ऋषभ पंत 12 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। अक्षर पटेल सात रन और अभिषेक पोरेल नौ रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 191 रन का स्कोर खड़ा किया।




## बॉलीवुड हलचल

## बोनी कपूर ने बेटी जान्हवी के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया की तारीफ की



**मुंबई, एजेंसी।** बोनी कपूर ने हालिया इंटरव्यू में जान्हवी कपूर के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ अपने बॉन्ड पर बात की है। बोनी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जान्हवी और शिखर का रिश्ता ताउम्र बना रहेगा। यह भी बताया कि शिखर ने उस वक्त बोनी के परिवार का साथ दिया था, जब चीजें बहुत खराब चल रही थीं। उनका कहना है कि जान्हवी के अलावा शिखर परिवार के बाकी सदस्य के साथ भी बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। जूम के साथ हालिया इंटरव्यू में बोनी ने बताया कि शिखर उनके साथ किसी इवेंट में तस्वीरें क्यों नहीं क्लिक कराते हैं। बोनी ने कहा, 'ऐसा केवल इसलिए क्योंकि वो नहीं चाहते हैं कि उनकी तस्वीरें क्लिक की जाएं। बाकी मुझे इसका मेन कारण नहीं पता है। शायद वो चाहते हैं कि मैं सुर्खियों में रहूं, इसलिए वो मुझे हर बार आगे कर देते हैं। वर्ना खबरों की हेडिंग सिर्फ बोनी नहीं बल्कि शिखर-बोनी होतीं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं शिखर से बहुत प्यार करता हूं। जब जान्हवी और उनकी मुलाकात नहीं हुई थी, तब से हम दोस्त हैं।' बोनी ने आगे कहा, 'मुझे विश्वास कि वो (शिखर) कभी भी जान्हवी के एक्स नहीं हो सकते हैं, वो उसके आसपास हमेशा रहेंगे। बोनी ने यह भी बताया कि शिखर पूरे परिवार के साथ बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। शिखर, जान्हवी के परिवार के साथ तब खड़े थे, जब चीजें बहुत खराब चल रही थीं। इस बारे में बोनी ने आगे कहा, 'शिखर हमेशा जान्हवी, मेरे और अर्जुन के लिए मौजूद रहते हैं। मुझे लगता है कि हम वास्तव में भाग्यशाली हैं कि हमारे सेटअप में वो हैं।



## कपिल शर्मा संग हुए झगड़े को आज भी नहीं भूले सुनील

**मुंबई, एजेंसी।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' की शुरूआत हो चुकी है। बीती रात शनिवार को शो का फर्स्ट एपिसोड टेलीकास्ट हुआ। इस बार शो टीवी पर नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुआ है। हमेशा की तरह इस बार भी अपने शो को कपिल शर्मा ही होस्ट कर रहे हैं। कपिल ने इस बार अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। कपिल शर्मा इस बार अपने पुराने दोस्त सुनील ग्रोवर के साथ फिर वापस आ गए हैं, जिससे फैंस बेहद खुश हैं। फैंस इस पर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। सुनील ग्रोवर अब कपिल शर्मा के शो अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं। सुनील ग्रोवर 6 साल बाद कपिल के साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में अब कॉमेडी का डबल तड़का लगने वाला है। शो के पहले एपिसोड में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी मेहमान बनकर पहुंचे थे। शो के पहले एपिसोड में कपिल की पूरी टीम कपूर परिवार के साथ खूब मस्ती करते नजर आए, लेकिन कपिल और सुनील के बीच खूब तकरार देखने को मिली। जिसे देखकर लगता है कि कपिल और सुनील अपनी 6 साल पुरानी लड़ाई को आज भी नहीं भूले हैं।

## 2024 के आखिर में शाहरुख खान शुरू करेंगे पठान 2 की शूटिंग



**मुंबई, एजेंसी।** साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के बाद शाहरुख खान जल्द ही पठान 2 लेकर आने वाले हैं। ये फिल्म स्पाई यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी। इस फिल्म से जुड़ी अपडेट लगातार सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो पिछली फिल्म की तरह इस बार सिद्धार्थ आनंद फिल्म डायरेक्ट नहीं करेंगे। हाल ही में आई पीपिंग मून की रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख खान इसी साल के आखिर तक पठान 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। इस अपकमिंग फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट नहीं करेंगे। हालांकि उन्हें किस के साथ रिप्लेस किया जाएगा, इस बात की कोई कन्फर्मेशन सामने नहीं आई है। दरअसल, आदित्य चोपड़ा अपने YRF स्पाई यूनिवर्स की किसी भी फिल्म के सीक्वल में एक डायरेक्टर का इस्तेमाल नहीं करते। ठीक वैसे ही जैसे एक था टाइगर, कबीर खान ने डायरेक्ट की थी, लेकिन सीक्वल फिल्म टाइगर जिंदा है के डायरेक्टर अली अब्बास जफर थे। ऐसे ही टाइगर 3 को मनीष शर्मा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म वॉर सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट की थी, जबकि वॉर 2 अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे थे। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 के बाद यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स की 3 बड़ी फिल्में आने वाले सालों में रिलीज होंगी। इनमें वॉर 2 साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इसके बाद फीमेल लीड की स्पाई फिल्म को 2025 में ही रिलीज किया जाएगा। इसके बाद 2026 में पठान 2 और 2027 में टाइगर वर्सेस पठान रिलीज होगी। 2018 की फ्लॉप फिल्म जीरो के बाद शाहरुख ने 4 साल बाद बतौर हीरो 2023 में फिल्म पठान से कमबैक किया था। इस फिल्म ने 1015 करोड़ रुपए कमाकर कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म पठान भारत के इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी हिंदी फिल्म, 2023 की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म और भारत में चौथी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म का रिकॉर्ड शाहरुख खान के कमबैक की दूसरी फिल्म जवान ने तोड़ा, जो एक्शन फिल्म ही थी। जवान अब भारत की दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग हिंदी फिल्म है और पठान तीसरी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# नशा और कलह लील रही जिंदगी महिला समेत चार ने लगाई फांसी

उन्नाव। रविवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में युवती व विवाहिता समेत चार लोगों के शव फंदे से लटके देख

परिजनों में कोहराम, संबंधित थानों की पुलिस पहुंची जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा




प्रीति, हसनगंज में मौके पर जांच करती पुलिस, । अमृत विचार



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। । अमृत विचार

**केस 01** **फतेहपुर चौरासी।** थाना क्षेत्र के हुसैननगर पट्टी परशुराम गांव निवासी रमेश की 23 वर्षीय बेटी प्रीति की शादी तय थी। नवरात्रि में 15 अप्रैल को उसकी सगाई होनी थी। रविवार सुबह करीब छह बजे वह सोकर उठी और घर में सफाई कर रही थी। पिता गेंहू की फसल काटने चला गया। वृद्ध दादी कलावती किसी काम से बाहर चली गई। तभी प्रीति दरवाजा अंदर से बंद कर बरामदे के लिंटर में पड़े छल्ले में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। दादी के आवाज देने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो उसने पड़ोसियों से खेत से अन्य परिजनों को बुलाया। भाई प्रेम शंकर ने पड़ोसी की छत से देखा तो उसकी बहन फंदे से लटक रही थी। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दो बहनों और चार भाइयों में वह चौथे नंबर की थी। पोस्टमार्टम हाउस में पिता रमेश ने बताया कि उसकी पत्नी की 15 साल पहले मौत हो गई थी। बेटी की परवरिश उसी ने की। रिश्ता तय करते समय उसने बेटी की रजामंदी भी ली थी। इंस्पेक्टर राजेश्वर प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि मृतका के पिता की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। किसी प्रकार का आरोप परिजनों ने नहीं लगाया है।

**केस 02** हसनगंज। लखनऊ जिले के थाना बंथरा अंतर्गत एक गांव निवासी गंगा प्रसाद उर्फ भैयालाल (45) पुत्र स्व. सुंदर लाल की ससुराल हसनगंज कोतवाली के गांव जसमड़ा बब्बन में है। वह लखनऊ में मजदूरी करता था। शराब का लती होने के कारण उसका पत्नी से अक्सर विवाद होता था। करीब तीन माह पहले पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली आई थी। बीते शनिवार की देर शाम गंगाप्रसाद पत्नी को लेने ससुराल आया था। अत्यधिक नशे में होने के कारण रात में पत्नी ने साथ जाने से इंकार कर दिया। गुस्से में वह ससुराल से चला आया था। सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर खेत में लगे पेड़ की डाल में उसी के गमछे से गंगाप्रसाद को लटका देख उसकी पत्नी व सास को सूचना दी। परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस व फील्ड यूनिट की टीम पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना पर युवक के परिजन लखनऊ से पहुंचे। बताया कि दिवंगत युवक अपने घर में अकेला था। उसकी मौत से वृद्ध मां सहित बेटी श्वेता, बेटा युवराज व शिवा बेहाल रहे। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। घटना के अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्थित स्पष्ट होगी।

**केस 03** बिहार थानांतर्गत पितुवा खेड़ा निवासी रमेश (35) पुत्र राजू शराब का लती था। मजदूरी से हुई आय को वह नशे में उड़ा देता था। इससे उसकी शादी नहीं हुई थी। पिता व छोटा भाई महेश मुंबई में नौकरी करते हैं। उसकी मां की काफी पहले मौत हो चुकी थी। वह घर में अकेला रहता था। शनिवार को दिल्ली जाने के लिए बैग लेकर निकला था। लेकिन बाद में शराब पीकर लौटा और कमरा बंद कर लिया। सुबह छोटे भाई की पत्नी रेनू की खिड़की से नजर पड़ी तो वह पंखे के कुंडे से लटक रहा था। शोर सुन पड़ोस में रहने वाले चाचा श्रीपाल व अन्य परिजन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जांच के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं मौत की खबर सुन पिता व भाई उन्नाव के लिए चल दिए। उनके सोमवार सुबह पहुंचने की उम्मीद है।

**केस 04** **पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के भाटमऊ गांव निवासी अफसाना बानो (20) पत्नी इसरार रविवार दोपहर रसोई घर का दरवाजा बंद कर छल्ले में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। कमरे में मौजूद पति को इसकी जानकारी हुई तो किसी तरह दरवाजा खोल कर वह रसोई में पहुंचा। जहां पत्नी को लटका देख उसके होश उड़ गए। वह उसे नीचे उतारता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के साथ मृतका के मायके वालों को घटना की जानकारी दी। आत्महत्या के कारणों पर अभी घरवालों ने कुछ नही कहा है, वहीं पुलिस का मानना है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होने की बातें सामने आईं हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई करेंगे।

## युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी मचा कोहराम

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी एक युवक ने रविवार देरशाम फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

मिश्रा कॉलोनी निवासी संजीव सिंह का चंपापुरवा स्थित टावर वाली गली में एक मकान है। जहां उनका बेटा सूरज सिंह अपनी पत्नी रेसी का साथ रहता था। रविवार देरशाम सूरज ने कमरे में फांसी लगाकर खुदकशी कर ली। कुछ देर बाद पत्नी की नजर पड़ी तो उसकी चीख निकल गई। चीख सुन लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। फांसी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव फंदे से नीचे उतरवाया। इसके बाद पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूरज की मौत पर पिता संजीव, मां सीमा व पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि प्रथम दृष्टया पारिवारिक कलह के चलते युवक द्वारा खुदकशी करने की बात सामने आई है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है।



होली मिलन समारोह में समर्थकों के साथ निवर्तमान सांसद साक्षी महाराज। अमृत विचार

## होली के गीतों व भजन पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद साक्षी महाराज ने अपने आवास साक्षी धाम में होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें उन्होंने कहा कि होली पर भक्त प्रह्लाद से प्रेरणा लेकर ईश्वर से लगन लगाए रखनी चाहिए। रविवार को साक्षी धाम में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें पहुंचने वाले कार्यकर्ताओं को बैठाने के लिये टेंट लगाया गया था। निर्वतमान सांसद करीब डेढ़ बजे आवास से निकले और आयोजन स्थल पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को अपने साथ बैठया।

इसके साथ आए कलाकारों ने भजन व होली से संबंधित गानों से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद निवर्तमान सांसद ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पुरवा विधायक अनिल सिंह, सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर व मोहान विधायक ब्रजेश रावत के अलावा वेणुरंजन भदौरिया आदि मौजूद रहे।

## भट्ठा मजदूर के बेटे की पानी में डूबकर मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- खेलते समय गड्ढे में भरे पानी में डूबा, पुलिस बेखबर

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के गलगलाहा गांव में ईंट-भट्ठा मजदूर का दो वर्षीय बेटा खेलते समय पानी भरे गड्ढे में डूब गया। अन्य मजदूरों ने उसे उतराता देख बाहर निकाला और जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर लौट गए और अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गलगलहा गांव स्थित ईट भट्ठा में बिहार प्रांत के नवादा जिला अंतर्गत कौवाकोल थानाक्षेत्र के फरहा नगर गांव निवासी राम चंदर ईंट पाथने का काम करता है। वह परिवार



सहित भट्ठे पर ही रहता है। रविवार दोपहर वह पत्नी के साथ ईंट पाथने का काम कर रहा था। तभी उसका दो वर्षीय बेटा खेलते समय पानी के भरे गड्ढे में गिर गया। मजदूरों ने बच्चे को उतराता शोर मचाया। इसी बीच परिजन भी पहुंचे और बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन पोस्टमार्टम न कराने की बात कहकर शव लेकर लौट आए और भट्ठे में ही गड्ढा खोदकर बच्चे के शव को दफन कर दिया।

## दुर्घटना में युवक की मौत साथी को चोट तक नहीं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- गांव दाऊखेड़ा के पास युवक का शव मिलने का मामला

**अमृत विचार।** असोहा थाना क्षेत्र के गांव पाठकपुर निवासी युवक का शव गांव से कुछ दूर सड़क किनारे खेत में पड़ा मिला। युवक अपने एक साथी के साथ शनिवार को बाइक से वेयर हाउस से लौट रहा था। पुलिस युवक की मौत सड़क हादसे में होना मान रही है। लेकिन, परिजनों ने इसे लेकर संदेह जताया है।

पाठकपुर गांव के मजरा बबुरहा निवासी वीरेंद्र रावत (27) पुत्र शिवदयाल सोहरामऊ थानांतर्गत एक आनलाइन कंपनी के वेयर हाउस में ट्रक चालक था। शनिवार को वह काम पर गया था। जहां से वह काम खत्म कर बाइक से देर शाम पड़ोसी गांव निवासी सहकर्मी दीपू के साथ घर लौट रहा था। तभी उसकी फोन से अपने बहनोई रवि शंकर से बात हुई थी। सहकर्मी के गांव दाऊखेड़ा के पास ट्रैक्टर की टक्कर से उसकी मौत हो गई।

बहनोई के मुताबिक उसका शव सड़क से दूर खेत में पड़ा था। सहकर्मी दीपू को हादसे में चोट न आने व खेत में शव मिलने पर परिजनों ने संदेह जताया है। पुलिस ने रात में शव मोर्चरी में रखवा दिया था। रविवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया।

## मैसेज से बच्चों को स्कूल भेजने का किया आग्रह

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बेसिक स्कूलों में आज से शुरू होगा नया शिक्षा सत्र
- शिक्षकों के बीच कई दिन से वायरल हो रही प्रचार सामग्री

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में सोमवार से वर्ष 2024-25 शिक्षा सत्र की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ कक्षा एक में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने का शिक्षकों पर दबाव शुरू होगा। इसलिए शिक्षकों ने गढ़े हुए नारों के साथ सोशल मीडिया के जरिए लोगों तक जागरुकता स्टीकर पहुंचाने पर जोर देना शुरू कर दिया है।

शिक्षा के अधिकार के तहत अब छह वर्ष की उम्र में कक्षा एक में प्रवेश दिया जाना है। पिछले सत्र में बीएसए ने सैकड़ों शिक्षकों का वेतन रोकते हुए नामांकन कराने का दबाव बनाया था, जिस पर शिक्षक नेताओं ने प्रवेश की आयु सीमा बढ़ाए जाने




सोशल मीडिया में शिक्षक-शिक्षकाओं के बीच वायरल हो रहा स्टीकर।

का हवाला देकर गांवों में स्कूल न जाने वाले बच्चों की अनुपलब्धता का दावा किया था। उन्होंने अगले शिक्षा सत्र में नामांकन बढ़ने की बात कही थी।

विभाग ने इस बार शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले ही प्राथमिक शिक्षकों को जागरुकता स्टीकर उपलब्ध कराने शुरू कर दिया है। इन स्टीकर में जहां निःशुल्क शिक्षा व पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने की सुविधा बताई गई है। वहीं ड्रेस व बैग खरीदने को 1200 रुपए, गुणवत्ता युक्त मध्यांह्न भोजन, स्वच्छ व सुंदर परिवेश, प्रशिक्षित व योग्य शिक्षकों की उपलब्धता व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्धता की जानकारी दी गई है। प्राथमिक स्कूलों में शिक्षा का स्तर भले ही निचले स्तर का ठहराया जाता है, लेकिन विभाग सहित शिक्षकों ने स्कूल खुलने से पहले ही अपेक्षित नामांकन के लिए जद्दोजहद शुरू कर दी है। इसके लिए जहां शिक्षकों के बीच व्हाट्स एप पर स्टीकर फारवर्ड किए जाने लगे हैं। वहीं तकरीबन दो दर्जन नारों का आदान-प्रदान भी किया जा रहा है, जिनमें 'कोई न छूटे इस बार-शिक्षा है सबका अधिकार', 'हिंदू-मुस्लिम सिख-इसाई-मिलकर सब करें पढ़ाई', 'आधी रोटी खायेंगे-स्कूल जरूर जाएंगे', 'अब न करो अज्ञानता की भूल-हर बच्चे को भेजो स्कूल', 'हम भी स्कूल जाएंगे-पापा का मान बढ़ाएंगे' आदि नारे शामिल हैं। परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाएं इन नारों को नामांकन बढ़ाने के लिए शुरू होने वाले प्रचार अभियान के दौरान औजार के रूप में इस्तेमाल करेंगे।

## सार-संक्षेप



खेत में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

### यूकेलिप्टस के बाग और गेहूं के खेत में लगी आग

**हसनगंज उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के बिचपरी गांव के बाहर हाई वोल्टेज विद्युत लाइन के तार से निकली चिंगारी से यूके लिप्टस व गेंहू के खेत में आग लग गई। सूचना पर पुलिस ने दमकल व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बिचपरी गांव निवासी रामलाल के एक बीघा यूके लिप्टस के बाग में एचटी लाइन से निकली चिंगारी गिरने से आग लग गई। देखते ही देखते आग फैलते हुए पड़ोस के मनोज कनौजिया के गेहूं के खेत में भी पहुंच गई। ग्रामीणों ने पुलिस व दमकल को सूचना दी। जिससे मौके पर पहुंचे पुलिस व दमकल विभाग ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि समय रहते दमकल व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया है।

### शार्टसर्किट होने से चलती कार में लगी आग

**सफीपुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के सफीपुर-परियर मार्ग स्थित हाते बाजार चौराहा पर शनिवार देर शाम चलती कार में शार्टसर्किट होने से अचानक आग लग गई। कार धू-धूकर जलने लगी। आग विकराल रूप धारण करती इससे पहले चालक उसकी पत्नी व बच्चे बाहर निकल आए। जिससे उसकी जान बच गई। कार चालक ने आग बुझाने के लिए मदद की गुहार लगाई। जिस पर मौजूद लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। लेकिन, तब तक कार जलकर खाक हो गई थी। शनिवार को कानपुर के मोहल्ला दादा नगर निवासी शानू अपनी कार से पत्नी, बच्चों व अन्य रिश्तेदारों के साथ अपनी सुसराल नगर के मोहल्ला मंगल बाजार निवासी अब्बन पुत्र मंजूर अली के यहां इफ्तार पार्टी में आये थे। देरशाम वह अपने घर लौट रहे थे। तभी कार में अचानक आग लग गई। जिसमें कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गये। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि कार में आग लगने का मामला संज्ञान में आया है। जांच करने पर पता चला कि उसमें सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।



धू-धूकर जलती कार। अमृत विचार

## गौरव की गेंदबाज़ी से अन्नपूर्णा क्लब धराशायी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** ज़िला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अनिल कुमार सिन्हा मेमोरियल चैलेंजर ट्रॉफी टूर्नामेंट का पहला मैच पुलिस क्लब व अन्नपूर्णा क्लब के बीच खेला गया। इसमें पुलिस क्लब ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में नौ विकेट पर 183 रन बनाए। मनीष यादव ने सात चौकों व चार छक्कों की सहायता से 83 और प्रशांत ने 32 रन बनाए।



आयोजकों के बीच विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

अन्नपूर्णा क्लब के नवीन अवस्थी ने चार व मनीष ने दो और आदिल ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे अन्नपूर्णा क्लब के बल्लेबाजों पर गौरव भड़ाना की धारदार गेंदबाज़ी ने शुरुआत से ही खौफ कायम कर दिया था। अन्नपूर्णा क्लब की पारी मात्र 64 रन पर ही सिमट गई। गौरव ने 18 रन देकर चार खिलाड़ियों को पवेलियन वापस भेजा। जबकि अमित को दो और सुशील, सौरभ, अंकित व प्रशांत को एक-एक विकेट पाने में सफलता मिली। मैच संपंन कराने में नवीन सिन्हा, साकिर हुसैन, विकास सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव शंकर, सुभाष त्रिवेदी, अबरार, पंकज मिश्रा, यथार्थ, एकांश, करुण्य मिश्रा व सुनील बाबू आदि ने सहयोग किया।

## अध्यापकों के देयों का एक साथ भुगतान करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल ( पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने पिछले वर्षों की तरह शिक्षा सत्र 2023-24 में सेवानिवृत्त होने वाले सभी 52 शिक्षकों को एक साथ सभी देयों का भुगतान कराने पर जोर दिया है। इसके लिए उन्होंने सीडीओ सहित बीएसए से भी मुलाकात की है। संघ के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय कनौजिया ने बताया कि सेवानिवृत्त शिक्षकों में शामिल एनपीएस के अंतर्गत आने वाले पांच शिक्षकों को भी अन्य लोगों के साथ भुगतान दिलाने के लिए प्रांतीय नेतृत्व की अपर निदेशक पेंशन एवं कोषागार से भी बातचीत जारी है।

संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, जिला महामंत्री अवनीश पाल, जिला कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद नारायण मिश्र व दिलीप अवस्थी आदि ने प्रांतीय पदाधिकारी के प्रति आभार जताया है।

**जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला** चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी के मरीज पहुंचे

## मेले में 61 मरीजों का परीक्षण कर दी गईं दवाइयां

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ। जहां नगर व आसपास रहने वाले लोग पहुंचे। इस दौरान डॉक्टरों ने उनका परीक्षण किया। जिसके बाद उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गईं।

रविवार को जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन नगर के राजधानी मार्ग स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

जहां नगर व आसपास रहने वाले लोग पहुंचे। मेले में एलोपैथिक व आयुर्वेदिक डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि सचान, डॉ. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां



मेले में डॉक्टरों से परामर्श लेते मरीज। अमृत विचार

बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 61 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे।

वहीं पिछले रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेले का आयोजन नहीं हुआ था। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पीएसी के स्वास्थ्य कर्मियों को फटकार लगाई थी। जिस पर रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया और मरीजों को दवाइयां दी गई।

### स्वास्थ्य मेलों में पहुंचे 1968 मरीज

**उन्नाव।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में पेट दर्द , बुखार और त्वचा रोग से पीड़ित मरीजों की भरमार रही। इनकी जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हे जरूरी दवाएं देने के साथ बचाव के उपाय बताए। जन आरोग्य मेले में बुखार और पेटदर्द मरीज अधिक रहे। डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवा और रोगों से बचाव की सलाह दी। जिले के सभी पीएचसी में रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें पहुंचे मरीजों की जांच कर दवाएं दी। सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि मेले में पेट दर्द के 187, बुखार के 53, सांस के 61, त्वचा संबंधी 214 सहित कुल 1968 पहुंचे।

## ओम प्रकाश अध्यक्ष व हरिपाल बने सचिव

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- भाविप की ओर से आयोजित हुआ दायित्व ग्रहण समारोह
- चुनाव अधिकारी ने परिषद के क्रियाकलापों पर चर्चा की

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा श्री मोटेश्वर महादेव सफीपुर का दायित्व ग्रहण समारोह प्रांतीय अध्यक्ष विमलेश शंकर अवस्थी की भागीदारी में चुनाव अधिकारी गोविंद सिंह की देखरेख मंट संपन्न हुआ। इससे पूर्व भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसमें ओम प्रकाश गुप्ता किरण को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं हरिपाल सिंह को सचिव व संजीव गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

भारत विकास परिषद द्वारा दीप भव्य समारोह में सर्वप्रथम भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पष्प अर्पित किये गए। दीप प्रज्वलन वयोवृद्ध दिवाकर द्विवेदी ने किया। इसमें भारत विकास परिषद के चुनाव अधिकारी गोविंद सिंह ने परिषद के क्रियाकलापों पर चर्चा की। प्रांतीय अध्यक्ष विमलेश शंकर अवस्थी ने सामाजिक शूरवीरों पर वक्तव्य देते हुए कहा कि समाज हित में परिषद की भागीदारी महत्ता को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने विविध प्रकरण जागो भारत, लेखन प्रतियोगिता, हृदय व आंख, आदि कैंपों की जरूरत पर बल दिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मौजूद लोगों में राकेश गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, सतीश गुप्ता, उत्तम निषाद, राजीव तूफानी, उमेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।



सफीपुर भारत विकास परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### तमंचा व कारतूस सहित पकड़ा गया युवक

**आसीवन।** बरौंकी गांव की गहरु बाग पुलिया के पास चेकिंग के दौरान आसीवन पुलिस ने ऊदसाह गांव निवासी कमल वर्मा पुत्र रज्जन लाल को मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया। जामातलाशी में उसके पास से तमंचा व कारतूस मिला। इस पर रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया।

### छात्रा ने दबंगों पर मारपीट का आरोप लगाया

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव रसूलाबाद जोगीकोट निवासी सुधा पुत्री रमेश ने बांगरमऊ पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 28 मार्च की सुबह करीब 10 बजे वह एयरपोर्ट अथॉरिटी की प्रतियोगी परीक्षा देने जा रही थी। रास्ते में उसके गांव निवासी मां-बेटा व दो अन्य साथियों ने उसे बाइक की टक्कर मारकर गिरा दिया और गालीगलौज करने के साथ उससे मारपीट भी की। उसका आरोप है कि पिटाई से वह बेहोश हो गई। करीब दो घंटे बाद उसे बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल में होश आया। पीड़िता ने बांगरमऊ कोतवाली पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# चर्च में धर्मांतरण की सूचना मिलने पर अजगैन पुलिस पहुंची, की जांच-पड़ताल

## हिंदू संगठनों ने की कार्रवाई की मांग, पुलिस ने कहा-सत्यता मिली तो लेंगे एक्शन

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित एक चर्च में हो रहे धार्मिक आयोजन में धर्मांतरण होने की हिंदू संगठनों की शिकायत पर देर रात पुलिस ने जांच की। जहां उसे प्रार्थना होती मिली। वहीं रविवार को इसी मामले को लेकर हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने अजगैन पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर चर्च से जुड़े ईसाई मिशनरी द्वारा संचालित एक विद्यालय की समिति पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

बता दें कि गुड-फ्राईडे पर हर वर्ष कस्बा में चर्च से जुड़े एक कॉलेज में प्रार्थना सभा होती है। इसमें धर्मांतरण होने की सूचना कोतवाली पुलिस को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को दी गई। उन्होंने क्षेत्र के रामपुर, सेवरा, जगदीशपुर, जैतीपुर, सेमरा, भटपुरा, सेरसा, लालाखेड़ा आदि गांवों में धर्मांतरण होने का आरोप भी लगाया। अजगैन एसएचओ फोर्स के साथ कालेज पहुंचे और जांच की। जहां धार्मिक कार्यक्रम होते मिले। इस पर पुलिस रात 3 बजे वापस लौट आई। सूत्र बताते हैं कि संगठन के लोग सक्रिय रहे। इसी बीच एक बस कानपुर के गंगा बैराज के पास पकड़ी गयी और उसमें मौजूद अजगैन क्षेत्र के एक युवक ने धर्मांतरण के लिये लाए जाने की बात कबूल की। इसकी रिपोर्ट भी वहां दर्ज की गई है। रविवार को हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी अजगैन कोतवाली पहुंचे और धर्मांतरण कराने वाले विद्यालय समिति से जुड़े लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। रात में भी जांच हुई थी। उस समय तो वहां ऐसा कुछ नहीं था। कानपुर में एफआईआर दर्ज हुई है। सत्यता मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


कोतवाली प्रभारी को प्रार्थनापत्र देते हिंदू संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार


कोतवाली प्रभारी से वार्ता करते हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री।

# पुलिस के प्रयास से एक हुए 25 जोड़े

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** आपसी मनमुटाव के बाद थाना-कोतवालियों तक पहुंचे पति-पत्नियों के विवाद को सुलह समझौता से निस्तारित कराने के लिए जारी मुहिम के तहत रविवार को परिवार परामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्क में विवादित जोड़ों को बुलाया गया। दंपतियों व उनके परिजनों की काउंसिलिंग के बाद 25 जोड़े गिले शिकवे भूल फिर साथ-साथ हुए।

पति-पत्नी के बीच के आई दरार पाटने के लिए एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन परिसर में परिवार परार्मश केंद्र व थानों कोतवालियों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आपस में वार्ता कराई। इसके बाद 25 जोड़ों को शुभकामनाएं देकर विदा किया गया। इसमें परिवार परामर्श केंद्र से 10, महिला थाना से आठ, सदर व बांगरमऊ कोतवाली, बेहटा मुजावर, औरास, बीघापुर व सफीपुर कोतवाली व गंगाघाट कोतवाली से एक-एक जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। जिसमें डॉ. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में डॉ. मनीष सिंह सेंगर, डॉ. शशि रंजना अग्निहोत्री, डॉ. एसके पांडेय, डॉ. अबसार अली व डॉ. सगीर अहमद सहित परिवार परामर्श केंद्र निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, एसओ महिला थाना अर्चना, दरोगा मधु श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल मिथिलेश कुमारी, अंजूला त्रिपाठी, अंशू रानी, आंचल, मीनू, साधना, प्रीति, पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह, चिंतन, नीलम, गिरजा, राधिका, आंकाक्षा का विशेष योगदान रहा।


जोड़े को मिठाई खिलाते परामर्शदाता। अमृत विचार

### वामा सारथी ने मनाया होलिकोत्सव

**उन्नाव।** पुलिस फेमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के तत्वावधान में होलिकोत्सव मनाया गया। इसमें पुलिस लाइन परिसर निवासी परिवारों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। रंगोली बनाकर रंगों के महत्व को दर्शाने के साथ विविध रंगों से जीवन संवारने का संदेश दिया गया।

# संचारी रोग की रोकथाम को लेकर चर्चा

- शासन के निर्देश पर पालिका कार्यालय में पालिका व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक हुई
- एसडीएम बोले-अप्रैल माह में पालिका के सभी वार्डों में चलेगा विशेष सफाई अभियान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान व संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण पर कार्यवाही हेतु शासन के निर्देश पर रविवार को पालिका कार्यालय में पालिका व स्वास्थ्य विभाग की एक संयुक्त बैठक हुई। जिसमें संचारी रोग की रोकथाम को लेकर चर्चा हुई।

शासन के निर्देश पर 1 से 30 अप्रैल के बीच संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जाएगा। जिसे देखते हुए रविवार को पालिका कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रभारी चिकित्साधिकारी पीएचसी डॉ. रवि कुमार सचान पहुंचे। बैठक में एसडीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने बताया कि अभियान को देखते हुए अप्रैल माह में पालिका के सभी वार्डों में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

डॉक्टरों ने बताया कि वेक्टर जनित रोग के तहत डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार आदि रोग के गर्मी के मौसम में पनपते हैं। जिससे आमजनमानस की जान को खतरा होता है। इसके लिये क्षेत्र में एंटी लार्वा और फागिंग कराने को कहा। सफाई कर्मियों और सफाई नायकों को निर्देश देते हुए कहा कि पालिका के सभी कर्मचारी वार्डों के अलावा फोरलेन, सार्वजनिक स्थलों पर फैली गंदगी को समय रहते साफ करें।


संचारी रोग नियंत्रण को लेकर पालिका में बैठक की गई। अमृत विचार

# चित्रकूट के युवक से लूट करने वाले दो पकड़े गए

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** चित्रकूट निवासी युवक को बीते शनिवार सुबह गंगाघाट कोतवाली के अंतर्गत ई-रिक्शा चालक गुमराह कर शुक्लागंज ले आया था। इसके बाद उसने अपने एक साथी के साथ गंगा बैराज मार्ग पर लूट लिया। पुलिस ने मामले के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

चित्रकूट के थाना राजापुर के गौहानी कलां निवासी संतोष पुत्र नरेश ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि वह 29 मार्च को ट्रेन से कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंचा था। भोरपहर वह कानपुर के पनकी निवासी फुफेरे भाई के घर जाने के लिए एक ई-रिक्शा में बैठा। बताया कि ई-रिक्शा चालक उसे काफी देर तक इधर उधर घुमाता रहा फिर वह उसे शुक्लागंज ले आया। जहां उसने एक साथी को फोन कर बुलाया और रिक्शा में उसे भी बैठाकर बैराज मार्ग के ट्रांस गंगा सिटी पहुंचा। जहां सुनसान जगह देख उन लोगों ने उसे चाकू दिखाई और जमकर पीटा। इसके बाद उसकी जेब में रखे 2500 रुपये, आधार कार्ड, एटीएम, मोबाइल आदि छीन कर शुक्लागंज की ओर भाग निकले।

इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर रविवार को मुखबिर की सूचना पर इटावा जिला के थाना भरथना गांव रमाईनपुर के विशाल पुत्र राकेश गुप्ता व उसके साथी कानपुर रोटी गोदाम निवासी सुनील पुत्र शम्भू दयाल को गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से लूट के माल में 2000 नकद, आर्टीफिशियल चेन, एटीएम, लूट में प्रयुक्त चाकू, ई-रिक्शा बरामद कर लिया गया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया है।


एसएसएम गंगानगर में पुरस्कृत मेधावीछात्र-छात्राएं व पदाधिकारी। अमृत विचार

# मेधावी छात्रों को किया गया पुरस्कृत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला पोनी रोड गंगानगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम रविवार को आयोजित हुआ। इस दौरान सैकड़ों अभिभावकों की मौजूदगी में मेधावियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

गंगानगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को प्रबंधक राकेश सिंह व ओमप्रकाश निषाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधानाचार्य डा. अनुपम सिंह ने प्ले ग्रुप से कक्षा 5 तक के बच्चों का परीक्षाफल घोषित किया।

प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में 1527 बच्चे परीक्षा में पास हुए हैं। जिसमें 1317 बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जहां 181 ने परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं 23 को द्वितीय स्थान मिला। इसके अलावा बस्ता प्रतियोगिता, वेश प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिताओं में सफलता पाने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मालती, प्रवीण, संजय, प्रेमशंकर, गोविंद, प्रहलाद, वंदना, वर्षा, रत्ना, कृतिका आदि रहीं।

# 45 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे, वसूले 4.25 लाख रुपये

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाया। इसमें गली-मोहल्लों में घूम-घूमकरकी करीब 4.25 लाख रुपये का राजस्व वसूला गया। वहीं तीन दर्जन से अधिक बड़े बकायेदारों के कनेक्शन भी काटे गये।

एक्सईएन के निर्देश पर एसडीओ राजेंद्र प्रसाद ने शुक्लागंज के नगर क्षेत्र में मार्च माह के अंतिम दिन अभियान चलाया। जिसमें जेई विष्णु शुक्ला, अक्षय तिवारी, टीजी-टू अनुराग पाल, वीरेंद्र प्रताप सिंह के अलावा ब्रजेश कुमार पिंटू आदि ने चंपापुरवा, मिश्रा कालोनी, गोताखोर, सीताराम कालोनी, मदनी नगर, आनंद नगर, ऋषि नगर, गोपीनाथपुरम, नेहरू नगर, अंबिका पुरम, गायत्री नगर, गांधी नगर, इंद्रा नगर, प्रेम नगर, शक्ति नगर आदि मोहल्लों में अभियान चलाया। इसमें करीब 4.25 लाख का राजस्व वसूला गया। वहीं 45 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गये।


सीताराम कॉलोनी में बकाये बिल की जांच करते कर्मचारी। अमृत विचार

# होली मिलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, गले लगे


ऋषि नगर में होली मिलन पर होता फाग। अमृत विचार


जनकल्याण समिति के कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

- गोपीनाथ पुरम जन कल्याण समिति ने कराया कार्यक्रम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर की गोपीनाथ पुरम जन कल्याण समिति द्वारा बीते साल की तरह इस बार भी रविवार को राजमार्ग स्थित गीता अतिथि लान में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें समिति पदाधिकारियों व सदस्यों ने होली त्योहार मनाते हुए एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और शुभकामनायें दीं। इस दौरान राधा-कृष्ण की झांकियां भी प्रस्तुत की गईं। वहीं, कलाकारों ने फूलों की होली के साथ मनोहारी प्रस्तुति दी। इस दौरान हो रहे फाग की मस्ती में लोगों ने ठंडाई का भी आनन्द लिया। इस दौरान केदारनाथ तिवारी, शशि प्रभा तिवारी, अंजनी अग्निहोत्री, डीसी शुक्ल, आरके यादव, विमलेश बाजपेयी, श्रीप्रकाश मिश्रा, कमलाकांत त्रिपाठी, रामप्रकाश, दुर्गा तिवारी, सूर्यकुमार बाजपेयी, नंद किशोर मिश्रा, अशोक तिवारी आदि रहे।

### ठंडाई पीकर लोगों पर छाई मस्ती

**शुक्लागंज।** नगर के मोहल्ला ऋषि नगर में बीते वर्षों की तरह इस बार भी श्याम मनोहर तिवारी, पूर्व सैनिक विजय तिवारी व संजय तिवारी ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें नामचीन फाग गायकों ने होली गीत गाकर समा बांध दिया। होरियारे राधा संग खेले कान्हा ब्रज में होली गीत पर झूम उठे। वहीं होली खेले मसाने में आदि गीत भी गाये गये। कार्यक्रम में ठंडाई वितरण भी हुआ। जिसमें आये लोग ठंडाई पीकर मस्ती में झूम उठे। आयोजकों ने फाग गाने वाली टोली को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रद्युम्न मिश्रा, देवी चौटाला, राजेंद्र अवस्थी, प्रमोद त्रिवेदी, हरिओम पांडेय, अंशुमान तिवारी, अमित शुक्ला, सोनू सिंह, अनिल त्रिवेदी आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### वाहन की टक्कर से बच्चे समेत तीन लोग घायल

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव हयात नगर भौंरा निवासिनी प्रभा (21) पुत्री रामलाल बाइक पर भतीजे सोनू (12) पुत्र संतोष व भाई शिवराज की बेटी कनक (6) को बैठाकर गांव से रिश्तेदारी में हरदोई जा रही थी। तभी रास्ते में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें युवती व दोनों बच्चे गंभीर घायल हो गए। लोगों ने तीनों को गंजमुरादाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवती को गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर यातायात विभाग के अधिकारियों ने लोगों से आह्वान किया है कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने के लिए वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना यकीनी बनाएं।

### बाइक सवार बदमाशों ने युवक का मोबाइल छीना

**शुक्लागंज।** उन्नाव शहर के मोहल्ला लोक नगर जुराखनखेडा निवासी आशीष तिवारी ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार को वह अपनी पत्नी के साथ शुक्लागंज आए हुए थे जहां रात लगभग साढ़े 9 बजे वह बाइक से वापस जा रहे थे तभी सहजनी के पास तीन बाइक सवारों ने आगे बाइक लगाकर उसे रोक लिया। धमकाते हुए उसकी जेब में पड़ा मोबाइल छीनकर फरार हो गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है और जल्द ही मोबाइल लुटेरे को पकड़ने का आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जाएगा।

### आज नेहरू नगर व साकेतपुरी में आठ घंटे नहीं आएगी बिजली

**शुक्लागंज।** विद्युत विभाग द्वारा नेहरू नगर व साकेतपुरी में ट्रांसफार्मरों के रखरखाव के चलते 100 केवीए व 630 केवीए ट्रांसफार्मरों के जर्जर कंडक्टर बदले जाने हैं। जिससे सुबह 10 से शाम 6 बजे तक इन क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी एसडीओ राजेंद्र प्रसाद ने दी।

त्योहार का उल्लास

इंडियन आइडल विजेता वैभव के गीतों पर दर्शकों ने लगाए ठुमके, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने आयोजित कराया होली मिलन समारोह

# वैभव ने होलिया में उड़े रे गुलाल...पर दर्शकों को जमकर झुमाया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर स्थित सिया कंटीनेंटल में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन द्वारा आयोजित 'होली के रंग इंडियन आइडल विजेता वैभव गुप्ता के संग' कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने गायक कलाकार का अभिनंदन किया। उन्होंने 'ओ खाइके पान बनारस वाला' व 'रंग बरसे भीगे चुनर वाली' आदि गीत सुनाकर श्रोताओं को उत्साह से भरकर ठुमके लगाने को मजबूर कर दिया। टीवी शो के दौरान हौसला आफजाई करने वाले ननिहाल (उन्नाव) के लोगों के प्रति कलाकार ने आभार भी जताया।

वैभव के माइक संभालने से पहले फैमिली अंताक्षरी के विजेता अमित त्रिवेदी ने गायिका शैलजा के साथ मिलकर 'होलिया में उड़े रे गुलाल' गीत सुनाते हुए होली मिलन समारोह का माहौल बनाया। वहीं श्रोताओं से रूबरु होते हुए वैभव ने कहा कि शो के दौरान वोट देकर कामयाबी दिलाने वाले उन्नाव जिले के वह शुक्रगुजार हैं। साथ ही हौसला बढ़ाने वाले शो के दर्शकों के सामने गीत सुनाने का मौका देने वालों के प्रति भी आभार जताया। साथ ही राधा-कृष्ण की झांकी के साथ सभी ने फूलों की होली भी खेली। मु ख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कलाकार को शुभकामनाएं दीं, जबकि आयोजन प्रमुख व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष अमित मिश्र व ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भी कलाकारों के अबीर-गुलाल लगा शुभकामनाएं दीं। संगठन के महामंत्री महामंत्री विशाल गुप्ता, डा. मनीष सिंह सेंगर, अश्वनी गुप्ता, आशीष दीक्षित, मनीष तिवारी, मृत्युंजय जायसवाल, हरिओम आदि ने अतिथियों के साथ मिलकर गायक कलाकार को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किया। मुम्बई से आईं माडल कनिष्का, रजत, डीजे जेनी व अंशिका सिंह की टीम को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राघवेंद्र सिंह, मो. युसूफ, जीतेंद्र दीक्षित, मनीष तिवारी, अंशुमान यादव, आरती यादव, अनामिका सिंह, प्रतीक सिंह, मो. फैज, प्रखर गुप्ता व आशीष निगम आदि मौजूद रहे।


गीत प्रस्तुत करते वैभव गुप्ता। अमृत विचार


वैभव के गीतों पर झूमते दर्शक। अमृत विचार

# महिला ने जेठ पर लगाया मकान कब्जाने का आरोप

- महिला की तहरीर पर पहुंची पुलिस ने दिलाया कब्जा

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** ससुराल के मकान में कब्जे के विवाद को लेकर पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के बाद एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने फोर्स के साथ मौके का निरीक्षण किया और समझौता कराते हुए महिला को उसका हिस्सा दिलाया। महिला के पति की मौत हो चुकी है।

बेहटा मुजावर थानांतर्गत अटवा गांव की जीवनी वर्मा ने बीती 15 मार्च को डीएम व एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उनके पति धर्मेंद्र सिंह उप्र सहकारी ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड शाखा पिहानी जिला हरदोई की ब्रांच में शाखा प्रबंधक थे। 21 मई-2021 को उनकी मौत हो गई थी। उसे मृतक आश्रित में नौकरी मिली है। पति द्वारा अपनी कमाई से गांव में एक मकान बनवाया गया था। 6 फरवरी को वह मकान में ताला डालकर चली गई थी। 13 मार्च को उसके जेठ ने मकान पर कब्जा कर लिया। 14 मार्च को उसने बेहटा मुजावर थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों में सुलह करा दी थी। लेकिन, जेठ ने मकान पर उसे कब्जा नहीं दिया। पति की मौत के बाद जेठ ने ससुर से अपने तीन बेटों के नाम वसीयत करा ली है। जिसका वाद सहायक चकबंदी अधिकारी गंजमुरादाबाद व दीवानी कोर्ट में लंबित है। एसडीएम नर्मता सिंह के निर्देश पर शनिवार को नायब तहसीलदार दीपक गौतम व एसओ फूल सिंह फोर्स व राजस्व टीम के साथ वहां पहुंचे और दोनों पक्षों मे लिखित सहमति पर महिला को उसके हिस्से पर कब्जा दिलाया। नायब तहसीलदार ने बताया कि सहमति पर महिका को उसके हिस्से पर कब्जा दिलाया गया है।



21वां रोजा

शिया
सहरी : 04.24 बजे
इफ्तार : 06.33 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.28 बजे
इफ्तार : 06.24 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# शिवगढ़ राजमहल में तेलुगु फिल्म मिस्टर बच्चन की हो रही शूटिंग

अंगद राही

»» छापा मारकर काला धन बरामद करने का फिल्माया जायेगा दृश्य

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** शिवगढ़ राजमहल महेश विलास पैलेस में चल रही तेलुगु फिल्म की शूटिंग को लेकर नगरवासियों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। गौरतलब हो कि इन दिनों महेश विलास पैलेस में तेलुगु फिल्म मिस्टर बच्चन की शूटिंग चल रही है, जो शिवगढ़ नगर पंचायत वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। फिल्म में अभिनेत्री के रूप में भाग्यश्री नजर आयेंगी। अभिनेता रवी तेजा इनकम टैक्स ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे।

वहीं विलेन की भूमिका निभा रहे जगपति बाबू कद्दावर नेता के रूप में नजर आएंगे। फिल्म में इनकम टैक्स ऑफिसर की भूमिका निभा रहे अभिनेता रवी तेजा अजय देवगन की फिल्म रेड की तरह ही राजनेता जगपती बाबू यहां राजमहल में रेड डालते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म में इण्डियन नेशनल पार्टी के कद्दावर नेता की भूमिका निभा रहे जगपती बाबू के यहां डाली जाने वाली रेड में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को राजमहल से भारी तादाद में काला धन बरामद होगा।



शिवगढ़ स्थित राजमहल महेश विलास पैलेस। अमृत विचार

## पांच प्रमुख इकाइयों में शामिल है राजमहल

उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा वर्ष 2018 में पर्यटन इकाई के रूप में घोषित शिवगढ़ राजमहल महेश पैलेस यूपी के पांच प्रमुख इकाइयों में शामिल है। इसके अलावा मुक्ता पैलेस अयोध्या, मेला कोठी चंबल सफारी आगरा, इलाहाबाद रेजिडेंसी इलाहाबाद, जीआरएस पैलेस चरखारी, ख्वाब रेजिडेंसी माल एवेन्यू लखनऊ आदि है। महेश विलास पैलेस पिछले 2 दशक से पर्यटन केंद्र बना हुआ है। 1942 में तैयार हुआ पैलेस लखनऊ से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित महेश विलास पैलेस का निर्माण 1942 में हुआ था। महेश विलास पैलेस फिल्म इंडस्ट्री को काफी रास आ रहा है। वर्ष 2003 में शुरू हुआ धारावाहिकों, फिल्मों, बेवसिरीजों की शूटिंग का सिलसिला लगातार चलता चला आ रहा है। सबसे पहले टीवी चैनल के धारावाहिकों की शूटिंग शुरु हुई, फिर भोजपुरी फिल्म निर्माताओं ने शूटिंग की। जिसके बाद बॉलीवुड के सितारों ने चमक बिखेरी। राजमहल में अब तक भोजपुरी फिल्म नेहिया सनेहिया, शक, माटी धारावाहिक, रक्त भूमि धारावाहिक, सैफ अली खान की फिल्म बुलेट राजा, विक्रम वेदा, गांधीगिरी, भोजपुरी फिल्म गदर, अजय देवगन की मशहूर फिल्म रेड, जैकी श्रॉफ की फिल्म प्रस्थानम, जॉन इब्राहिम की फिल्म सत्यमेव जयते 2, भोजपुरी जबरिया जोड़ी कलाइयां, वेब सीरीज मिर्जापुर-टू आदि की शूटिंग हो चुकी है।

शिवगढ़ राजमहल में फिल्म की शूटिंग होने से स्थानीय व्यापारियों की आय में बढ़ोतरी होने के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। फिल्म की शूटिंग को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है।

## एक नजर

### बच्चों को बांटे गए अंक पत्र

**सरेनी, रायबरेली।** शनिवार को परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम अंक पत्रों का वितरण किया गया। प्राथमिक विद्यालय गुलालपुर के प्रधानाध्यापक सुबोध सिंह ने बताया कि 20 बच्चों को परीक्षा परिणाम अंक पत्र बांटे गए हैं। इसमें कक्षा 5 के चार कक्षा चार के पांच तीन के पांच व दों के छह बच्चों को अंक पत्र दिए गए है। प्राथमिक विद्यालय धामपुर में 36 में से 35 बच्चों को अंक पत्र बांटे गए यहां अभिभावकों की बैठक भी हुई। प्राथमिक विद्यालय पूरे पांडे में 16 बच्चों को अंक पत्र दिए गए।

### आरोग्य मेले में 73 मरीजों का किया गया उपचार

**जगतपुर रायबरेली अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों द्वारा 73 मरीजों का परीक्षण कर औषधियां प्रदान की गयी। रविवार को जगतपुर विकास क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर सुफैल अहमद द्वारा की गई। आरोग्य मेले में 73 मरीज ने पंजीकरण कराया जिसमें खांसी जुखाम, बुखार, शुगर, बीपी हाइपरटेंशन, एनीमिया आदि के मरीज ने उपचार करवाया डॉक्टर सुफैल अहमद ने बताया कि आए हुए मरीजों का उपचार किया गया है। तथा उपचार के बाद उसे मरीजों को नि:शुल्क दवाएं वितरण की गई।

### एलेन कोटा ने आयोजित की करियर संवाद कार्यशाला

**रायबरेली।** स्थानीय होटल में एलेन कोटा द्वारा छात्रों के लिए करियर संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिन कुमार गुप्ता सीनियर बॉटनी प्रवक्ता ने छात्रों को उनकी योग्यता के अनुसार प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कैरियर गाइडेंस के साथ-साथ आईआईटी व नीट के क्षेत्र में जागरूक करना था। इसी के साथ-साथ उन्हें एलेन डिजिटल ऐप की भी जानकारी दी गई व प्रोजेक्टर के माध्यम से एलेन का इतिहास बताने का प्रयास किया गया। एलेन का मुख्य उद्देश्य ढाई करोड़ से भी ज्यादा छात्रों को 2030 तक पढ़ाने का है।

# आमने-सामने दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, मचा कोहराम

»» शव घर पहुंचते ही परिवार वाले बिलखने लगे

खीरों, रायबरेली।

**अमृत विचार।** शनिवार को सुबह क्षेत्र के गांव किशुनखेड़ा का निवासी एक युवक पंजाब प्रांत के मलेर कोटला में अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। रास्ते में आमने-सामने दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई जिससे युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। रविवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया। मृतक की मां जवान बेटे के शव को देखकर बदहवास हो गई। सोमवार को शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।



मृतक के गमगीन परिजन। अमृत विचार

मृतक के परिजनों ने बताया कि किशुनखेड़ा निवासी अरुण द्विवेदी पुत्र रामबाबू द्विवेदी पंजाब प्रांत के मलेर कोटला में प्राइवेट नौकरी करता था। रोज की तरह शनिवार को सुबह वह बाइक द्वारा अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। घर से कुछ ही दूर पर एक अंधे मोड़ पर सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार युवक ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुए अरुण द्विवेदी की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। रविवार को सुबह शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया।

### शादी से पहले बेटे की उठी अर्थी

किशुनखेड़ा निवासी मृतक अरुण द्विवेदी पुत्र रामबाबू द्विवेदी की दो महीने बाद शादी होनी थी। मां सुनीता द्विवेदी सहित सभी परिजन बिलख कर यही कह रहे थे कि बेटे के सिर पर सेहरा सजने से पहले ही उसकी अर्थी उठ गई। माता-पिता ने बड़े अरमानों से बेटे की शादी की सारी तैयारियां शुरू कर दी थी, लेकिन उन्हें क्या पता था कि शादी से पहले ही बेटा काल के गाल में समा जाएगा।

## परीक्षा फल पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के ऐहार मंज़रे बाल्हेमऊ गांव स्थित ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया। परीक्षा फल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। अपनी-अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। विद्यालय के संस्थापक स्वदेश यादव ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन क्षेत्रीय बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु प्रताप यादव की अगुवाई में प्रशिक्षित शिक्षकों का स्टॉफ बच्चों के पठन-पाठन में कोई कोर कसर नहीं छोड़ता है। आयोजित समारोह में विद्यालय के प्रबंधक केशव प्रसाद यादव, प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह, पीआरओ दिव्यांशी तिवारी, प्रज्ञा, आलोक पाल, महलका अकबर, निधि निर्मल, मानसी निर्मल, चांदनी सिंह, महिमा शर्मा, प्रियांशी, नीतिका, रोशनी, अंजली पांडेय, कौशिकी बाजपेई, आंचल वाजपेई, वंदना साहू, मुस्कान सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

## शिविर में स्काउट-गाइड ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** दीन शाह गौरा ब्लॉक के इस्माइलमऊ में स्काउट और गाइड का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर एवं दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसकी शुरूआत हार्स शू तरीके से खड़े होकर ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना झण्डा गीत, राष्ट्रगान व कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा की जानकारी देने से हुई। निराला स्काउट दल को तीन टोलियों में व दुर्गावती गाइड कम्पनी को एक टोली में विभाजित करके उनके कर्तव्यों का निर्धारण किया गया।

प्रशिक्षण शिविर एवं दीक्षा कार्यक्रम भारत स्काउट गाइड संस्था के सचिव शत्रुघ्न सिंह एवं कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन में हुआ। प्रशिक्षण में स्काउट व गाइड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जीवन जीनें और देश व समाज के लिए इसकी उपयोगिता व स्काउट गाइड के कर्तव्यों व संस्था से जुड़ने के बाद मिलने वाली जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया गया।

स्काउट गाइड द्वारा आपसी सहभागिता से बाटी चोखा बनाया गया। साथ ही टेंट निर्माण भी किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में दीक्षा कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर लड्डू खिलाया गया। शपथ दिलाकर बैज देकर दीक्षा प्रदान की गयी। स्काउट दल को स्काउट मास्टर डॉ. बलवंत सिंह व गाइड को सुमन यादव ने दीक्षा प्रदान कराई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. बलवंत सिह ने आये हुए अतिथियों को प्रतीक चिन्ह के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेश कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया।

# दुष्कर्म के बाद की गई थी युवती की हत्या, तीन को जेल

»» शराब के नशे में धुत थे आरोपी युवती के सिर पर वार कर उतारा था मौत के घाट

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शराब के नशे में धुत तीन आरोपियों ने युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे उसके ही दुपट्टे से गला कस कर उसकी हत्या कर दिया था। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे झब्बा नरेंद्रपुर गांव में शुक्रवार को युवती का शव नग्न अवस्था में उसके घर के कमरे में मिला था। घटना के बाद युवती की दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई थी।

वहीं पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने कब्जे से युवती का दुपट्टा व मोबाइल का सिम कार्ड भी बरामद किया है। रविवार को खुलासा करते हुए एसपी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि मृतक युवती का मोबाइल फोन खराब हो गया था। जिसको बनवाने के लिए उसने गांव के ही अभिषेक उर्फ बौना पुत्र रामप्रसाद को दिया था लेकिन मोबाइल न बनने के बाद वह उसे वापस करने युवती के घर गया था। इस दौरान युवती घर पर अकेली थी और उसको अकेला देख कर अभिषेक ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया। इस दौरान उसके दो अन्य साथी राजा पुत्र मिथलेश व अंकित उर्फ कल्लू पुत्र बिंदा ने भी दरिंदगी की। तीनों शराब के नशे में धुत थे। युवती के विरोध करने पर तीनों ने उसके सिर पर बोतल से हमला कर उसके ही दुपट्टे से उसका गला कस दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी।

वहीं मृतका की दादी की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस भी दर्ज किया था वहीं अभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से युवती का गायब सिम कार्ड व दुपट्टा बरामद किया है। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने पांच हजार रुपए का इनाम दिया है।

### युवती को आई थी सिर पर गहरी चोट

खुलासे के दौरान एसपी ने बताया कि आरोपियों ने युवती के सिर पर बोतल से वार किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका के सिर पर गहरी चोट आई थी वही गला भी घोट दिया था

## सार-संक्षेप

### कुम्हार की तरह गढ़कर छात्रों को लायक बनाता है शिक्षक : बीईओ



समारोह में सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक। अमृत विचार

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** सरेनी क्षेत्र के लगभग एक दर्जन शिक्षकों को आज सेवानिवृत्त होने पर सम्मानित किया गया। सरेनी में खण्ड शिक्षा अधिकारी रामचन्द्र यादव को बीआरसी भवन में परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने सम्मानित कर उन्हें विदाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माता है। वह उन्हें कुम्हार की तरह गढ़कर इस लायक बनाता है कि वे अपने पैरों पर खड़े होकर परिवार व राष्ट्र की सेवा करने में सक्षम हो सकें। शहीद जूनियर हाईस्कूल की प्रधानाध्यापिका गीता बाजपेयी को भी सेवानिवृत्त होने पर फूल-मालाओं से लाद दिया गया। शिक्षकों ने कहा कि उनके कार्यकाल में शिक्षक सुरक्षित रहे व कोई विवाद नहीं हुआ। आज सेवानिवृत होने वाले अन्य शिक्षकों में उपेन्द्रनाथ बाजपेयी, लालबहादुर सिंह, बृजेश सिंह आदि शामिल रहे।

### प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को बांटे गए परीक्षाफल

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय राजापुर में शनिवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह संपन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत रामकुमार भट्ठा मालिक द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रथम सोपान के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। द्वितीय सोपान के अंतर्गत कक्षा में टॉप करने वाले बच्चों को मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया। पूरे साल शत प्रतिशत उपस्थिति वाले 10 बच्चों कक्षा एक से रिमझिम, कक्षा 2 से अनामिका, आराध्या, भूमिका व यश, कक्षा 3 से अपूर्वा व दिव्यांशी, कक्षा 4 से अमित कक्षा 5 से रोमा देवी व मनीषा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य सरकार से सम्मानित सहायक अध्यापक अजय सिंह, सपना, ग्राम शिक्षा सैनिक एवं प्रधानाध्यापक शिवबहादुर यादव, सहायक अध्यापक बन्दना, माया देवी आदि उपस्थित रहे।



छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए ग्राम विकास अधिकारी सर्वेश मिश्र।

### वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित



समारोह में पुरस्कृत किए गए बच्चे। अमृत विचार

**सरेनी, रायबरेली।** ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि लालगंज अध्यक्ष शैलेन्द्र पांडेय, शिवशंकर अवस्थी विशिष्ट अतिथि रवि शंकर बाजपेयी रहे। कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आर्या, सूर्यवंशी, रियान सिंह, कृष्णा तिवारी, अभिषेक, जीनत, देव गुप्ता, सौरभ तिवारी, वेदिका सैनी, अंशिका द्विवेदी, सृष्टि तिवारी, अंश लोधी व द्वितीय स्थान पाने वालों में रियान सिंह, अलीशा, प्रागी सिंह, आशीष कुमार, आर्या सिंह, अनन्या द्विवेदी, भारती, कल्याणी शुक्ला, अंश शुक्ला एवं कृष्णा तिवारी, इकरा बानो, सौम्या, प्रियांशी तिवारी, नमो तिवारी, अथर्व सिंह, अनुष्का लोधी, श्रेया तिवारी, अथर्व कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त के क्रम में सभी बच्चों को मेडल्स भी दिये गये। पूरे सत्र में उपस्थिति के अनुसार ट्राफी अथर्व कुमार को दी गयी।

### प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



वार्षिकोत्सव में शामिल बच्चें और शिक्षक । अमृत विचार

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र दीनशाह गौरा के प्राथमिक विद्यालय बिछौरा में वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि बीईओ सत्य प्रकाश सिंह रहे। प्रभारी दुशान्त सिंह, शिक्षक अभिषेक व जय प्रकाश ने मेधावियों को सम्मानित किया। इस मौके पर सेवानिवृत हो रहे शिक्षक रामकिशुन यादव, परमेश्वरदीन, दिनेश कुमार का भी सम्मान किया गया। दिनेश प्रताप सिंह, विजय सिंह, आशीष सिंह, अरुणेंद्र सिंह, डॉ. राम कृपाल यादव, मनीष दीक्षित, डॉ. राम कृपाल यादव, धर्मेंद्र बहादुर सिंह, सौरभ कुमार, आशीष कुमार, संजीव सोनी, एसआरजी सुनील यादव, बृजेन्द्र सिंह, महेंद्र कुमार सविता आदि मौजूद रहे । संचालन चन्द्रशेखर व सर्वेश पांडेय ने किया ।

### संगीतमयी कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** बछरावां क्षेत्र के कुंदनगंज कस्बा स्थित त्रिमूर्ति माता मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। जनपद के प्रख्यात 10 वर्षीय बाल व्यास कृष्ण मोहन 'कान्हा जी' ने श्रीमद्भागवत कथा को मोक्षदायनी गंगा बताते हुए कहा श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान रूपी कथा के माध्यम से ही मानव जीवन का कल्याण हो सकता हैं। कथा के द्वितीय दिवस शुक्रवार को रात्रि कालीन बाल व्यास कान्हा ने राजा परीक्षित, कलियुग संवाद, अर्जुन सुभद्रा विवाह आदि की सारगर्भित संगीतमयीं कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर किया। भगवान की आरती करके द्वितीय दिवस की कथा का समापन किया गया। लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा के यजमान सपत्नीक राज कुमार चौरसिया रहें। इस अवसर पर राम शरण श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, देवी प्रसाद यज्ञसैनी, गंगा प्रसाद चौरसिया, कमला कांत शुक्ला, रामू वैश्य, समर बहादुर सिंह, इंद्रेश चौरसिया, राजेश चौरसिया, विपिन मिश्रा, शिव शंकर यादव, प्रयाग नारायण त्रिपाठी, राजू साहू, हरिशंकर चौरसिया, सोनू साहू, संजीव गुप्ता आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** इंदिरा नगर सोम पार्क में सोमेश्वर महादेव मंदिर समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध शीतल कत्थक के बेटे अयोध्या करते के द्वारा सुंदर नृत्य किया गया, जिससे लोगों ने खूब आनंद लिया। इसके साथ होली के सुंदर गीतों पर लोगों ने आनंद लिया।

## सर्विलांस की टीम ने 14 लाख कीमत के 101 फोन किये बरामद




एसपी कार्यालय में मोबाइल स्वामियों को फोन वापस करते पुलिस अधीक्षक।

**रायबरेली, अमृत विचार।** रायबरेली पुलिस द्वारा जारी लिंक पर खोये हुए फोन की सूचना देने के मामले में सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सर्विलांस टीम ने खोए हुए मोबाईलों को बरामद कर लोगों को मुस्कराने का अवसर दिया है। टीम ने 14 लाख रुपये कीमत के खोये हुए 101 मोबाईल फोन बरामद किया है। जिन्हें एसपी अभिषेक अग्रवाल ने रविवार को उनके स्वामियों कों सौंपा है। पुलिस ने जिन मोबाईल को बरामद किया है। उनमें रेडमी के 12, मैकरोमैक्स 1, वीवो 28, रियलमी 18, ओप्पो 21, सैमसंग 9, टेंकनो 7, आई टेल 1, हॉनर 1, लावा 1, मोटो 1, इन्फिनिक्स 1 का फोन सर्विलांस टीम ने बरामद किया था।

# अराजकतत्वों ने देवी-देवताओं की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

बछरावां, रायबरेली

»» सीओ महराजगंज ने मौके पर पहुंचकर की जांच, कार्रवाई के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दूलमपुर गांव में स्थित प्रसिद्ध मनसेश्वर शिव मंदिर में अराजक तत्वों ने स्थापित माता पार्वती, मां दुर्गा और भगवान विष्णु की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश की है। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सूचना पर सीओ महराजगंज, बछरावां थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जांच के बाद जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया।

प्रकरण में दूलमपुर निवासी प्रिया द्विवेदी ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि यह मंदिर बहुत ही प्राचीन है। इस मंदिर में माता पार्वती, दुर्गा जी एवं भगवान विष्णु की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश अराजक तत्वों के द्वारा की गई है। साथ-साथ उन्होंने यह भी बताया कि घटना किस समय की है और कितने बजे की है यह सुनिश्चित नहीं हो पाया है।

घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी महराजगंज यादुवेंद्र पाल और बछरावां थाना प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रार्थना पत्र के आधार पर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ कार्यकर्ता एवं विश्व हिंदू परिषद सहित अनेकों हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उक्त घटना के संबंध में भारी आक्रोश व्यक्त किया है। थाना प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है।

## अनियंत्रित रोडवेज बस ने ट्रक में मारी टक्कर चालकों में नोकझोंक

**रायबरेली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सारस चौराहे पर रविवार सुबह उस समय हंगामा हो गया जब एक रोडवेज की बस ने ट्रक को मार दिया। घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन दोनों वाहन चालकों के मध्य बीच सड़क पर ही बहस हो गई। बीचबचाव के बाद मामला शांत कराया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के सारस चौराहे के पास एक ट्रक सुल्तानपुर की ओर जा रहा था तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ट्रक में टक्कर मार दिया। जिसमें बस और ट्रक का एक-एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक चालक मकबूल निवासी फुरसतगंज के मुताबिक एक ऑटो रिक्शा सामने आ जाने से जब ब्रेक लगाया तो पीछे से बस चालक सुभाष यादव शिवगढा जनपद प्रतापगढ़ ने जोरदार टक्कर मार दिया। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक और बस चालक में जमकर नोक झोक हुई।

किया याद

होली मिलन समारोह में शहीद के परिजनों को किया गया सम्मानित

# समारोह में शहीद राजेन्द्र यादव की याद में नम हुईं लोगों की आंखें

लालगंज, रायबरेली।

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के नगर अध्यक्ष व जिला प्रभारी विवेक शर्मा की अगुवाई में शानदार तरीके से होली मिलन एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम एवं भाईचारे को प्रदर्शित करने वाला है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री फाउंडेशन के चेयरमैन मनोज द्विवेदी ने कहा कि होली पर्व पर प्रत्येक व्यक्ति आपसी भेदभाव, ईर्ष्या, द्वेष को भुलाकर जाति धर्म से ऊपर उठकर मानवता को गले लगाता है।

वह एक-दूसरे के प्रति प्रेम से अभिभूत होकर अपनी खुशी एवं प्रसन्नता का इजहार करते हैं। व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा ने कहा कि होली का त्यौहार, देश की सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करने अहम भूमिका निभाता है। पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे और नगर पंचायत लालगंज की अध्यक्षा सरिता गुप्ता का भी सम्मान किया गया। व्यापार मंडल के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कारगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए राजेन्द्र यादव को यादकर उपस्थित जनसमूह की आंखे नम हो गई। वास्तव में शहीदों के परिजनों को सम्मानित कर व्यापार मंडल लालगंज ने उनकी यादे अक्षुण्य करने का सराहनीय कार्य किया है।



समारोह में शहीद के परिजनों को सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

शहीदों के सम्मान में कलाकारों के द्वारा गीत के साथ-साथ अन्य धार्मिक झांकियां प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति व खुशनुमा बना दिया। समारोह में पूर्व चेयरमैन रामबाबू गुप्ता, व्यापार मंडल संरक्षक दीप प्रकाश शुक्ला, रविंद्र मुरारका किरन सोनी, रामबाबू सोनी, जिलाध्यक्ष रोहित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई, कोषाध्यक्ष दीपचन्द्र गुप्ता, महामंत्री अप्पू शर्मा, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, सर्राफा व्यापारी सुरेंद्र गुप्ता, विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक नीलेश शुक्ला, हंसराज विश्वकर्मा, रौनक भदौरिया, कौशलेंद्र कंचन, कैलाश गुप्ता, पारूल गुप्ता, प्रतीक शर्मा, शीलू त्रिवेदी, विशाल गुप्ता, अमित गुप्ता, कैलाश बाजपेई, अभिषेक गुप्ता, सुरेश सोनकर, रामबाबू सोनकर, श्रवण कुमार मौर्य, विनय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर देखे गए 2616 मरीज

**अमेठी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिले में कुल 2616 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हुई। आरोग्य मेले में कुल 96 गोल्डन कार्ड भी बनाये गए हैं। अमेठी जनपद की 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित हुए आरोग्य मेले में रविवार को कुल 2616 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाएं भी वितरित की गईं। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि जिले में 30 स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला लगाया गया। इसमें

**आरोग्य मेला**

61 डॉक्टर, 252 पैरास्टॉफ लगाए गए थे। इस दौरान 96 गोल्डेन कार्ड बनाए गए। 25 मरीज रेफर किए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आरोग्य स्वास्थ मेला लगा। इसमें शुगर, उच्च रक्तचाप, कोविड, मलेरिया, पैथालॉजी में जांच की गई। दवा भी वितरण किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्ड का पंजीकरण, वितरण व टीकाकरण किया गया। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड भी बनाये गए। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ- शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। हर रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन होता है। इसका लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए। रविवार को जिले के सभी पीएचसी पर आरोग्य मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें 1026 पुरुष, 1275 महिला, 315 बच्चों का इलाज किया गया है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बहाना पड़ेगा पसीना

धर्मेंद्र प्रधान

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** मौसम में गर्मी के आहट के बीच सियासी पारा भी गर्म होने लगा है। जिले में पांचवें चरण में मतदान होना है, लेकिन अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। लेकिन संभावित प्रत्याशियों के कारखास अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में हवा बनाने में लगे हुए हैं।

▸▸ **पिछले रिकार्ड को तोड़ना प्रशासन के लिए चुनौती**

26 अप्रैल से जिले की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। लेकिन न तो अभी हाथ ने अपना हाथ खोला है, और न ही अभी कमल ने कोई फूल खिलाया है, जबकि हाथी को भी महावत की दरकार है। राजनीतिक दल एक दूसरे को लेकर अपने प्रत्याशियों के चयन में देरी जरूर कर रहे हैं। लेकिन प्रशासनिक अमला चुनाव को लेकर पूरी तरीके से अपनी तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर जागरूकता अभियान, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर व मतदान से संबंधित जितने भी जरूरी चीजे हैं उनको दुरुस्त रखने के लिए लगातार जिलाधिकारी व चुनाव से जुड़े सभी अधिकारी अपने-अपने स्तर से लगे हुए हैं।

इस बार राजनीतिक दलों के साथ ही जिले के मतदान प्रतिशत को लेकर प्रशासन की भी बड़ी चुनौती होगी। मौसम विभाग की माने तो इस बार अप्रैल व मई में गर्मी अधिक पड़ सकती है। ऐसे में जिला प्रशासन के सामने मतदान प्रतिशत बढ़ाना बड़ी चुनौती रहेगी। वहीं इस बार नेताओं को भी जनता का वोट हासिल करने के लिए खूब पसीना बहाना पड़ेगा। वर्ष 2019 के आम लोकसभा चुनाव में जिले का मतदान प्रतिशत 53.60 फीसदी रहा वहीं 15 उम्मीदवार मैदान में भी रहे। यह चुनाव भी मई में था लेकिन गर्मी से राहत जरूर रही। लेकिन इस बार 20 मई को जिले में गर्मी के साथ वोटों की बारिश कराना बड़ी चुनौती है।

# रहस्यमय बीमारी से पूरे डंडी में 15 दिन में 7 लोगों की मौत

## ग्रामीणों की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर की जांच

▸▸ **सीएमओ बोले- रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ पता चलेगा**

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव पूरे डंडी में पिछले दो हफ्ते में एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत सात लोगों की रहस्यमय बीमारी से मौत हो गई है। मरने वाले मृतकों की उम्र 50 से 65 के बीच के बताई जा रही है। अचानक हो रही मौतों से गांव मे दहशत का माहौल है। रविवार को ग्रामीणों की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी है।

सलोन तहसील क्षेत्र के ममुनी ग्राम सभा स्थित पूरे डंडी गांव निवासी वृद्ध जगदीश मौर्य की आठ मार्च को मौत हो गई थी। इसके



जांच करती स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

बाद इसी परिवार के शिव बहादुर की 17 मार्च, ठाकुरदीन की 26 मार्च, राम नारायण की 28 मार्च और रामेश्वर की 30 मार्च को मौत हो चुकी है। मरने वाले सभी मृतक एक ही परिवार के पट्टीदार है। इसके अलावा इसी गांव से सटे पूरे जुड़ावन का पुरवा गांव में 19 मार्च को रामकुमार पासी और 22 मार्च को राज लाल पटेल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। एक के बाद एक हो रही ताबड़तोड़ मौतों से ग्रामीणों को कोरोना काल की यादे ताजा कर दी है। वहीं दहशत के साये में ग्रामीण जीने को मजबूर है।

ग्रामीणों की सूचना पर रविवार को स्वास्थ्य विभाग की सयुंक्त टीम ने गांव का दौरा किया। इसके बाद एहतियातन दवा का छिड़काव कराया गया है। सत्यपाल विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को सूचित कर रहस्यमय मौतों की जानकारी दी थी। दो हफ्ते में सात मौतों से गांव में खौफ का मंजर है। इस सम्बंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. भावेश कुमार का कहना है कि ग्रामीणों की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव गई हुई थी। सभी मृतक किसी न किसी बीमारी से ग्रसित थे। उन्हें पांच मौतों की ही सूचना मिली थी। फिर भी गांव में लोगों की जांच कराई गई है। रिपोर्ट आने पर ही मौतों की वास्तविक स्थित ज्ञात हो सकती है।

## तमंचा, कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना पीपरपुर पुलिस ने हारीपुर मार्ग के पास से एक अदद तमंचा व एक अदद कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक सैय्यद हसीन हैदर मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पंकज सिंह पुत्र हरिमंगल सिंह निवासी ग्राम पूरे झबरू का पुरवा भेटुआ थाना पीपरपुर को कल्याणपुर से हारीपुर रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक अदद कारतूस बरामद किया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# एमबीबीएस डॉक्टरों का पहला बैच इंटर्नशिप के लिए तैयार

दुर्गेश पांडे

**रायबरेली अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज मे एमबीबीएस के प्रथम बैच का परिणाम घोषित करने के बाद अब इंटर्नशिप की तैयारी शुरू कर दी है। एमबीबीएस के प्रथम बैच के छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण कर एम्स मेडिकल कॉलेज का नाम रोशन किया। इसमें से सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है। 22 मार्च को एमबीबीएस का परिणाम आते ही छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। परिणाम आने के बाद एम्स मेडिकल कालेज के प्रथम बैच के उत्तीर्ण छात्र छात्राएं अब एक वर्ष का इंटर्नशिप यहीं से करेंगे।

अगस्त 2018 मे एम्स प्रशासन ने ओपीडी शुरू करते हुए 2019 में 50 सीटों के साथ एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू कर दी थी। वहीं दूसरे वर्ष यह सीटें बढ़ कर 100 हो गई थी। डीन प्रो. डॉ. नीरज कुमारी, रजिस्ट्रार प्रो डॉ. भोलानाथ ने बताया कि निदेशक



एम्स मुंशीगंज रायबरेली।

▸▸ **एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने एम्स मेडिकल कॉलेज का मान बढ़ाया**

▸▸ **एमबीबीएस के प्रथम बैच का परीक्षा परिणाम घोषित**

प्रो. डॉ. अरविंद राजवंशी के कुशल नेतृत्व व प्रयास से एम्स निरंतर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की ओर बढ़ रहा है। प्रथम वर्ष के उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं यहीं से एक वर्ष का इंटर्नशिप करेंगे।

प्रथम बैच के एमबीबीएस छात्र छात्राओं का सोमवार से इंटर्नशिप शुरु कराया जाएगा। निदेशक प्रो डॉ.अरविन्द राजवंशी ने एमबीबीएस के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को एक डॉक्टर के कर्तव्य का पाठ पढाते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**पीजी का तीसरा बैच शुरू**

पीजी का तीसरा बैच शुरू हो चुका है। एनथसीसिया, ईएनटी, सर्जरी, मेडिसिन, आर्थो, पीएमआर, साइकाइट्रिक, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, पीडियाट्रिक, गाईनकोलाजी, कम्युनिटी मेडिसिन, पैथो, आप्थाल्मालॉजी, डर्मेटोलॉजी के साथ साथ लगभग सभी विभागों में बच्चे पीजी की पढ़ाई कर रहे हैं।

**ये विभाग हो रहे संचालित**

एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, फार्माकोलॉजी, पैथोलॉज, एफएमटी, सीएसएम, माइक्रोबायोलॉजी, ईएनटी, आप्थाल्मालॉजी, जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन, गाईनकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, ऑर्थो, साइकाइट्रिक, पीएमआर, रेडियोलॉजी, डर्मेटोलॉजी, एनेस्थीसिया, रेडिएशन ऑकोलॉजी, लैब मेडिसिन, डेंटिस्ट, एमरजैंसी मेडिसिन, न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, सीटीवीएस, पेडियाट्रिक सर्जरी, सर्जिकल ऑकोलॉजी, न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी प्लास्टिक सर्जरी।

## सार-संक्षेप

### वार्षिक परीक्षाफल वितरण के साथ शैक्षिक सत्र का समापन



उत्तम परीक्षाफल के लिए पुरस्कृत छात्राएं। अमृत विचार

**डलमऊ रायबरेली।** शैक्षिक सत्र समाप्त होने के साथ वार्षिक परीक्षा फल का वितरण व मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। परीक्षाफल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे भी खिल गये अवकाश के बावजूद रविवार को मुराई बाग कस्बे के कई विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा फल वितरण का आयोजन किया गया। न्यू आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज मुराई बाग में वार्षिक परीक्षा फल वितरण के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य राकेश कुमार यादव के द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के छात्र जयदीप एवं की छात्रा मीनाक्षी मिश्रा को विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ परीक्षा फल के लिए पुरस्कृत किया गया। अंशिका गुप्ता एवं अजब सिंह तारा को सर्वश्रेष्ठ परीक्षा फल के लिए पुरस्कार दिया गया, वहीं कक्षा 9 से रिया, संध्या शर्मा, अनमोल एवं गांगुली मिश्रा को पुरस्कार दिया गया है। इस अवसर पर आनंद कुमार त्रिवेदी, राम शंकर यादव, कुलदीप अवस्थी, आशीष जायसवाल, सुरेश यादव, जय प्रकाश, संतोष प्रजापति, आशीष जायसवाल, अंकित बाजपेई, राजेश शर्मा सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। मुराई बाग के शांति मनोहर इंटर कॉलेज, पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में भी वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**लालगंज-रायबरेली अमृत विचार।** स्थानीय सरस्वती शिशु मन्दिर लालगंज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती की वाणी वन्दना से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि सुधा द्विवेदी समाजसेविका, नगर अध्यक्षा सरिता गुप्ता रही। सुधा द्विवेदी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज के बच्चे देश के भविष्य हैं। सरिता गुप्ता ने संस्कार युक्त शिक्षा के लिए शिशु मन्दिर की सराहना की। गिरीश नारायण पाण्डेय ने बच्चों को निरन्तर आगे बढ़ने का शुभाशीष प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन यशवन्त सिंह एवं परीक्षाफल वितरण की जानकारी प्रधानाचार्य द्वारा दी गयी। छात्र-छात्राओं को कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सान्त्वना पुरस्कार अतिथियों द्वारा प्रदान किये गये। शारीरिक एवं बौद्धिक प्रतियोगितायो में सौम्या मिश्र, शुभी मिश्रा, अदिती, सानवी गुप्ता, कार्तिकेय को पुरस्कृत किया गया।

### पिता-पुत्री पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**महराजगंज, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बे में ही पुरानी रंजिश के चलते जयदीप वर्मा व उसकी पुत्री खुशी वर्मा को पड़ोसियों ने विजय कमल रस्तोगी व उनके बेटों द्वारा पुरानी रंजिश के चलते लाठी डंडों से व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### प्रसव के नाम पर धन उगाही का आरोप

**अमेठी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर में तैनात एक स्टॉप नर्स द्वारा प्रसव में लापरवाही एवं प्रसव के नाम पर अवैध वसूली किये जाने का मामला सामने आया है। नवजात शिशु की मौत के बाद पीड़ित परिजनों ने सूबे के मुख्यमंत्री के साथ ही आला अधिकारियों से लिखित शिकायत की है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत जेहटा उसरहा निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र जग जीवन प्रसाद ने मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भेजे गये शिकायती पत्र में लिखा है कि शुक्रवार की देर शाम मैं अपनी पत्नी संगीता का प्रसव कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर ले गया जहां पर तैनात एक बहुचर्चित स्टॉप नर्स द्वारा प्रसव कराया गया था। प्रसव पूर्व स्टॉप नर्स द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ प्रसव जटिलताओं की वजह से यहां पर प्रसव नहीं हो सकता तो मैं अपनी पत्नी को लेकर और कहीं ले जाने की तैयारी कर रहा था। आरोप है कि उसी समय स्टॉप नर्स ने बोला कि दो हजार रूपये दो तो हम यहीं करा देंगे। उन्होंने प्रसव पूर्व ही दो हजार रुपया ले लिया और बिना किसी डॉक्टर को बुला कर दिखाये ही प्रसव करा दिया और बच्चा मृत पैदा हुआ। स्टाप नर्स द्वारा प्रसव पीड़िता के परिजनों से धन उगाही की पुष्टि अस्पताल में लगे सीसीटीबी कैमरे में की जा सकती है। नवजात शिशु की मौत के बावजूद स्टाप नर्स द्वारा पैसा वापस नहीं किया गया है।

# पुलिस की जांच में लूट की घटना पायी गई झूठी

**अमेठी।** कतिपय सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी से संबन्धित लूट की खबर प्रसारित होने पर सम्पूर्ण प्रकरण की विस्तृत जांच थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक द्वारा की गयी तो पाया गया कि आवेदक मनोज कुमार पुत्र राम अधार निवासी पूरे गुलजार मऊ अतवारा थाना जगदीशपुर अमेठी व विपक्षी कुलदीप नारायण उर्फ राजन यज्ञसैनी पुत्र राजेन्द्र कुमार नि. कस्बा रानीगंज थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के मध्य 30 हजार रुपये के लेन देन का विवाद था।

आवेदक मनोज कुमार रानीगंज चौराहे पर फल बेचता है तथा व्यापार को बढ़ाने हेतु कुलदीप नारायण उर्फ राजन यज्ञसैनी उपरोक्त से एक माह पहले 30 हजार रुपये उधार लिया था। आवेदक द्वारा 18 हजार रुपये पूर्व में कुलदीप नारायण उर्फ राजन यज्ञसैनी को दिया जा चुका है।

कुलदीप नारायण उपरोक्त द्वारा अपने शेष बकाया रूपये की मांग किये जाने पर आवेदक द्वारा अपनी मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स कुलदीप नारायण उपरोक्त को दे दिया, तथा बताया कि शाम तक शेष बकाया पैसा देकर मोटर साइकिल छुड़ा लूंगा। इसी बात को लेकर आवेदक द्वारा मनगढ़ंत रूप से घटना को तथाकथित लूट की घटना के रूप में बताया गया। जांच से आवेदक द्वारा बतायी गयी लूट की घटना असत्य व निराधार पायी गयी।

## ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस जरूरत है उन्हे निखारने व संवारने की। जिससे उन्हें अपनी प्रतिभाओं को सही मार्गदर्शन में राष्ट्र के लिए अच्छे नागरिक का निर्माण किया जा सके।

उक्त बाते क्षेत्र के पूरे प्रेमशाह के पूरे पटई गांव स्थित निर्मला देवी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि शामिल प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कही। निर्मला देवी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक संतराम यादव व पूर्व प्रधान विश्वनाथ यादव ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

# संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**अमेठी।** थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव पूरे हवलदार मजरे कोंची में एक विवाहिता को ससुरालीजनों द्वारा दहेज की बलिवेदी पर चढ़ा दिया गया है, और मायके पक्ष के लोगों ने गला दबाकर मौत के घाट उतारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति समेत चार अन्य ससुरालीजनो के खिलाफ मुकदमा दर्जकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव पूरे हवलदार निवासी इमरान पुत्र दोस्त मोहम्मद की शादी पांच वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज से पूरे घीसाराय मजरे बेसरवा निवासी इरफान की बहन अफरीन बानो के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराली जनों द्वारा दहेज की खातिर विवाहिता को लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा और अपने मायके से पैसा मांगकर लाने के लिये दबाव बनाने का आरोप है। मृतका के भाई ने बताया कि ससुराली जनों द्वारा अफरीन के खाते से 50 हजार रुपया ट्रांसफर करवा लिया गया और पैसे के लिये दबाव बनाया जा रहा था। जिसे अफरीन बानो ने शनिवार को साफ तौर पर मना कर दिया गया। आरोप है कि शनिवार को उसकी बहन का गला दबाकर उसे मौत की नींद सुला दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और सुसराली जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित परिवार की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ में भादर के 200 परिवार हुए शामिल

**अमेठी।** जनपद के विकास खण्ड भादर में युगतीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार अमेठी के द्वारा भादर ग्राम सभा में गायत्री महायज्ञ आयोजित किया गया। रविवार को गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ के 77वें चरण में तीन स्थानों पर आयोजित यज्ञ में 200 से अधिक परिवार शामिल हुए। मान शाह पट्टी हनुमान जी के मंदिर पर महेंद्र प्रताप सिंह के संयोजकत्व में आयोजित गायत्री महायज्ञ में मुख्य यजमान राम सूरत सिंह के साथ 70 परिवार शामिल हुए। यज्ञ कराते हुए यज्ञाचार्य इंद्र देव शर्मा ने बताया कि यज्ञ से न सिर्फ़ वातावरण बल्कि अंत :करण भी शुद्ध होता है। उन्होंने कहा कि परम् पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने 21वीं सदी उज्ज्वल भविष्य का उद्घोष किया था। युग परिवर्तन का वह समय अब निकट है, हमें गुरुदेव के दिखाए रास्तों पर चलते हुए युग निर्माण में अपनी भूमिका निभाकर अपना जीवन धन्य बनाना है।

## छप्पर में लगी आग

**डलमऊ, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात कारणों से आग लगने की वजह से घर में रखा सारा समान खाक हो गया। रविवार को दोपहर के समय डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नेवाजगंज निवासी समर बहादुर सोनकर पुत्र जगदीश के कच्चे घर में छप्पर रखा हुआ है। अज्ञात कारणों की वजह से छप्पर में आग लगने की वजह से घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया गनीमत रही घर में चार बच्चे छप्पर के नीचे नहीं थे वरना बड़ी घटना घटित हो सकती थी। बच्चों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों की मदद से घर में लगी आग पर काबू पाया गया, अज्ञात कारणों से लगी आग में गरीब का लगभग एक से डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# अवधी साहित्य संस्थान में आयोजित की कवि गोष्ठी

**अमेठी।** रविवार को अवधी मधुरस एवं अवधी साहित्य संस्थान अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में कवि गोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती सहित गोस्वामी तुलसीदास और जायसी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ पूजा अर्चना के साथ हुआ। काव्य गोष्ठी का प्रारम्भ कवि जगदम्बा तिवारी मधुर की सरस्वती वंदना से हुआ।

कवि गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पं. विश्वनाथ मिश्र स्नेही ने पढ़ा मत बांधो गला हिमालय का अन्यथा बर्फ गल जायेगी, पर्वत पर सागर बनने से सम्पूर्ण धरा हिल जाएगी, मुख्य अतिथि कुमार तरल ने पढ़ा कि सोचउ कइसे बची अंगना दुआर जौ बेदर्दी पहरेदार होइ गये, ए बाबू बेंचि देइहैं बगिया बहार मलीवै चिड़ीमार होइ गये, कवि ललित ने पढ़ा लौट आयी यह फिजा क्यों दुर्दिन निकल जाने के बाद क्या जरूरत थी चमन की दिल उजड़ जाने के बाद, रामेश्वर सिंह निवासी ने पढ़ा कतौ न देखाई परै छानी कै ओसार हो आवैं गौरैया नाहीं हमरे दुआर हो। कार्यक्रम का संचालन कर रहे ज्ञानेंद्र पांडे अवधी मधुरस ने पढ़ा कि मानव बनना सरल नहीं है, मीठा जैसा गरल नहीं है। वरिष्ठ कवि राम बदन शुक्ला पथिक ने पढ़ा कि जहां भी रहेंगे चले आएंगे वह, पथिक दिल से जब तुम बुलाया करोगे।

## तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का हुआ समापन

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** कस्बा स्थित आदर्श सेवा समिति में चल रहे तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का समापन संस्थान में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु को प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया। संस्थान में मुख्य अतिथि अरुण कुमार मिश्रा एवं मनोज कुमार धाकड़ ने प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इसके साथ-साथ मुख्य अतिथि ने भारत सरकार द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी ने आए हुए अतिथियों एवं प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर संस्थान के कर्मचारी विवेक मिश्रा, विवेक कुमार, मनोज कुमार, राज किशोर, संतोष, राजू कुमार, सत्यम तथा मुकेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# सीएमओ ने हादसे में घायल महिला को भिजवाया अस्पताल



अस्पताल पहुंचकर महिला की जांच करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह।

**अमेठी।** रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से विक्षिप्त एक महिला घायल हो गई थी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस उसे इलाज कराने के लिए घटना स्थल पर पहुंची, लेकिन उसके साथ किसी का न होने की वजह से एम्बुलेंस स्टॉफ भी हैरान था। काजी पट्टी और बरनाटिकर के बीच रविवार दोपहर बाद एक अज्ञात वाहन ने मंद विछिप्त महिला को टक्कर मार दी। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस को दी। सूचना पाकर घटना स्थल पर 108 एम्बुलेंस भी पहुंच गई। लेकिन घायल महिला के साथ किसी का न होने की वजह से एम्बुलेंस स्टाफ भी परेशान व हैरान हो गया। इस समस्या का निदान ढूंढने के लिए किसी ने इसकी सूचना डीएम को कर दी। डीएम निशा अनंत ने जानकारी होते ही मंद विछिप्त महिला के समुचित इलाज के लिए सीएमओ को निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने घायल महिला को जिला अस्पताल ले आने का एम्बुलेंस स्टॉफ से कहा। सीएमओ खुद जिला अस्पताल पहुंचकर मंद विछिप्त महिला का अपनी निगरानी में इलाज कराया, साथ ही बेहतर इलाज के लिए स्टॉफ को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया।

# स्मृति से मिल गदगद हुए मुस्लिम समाज के लोग

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को अपने आवास पर संसदीय क्षेत्र के मुस्लिम समाज के आए हुए हजारों लोगों से मुलाकात की। दीदी स्मृति से मिल जहां मुस्लिम समाज के लोग गदगद दिखें। वहीं सभी ने एक स्वर से मोदी व योगी सरकार की नीतियों के साथ ही अमेठी में बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लिए हुए कार्यों के लिए दीदी स्मृति की तारीफ की।

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति पिछले चार दिनों से अपने संसदीय



केंद्रीय मंत्री से उनके आवास पर मिलने पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोग।

क्षेत्र में हैं और आवास पर बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ बैठक करने के साथ सभी वर्गों के लोगों से मुलाकात की। रविवार को आवास पर पूरे संसदीय क्षेत्र से मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और दीदी स्मृति से मुलाकात कर अपने मन की बात कही। सभी ने मोदी व योगी सरकार की जन कल्याणकारी नितियों के बिना भेद भाव के सभी तक बराबर व एक साथ पहुंचने के लिए सराहना की। अमेठी संसदीय क्षेत्र में दीदी स्मृति के प्रयास से हो रहे विकास कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि दीदी बिना किसी भेद भाव के सभी को साथ लेकर आगे बढ़ रही है।

यही वजह है कि आज दीदी स्मृति से मिलने बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग अपने सांसद के आवास पर पहुंचे हैं। यहां पहला मौका है जब अमेठी के मुस्लिम समाज के लोगों को इतनी बड़ी संख्या में अपने सांसद के आवास पर सम्मान के साथ बुलाया गया है। अब से पहले किसी भी सांसद ने उन्हें अपने आवास पर नहीं बुलाया। इसी के साथ लोकसभा सोशल मीडिया वालिंटियर मीट में दीदी स्मृति शामिल हुई।


**कार्यालय उप निबंधक सदर द्वितीय, बरेली**

**सूचना**

"सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय उप निबंधक सदर द्वितीय, बरेली में एक वसीयत मरणोपरान्त निबंधन हेतु कु. समायरा भूषण पुत्री श्री शशि भूषण लाल सुशील निवासी बी-25 जोप्लिंग रोड बटलर पैलेस कालोनी लखनऊ द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जो श्रीमती कमलेश सिंह उर्फ चक्रेशवती पत्नी श्री महेन्द्र सिंह निवासिनी-फ्लैट संख्या 3002, हैरिटेज अपार्टमेन्ट, पार्क रोड, लखनऊ द्वारा निष्पादित है। यह वसीयत कुमारी समायरा भूषण पुत्री श्री शशि भूषण लाल सुशील व कुशाग्र भूषण पुत्र श्री शशि भूषण लाल सुशील निवासी बी-25 जोप्लिंग रोड बटलर पैलेस कालोनी लखनऊ के पक्ष में निष्पादित है। यदि इसके निष्पादन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के एक माह के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में अपनी आपत्ति, साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकता है।"

आज्ञा से
(रमेन्द्र श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
कार्यालय उप निबंधक सदर द्वितीय, जिला बरेली

दिनांक : 06.03.2024



21वां रोजा

सहरी : 04.41 बजे, मंगलवार

इफ्तार : 06.26 बजे, सोमवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# 13 दिन में 13268 लोगों पर कार्रवाई, 5357 लोग किए गए पाबंद

## लोकसभा चुनाव — चुनाव आचार संहिता लगने के बाद प्रशासन हुआ सख्त, अपराधियों व अराजक तत्वों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। चुनाव के दौरान कोई खलल न पड़े, इसके लिए पुलिस अपराधियों की कुंडली खंगालने में जुट गई है। चुनाव में पुलिस कानून व्यवस्था संभालने के साथ कई अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाएगी। पुलिस ने बूथ लेवल पर काम करना शुरू कर दिया है। टीमों ने बूथ स्तर पर हर जानकारी बीट बुक में दर्ज कर अधिकारियों को रिपोर्टिंग करना शुरू कर दिया है।

एसपी केशवचन्द गोस्वामी के निर्देश पर हल्का और चौकी प्रभारियों ने बूथ स्तर पर छानबीन शुरू कर दी है। खासतौर पर वांछित, हिस्ट्रीशीटरों के अलावा ऐसे अपराधियों की जानकारी जुटा ली है, जिनके विरुद्ध पूर्व में हुए चुनावों में मामले दर्ज हैं। इस कार्य में पुलिस ने चौकीदारों के अलावा बीट के सिपाही को लगाया है। एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि चुनाव से पूर्व सख्त कार्रवाई हो जाने से चुनाव के दौरान असामाजिक तत्व व उपद्रवी किस्म के व्यक्ति भूमिगत हो जाते हैं। इन्हें डर रहता है कि उनकी कुंडली खंगाली जा रही है।



### जो जमानत पर हैं उन पर भी नजर

पुलिस ने ऐसे आरोपियों व बदमाशों की भी कुंडली बनानी शुरू की है जो इन दिनों जमानत पर जेल से बाहर हैं। बेल पर चल रहे ऐसे आरोपियों के वर्तमान क्रियाकलापों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। अपराध में लिप्त पाए जाने पर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

> लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर तैयारियां शुरू हैं। चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्वक कराने के लिए अपराधियों की कुंडली खंगाली जा रही है। अपराध में लिप्त पाए जाने पर इनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> –नृपेन्द्र कुमार, एएसपी पूर्वी

पुलिस विभाग ने कुछ बिंदुओं पर जांच-पड़ताल शुरू की है। मतदान केंद्र की संवेदनशीलता, पोलिंग बूथ पर पड़ने वाले गांव-मोहल्लों की सूची, वोटरों की संख्या, जातीय अनुपात, पूर्व में प्रकाश में आई रंजिश, राजनीतिक मुकदमा, वांछित व इनामी अपराधियों की स्थिति, हिस्ट्रीशीटर, लाइसेंसधारक, महिला अपराध करने वाले, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट की कार्रवाई, परंपरागत व शरारती पोलिंग एजेंटों की जानकारी एकत्र की जा रही है।

### कितनों पर क्या कार्रवाई

आचार सहिंता लगने के बाद 16 मार्च से 29 मार्च तक पुलिस ने जो कार्यवाई की है बो इस प्रकार है। इन 13 दिनों में 13268 लोगो का 151 में चालान किया गया। 539 को जेल भेजा गया। 5357 को पाबंद किया गया। 12 अभियुक्तों पर गैंगस्टर की कार्यवाई की गई। 4 लोग गिरफ्तार किए गए। 8 लोगो की गिरफ्तारी शेष है। 27 लोगो पर गुंडाएक्ट के तहत कार्यवाई की गई। उनमें से 2 को जिलाबदर किया गया। एक को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। मिनी गुंडा एक्ट के तहत 216 लोगो पर कार्यवाई की गई। 37 लोगो को नोटिस जारी किया गया। 20 को पाबंद किया गया। 6 अपराधियो पर पुरुस्कार घोषित किया गया। जिनमे से सबको गिरफ्तार कर लिया गया। अवैध शराब के 270 मुकदमे दर्ज किए गए। 3917 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई। 25 भट्ठिया पकड़ी गई। 264 लोगो को गिरफ्तार किया गया। अवैध शस्त्रो के मामलों में 41 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। 29 अवैध शस्त्र पकड़े गए। 31 कारतूस बरामद हुए। 13 चाकू बरामद हुए उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई। वांछित अपराधियों की संख्या 79 पाई गई। जनपद में कुल 2240 हिस्ट्रीशीटर की संख्या है। 1675 हिस्ट्रीशीटर मौजूद हैं। 121 जेल में हैं। 42 लापता है। 386 ग़ैरजनपद में रह रहे हैं। 16 लोगों की मौत हो चुकी है। जनपद में कुल 26630 शस्त्र लाइसेंस हैं। 2771 थाने पर जमा हैं। 2114 दुकानों पर जमा हैं। 3357 जनपद के बाहर हैं। 37 निरस्त हो गए हैं। कुल 18351 जमा करने को शेष हैं।

## एक नजर

### श्रद्धाभाव के साथ हुआ काली पूजन समारोह

**संडीला, हरदोई।** अंगूरी शंकर सेवा समिति द्वारा प्रभात फेरी मंदिर संडीला में काली पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें काली पूजा में महिलाओं एवं पुरुषों ने नृत्य कर लोगों का मन मोह लिया। काली पूजा कोलकाता के पुजारी विश्वजीत चक्रवर्ती ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। प्रात: काली मां की मूर्ति का विसर्जन बांगरमऊ रोड स्थित नहर में किया गया। जजमान के रूप में अंगूरी शंकर सिन्हा, दीपांकर सिन्हा, डॉ. राजकुमार सिंह, सौरभ सिंह, लिपिक सिंह, पूजा अर्चना की। आयोजन में मुख्य रूप से डॉ. विभा सिंह, डॉ. दीपा विश्वास, डॉ. शिखा तिवारी, अमित विश्वास, रिद्धिमा सिन्हा, दृष्टि सिंह, कंगना सिंह, आराध्या सिन्हा, दिलीप, विश्वास मनी, संत विश्वास, संतोष अस्थाना, राजेश अस्थाना, आदि सैकड़ों भक्तजन मौजूद रहे।

### तमंचा के साथ दबोचा

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र से एक अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया। कोतवाली पुलिस के अनुसार अभियुक्त सरमन को पसनेर क्षेत्र के ग्राम नाऊपूर्वा से गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस मिला है। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# 14 से 25 लाख पहुंच गया नाली निर्माण का बजट

## विकास कार्य में धांधली

**सभासद वैभव मिश्रा व पूर्व चेयरमैन ने विकास कार्य के नाम पर हो रही लूट का किया खुलासा**

पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास के नाम पर सरकारी पैसे का किस तरह बंदरबांट होता है, इसका एक उदाहरण पिहानी कस्बा में भी देखने को मिला है। पूर्व चेयरमैन हाजी जमाल साजिद ने सोशल मीडिया पर इसका काला चिट्ठा खोला है।

दरअसल नगर पालिका परिषद के पिछले बोर्ड ने मोहल्ला मिश्राना दक्षिणी में ब्लाक प्रमुख कुशी वाजपेयी के आवास के सामने नाली निर्माण के लिए 14 लाख 26 हज़ार का स्टीमेट पास हुआ था, लेकिन कार्यकाल खत्म होने से नाली का निर्माण नहीं हो सका। मौजूदा बोर्ड ने उसी नाली निर्माण के लिए दो गुने से ऊपर 25 लाख 42 हज़ार 544 रुपये का स्टीमेट तैयार करा कर निर्माण शुरु हो गया। विकास के नाम सरकारी पैसों में हो रहे खेल पर सभासद वैभव मिश्रा ने आवाज़ उठाई तो पूर्व चेयरमैन हाजी जमाल साजिद ने सोशल मीडिया पर आकर फर्ज़ीवाड़े का खुलासा किया। विकास कार्य में धांधली का शोर मचने पर फिलहाल निर्माण कार्य रोक दिया गया है।

पूर्व चेयरमैन हाजी जमाल साजिद के कार्यकाल में मोहल्ला मिश्राना दक्षिणी में ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई के आवास के सामने की सड़क और नाली निर्माण के लिए 14 लाख 26 हज़ार रुपये का स्टीमेट पास हुआ था। निर्माण शुरु होता, लेकिन उससे पहले ही कार्यकाल खत्म हो गया। गठित हुए दूसरे बोर्ड ने उसी नाली के निर्माण के लिए दो गुने से ऊपर का स्टीमेट तैयार कराते हुए निर्माण भी शुरू करा दिया।

पूर्व चेयरमैन ने ज़िम्मेदारों से सवाल किया है कि जो स्टीमेट उन्होने तैयार कराया था, वही स्टीमेट दो गुने से ऊपर कैसे पहुंच गया। पूर्व चेयरमैन का कहना है कि नाली तोड़न पर एक लाख 59 हज़ार 120 रुपये का खर्च दिखाया गया है। इसी तरह से 3 लाख 46 हज़ार 641 रुपये की खरीद दिखाई गई है। इतना ही नहीं 53 हज़ार 619 रुपये की कच्ची गिट्टी और 4 लाख 19 हज़ार 347 रुपये का कच्चा पत्थर और 6 लाख 99 हज़ार 665 रुपये महीन मिली हुई गिट्टी खरीद दिखाई गई है। नाली पर 3 लाख 92 हज़ार 275 रुपये का पतला माल चढ़ाने, 4 लाख 19 हज़ार 347 रुपये प्लास्टर खर्च के अलावा 26 हजार 520 रुपये का तारकोल खर्चा दिखाते हुए बड़ा फर्ज़ीवाड़ा पकड़ में आया है। विकास कार्य के नाम पर सरकारी पैसों की हो रही लूट के खिलाफ आवाज उठने पर फिलहाल निर्माण कार्य रोक दिया गया है। लोगों का कहना है कि समझ में नहीं आ रहा कि नगर पालिका परिषद नाली का निर्माण करा रही है या कोई मैरिज हॉल बनवा रही है।

## कूड़ाघर में आग



**हरदोई, अमृत विचार।** पराली जलाने पर एक ओर जहां किसानों पर अभियोग दर्ज हो जाता है वहीं लगातार नगर पालिका कर्मियों द्वारा कूड़ा घरों में आग लगाई जाने के मामले सामने आते हैं लेकिन फिर भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। हरदोई में कई बार कूड़ा घर में आग लगाने के मामले सामने आ चुके हैं। कूड़ा घर में आग लगने से उठने वाला धुआं स्थानीय लोगों के लिए काफी नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसी के साथ धुंए से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। कई बार सोशल मीडिया पर कूड़े घर में आग लगाते नगर पालिका कर्मियों के विडियो वायरल हुई।

# आपसी विवाद में जमकर चले ईट पत्थर, एक की मौत, कई घायल

बेनीगंज (हरदोई)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के शहबादपुर में आपसी विवाद व गाली गलौज को लेकर जमकर बरसे ईंट पत्थर से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए।

बताते चलें कि रविवार की दोपहर कोतवाली बेनीगंज के शहबादपुर गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट में 48 वर्षीय रामफेरे राठौर पुत्र चुन्नू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, हत्या की ख़बर फैलते ही घटना स्थल पर सैकड़ों की भीड़ जमा हो गई, मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ पहुंच कर भीड़ को काबू करते हुए मारपीट करने वाले कुछ व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है, और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया।



प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने बताया कि मृतक रामफेरे और उसके भतीजे राहुल पुत्र लेखराम के बीच पहले किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई फिर गाली गलौज पर उतर आने के बाद ईंट पत्थरों से मारपीट शुरू हुई जिसमें रामफेरे की मृत्यु हो गई। मामला संज्ञान में है। घटना की सघन जांच पड़ताल की जा रही है, जांच के उपरांत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### मतदान स्थल पर व्यवस्थाएं चौबंद रखने के निर्देश

**बावन, हरदोई, अमृत विचार।** शनिवार को विकास खंड कार्यालय में खण्ड विकास अधिकारी ने बीएलओ, सुपरवाइजर और सचिवों के साथ बैठक की। बैठक में सभी को कार्य को बेहतर तरीके से करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बीएलओ के सवालों का जवाब खंड विकास अधिकारी ने दिया। मतदाता सूची और मतदान स्थल पर कोई खामी न रह जाए इस बात पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में खंड विकास अधिकारी डॉ रामप्रकाश ने कहा कि बूथों पर एक बार पुन: जांच कर ले कही कोई कमी हो तो अभी दूर कर ली जाए। सभी बूथों पर पावर साकेट, सफाई, साईनेज, फ़र्नीचर, पानी, शौचालय की व्यवस्था ठीक कर लें। प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक आदर्श बूथ भी बनाये जाने के निर्देश दिये गये। समस्त उपास्थित बीएलओ को मतदान से सम्बन्धी जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। जिससे मतदान प्रतिशत बढाया जा सके। बैठक मे सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। बैठक में सहायक खण्ड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार, अवर अभियंता लघु सिंचाई मौजूद रहे।

### रमजान का तीसरा अशरा शुरू

**बावन, हरदोई, अमृत विचार।** रमजान के पाक महीने का दूसरा अशरा रविवार की शाम को मुकम्मल हो गया और तीसरा अशरा शुरू हो गया है। तीसरे अशरे में मुस्लिम समुदाय के लोग एतकाफ में बैठते हैं और दुनियावी चीजों से खुद को अलग करके सिर्फ दिन-रात अल्लाह की इबादत करते हैं। एतकाफ के लिए पुरुष मस्जिदों में बैठते हैं, जबकि महिलाएं घर के किसी कोने में पर्दा लगाकर बैठती हैं। जामा मस्जिद बावन के सदर सैय्यद उबैदउल्लाह ने कहा कि इस्लामिक मान्यता के मुताबिक, एतकाफ में बैठकर इबादत करने वालों के अल्लाह सभी गुनाह माफ कर देता है। उनकी हर जायज दुआ को पूरा करता है।

### सपा के जोनल प्रभारियों की हुई बैठक

**सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के हरदोई रोड स्थित एक मैरिज हॉल में विधानसभा अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में जोनल प्रभारी की बैठक की। मुख्य अतिथि पूर्व कबीना मंत्री रामपाल राजवंशी व सपा जिला अध्यक्ष शराफत अली मौजूद रहे। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा ने जनता के साथ छलावा किया है। जिला अध्यक्ष ने ज़ोनल प्रभारियों को बूथ जिताने की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि हमें आपसी मनमुटाव को भुलाकर वह एक जुट होकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताना है। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी संगीता राजवंशी को जिताकर संसद भवन भेजना है।



### अफ्तार में जुटे रोज़ेदार अमन-चैन की मांगी दुआ

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** मस्जिद सैय्यदना सिद्दीक-ए-अकबर में 19 वें रोज़े को मिन्हाज़ उद्दीन अंसारी की तरफ से रोज़ेदारों के लिए अफ्तार पार्टी हुई। जिसमें सैंकड़ों रोज़ेदारों ने शामिल होते हुए एक साथ अफ्तार कर नमाज़ अदा की और फिर उसके बाद अल्लाह की बारगाह में हाथ उठा कर देश और देश में रहने वालों की सलामती की दुआ मांगी। मिन्हाज़ उद्दीन अंसारी ने कहा कि हर मुसलमान को अपनी कामयाबी के लिए अल्लाह और उसके रसूल के बताए गए रास्ते पर चलना ज़रूरी है। आगे कहा कि जैसे भी हो सके, हर जरूरतमंद की ज़रूर मदद करें। अफ्तार पार्टी के इंतजाम में मिन्हाज़ उद्दीन अंसारी के अलावा बिलाल गाज़ी, तारिक अंसारी, दानिश खान, फहीम पिहानवी व हैरत पिहानी शामिल रहे।

## हकीकत — दलित बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग पर जल भराव

# नगर को स्वच्छ बनाने के दावे हवाई

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के स्वच्छता अभियान को गति देकर नगर को स्वच्छ बनाने के दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। शहर में प्रमुख मार्गों के साथ-साथ गलियों में भी नालियां चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इन्हीं रास्तों से होकर गुजरने को लोग मजबूर हैं।



पावर हाउस से दलित बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग पर जल भराव। अमृत विचार

बासित नगर मार्ग से दलित बस्ती सैय्यदवाड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर नालियों की पर्याप्त सफाई न होने की वजह से कीचड़ युक्त गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। नजारा देखने से पता चलता है कि बिन बारिश के यहां पर किस तरह जल भराव है। लोगों ने बताया कि सफाई नायक और सफाई कर्मचारी एक-एक सप्ताह तक दर्शन नहीं देते हैं। वहीं सफाई निरीक्षक दीपक कुमार का दावा है कि सभी वार्डों में प्रतिदिन सफाई की जाती है, लेकिन कहीं पर कूड़ा कचरा फंस जाता है तो नालियों से पानी निकल कर गलियों में आ जाता है। सूचना मिलने पर तत्काल सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करा दी जाती है।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

**वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल**

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक:** - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग** - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी ( सर/दिमाग की चोटें ) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग** - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग** - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

# शिक्षा से ही मिलती है पहचान, मन लगाकर करें पढ़ाई

## बेसिक स्कूलों में परीक्षा परिणाम घोषित, रिपोर्ट कार्ड देने के साथ मेधावी बच्चों को किया गया पुरस्कृत

हरदोई

**अमृत विचार।** 30 मार्च को जिले के बेसिक स्कूलों में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। साथ ही बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इसी कड़ी में बावन ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय तौकलपुर में भी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। कक्षा 8 में प्रांकुल मिश्रा ने सर्वाधिक अंक हासिल कर क्लास में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दूसरे स्थान पर सुधांशु और तीसरे स्थान पर काजल शुक्ला रहीं। प्रधानाध्यापक राज किशोर ने अच्छे अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं की इस उपलब्ध के लिए उन्हें सराहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज में व्यक्ति को पहचान मिलती है। अच्छी शिक्षा का बहुत महत्व होता है। उन्होंने सभी बच्चों को आगे और मेहनत करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वह खूब मेहनत करें और आगे की कक्षाओं में भी अच्छे अंक लाकर अपना और अपने माता-पिता व गुरुजनों का नाम भी रोशन करें। शिक्षक दीपक कुमार सिंह ने भी अच्छे अंक लाने वाले सभी बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि सभी बच्चे अच्छे हैं। शिक्षा का स्तर उनका बहुत अच्छा है। आगे हाई स्कूल, इंटर और स्नातक की कक्षाओं में भी वह निरंतर ऐसे ही अच्छे अंक लाते रहे। इस मौके पर पूर्व छात्र सुमित कुमार, सौरभ शुक्ला, राघव तिवारी, आदर्श मिश्रा ने भी अपने अनुभवों को बच्चों के बीच शेयर किया। परीक्षा परिणाम वितरित होने से पूर्व कक्षा 8 उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्र छात्राओं के तिलक लगाया गया। इस बीच स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।



परीक्षाफल के साथ बच्चे। अमृत विचार

वहीं बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय पलिया में परीक्षाफल और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधानाध्यापिका रश्मि ने बच्चों से कहा कि वे हर हाल में अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान से देश को और शक्तिशाली देश बनाया जा सकता है। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय पलिया में भी परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विद्यालय की इंचार्ज रश्मि ने बच्चों से कहा कि वे देश का अच्छा नागरिक बन कर देश सेवा में योगदान दें। उन्होने अपने स्टाफ से कहा कि शैक्षिक स्तर को और ऊंचा करने के लिए सरकार तमाम योजनाएं चला रही है। इसके लिए ज़रूरी है कि शिक्षक और शिक्षिकाएं पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें। इस बीच इंचार्ज अध्यापिका रश्मि ने शिक्षक शिक्षिकाओं समेत कर्मचारियों को अंग वस्त्र भेंट किया। इस दौरान शिक्षक धीरज सिंह, ब्रजकिशोर, स्नेहलता व शिक्षामित्र अरूण कुमार सिंह, आशीष सिंह, विमला देवी, सफाईकर्मी राजपाल व अभिभावक सहित प्रबंध समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय जरैला सढियापुर में शिक्षक राजकुमार मौर्य को सेवानिवृत्ति के बाद भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान गांव के मुखिया सहित क्षेत्र के तमाम शिक्षकों ने उनकी विदाई समारोह में पहुंच कर पुष्प माला पहना पहनाया और उनके बेहतरीन सेवा काल की चर्चा की। शिक्षकों ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ एवं स्वच्छ छवि का शिक्षक बताया। स्कूल में साथ में सेवा दे रहे शिक्षकों ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक सरकारी प्रक्रिया है, जो सभी सरकारी कर्मी के साथ लागू होती है, परंतु राजकुमार मौर्य जी के साथ जितने दिन भी मैंने कार्य किया बहुत कुछ इनसे सीखने का मौका मिला।

## एक नजर

### सीता स्वयंवर पर सेमिनार कार्यशाला का आयोजन

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा श्री साईं सेवा समिति ग्राम निर्मलपुर हरदोई के तत्वाधान में सीता स्वयंबर उत्सव एवं कार्यशाला सेमिनार का आयोजन ब्लॉक क्षेत्र के अतर्छा खुर्द में किया गया, जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में पार्टी कलाकारों द्वारा समाज से विलुप्त होती जा रही गायन, न्रत्य, नाटक, जैसी विधाओं से रुबरु कराते हुए लोगों को जागरुक किया और समाज में लोगों को आनंद मय खुशियों भरा जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। सीता स्वयंबर के मशहूर कलाकार राखी दुबे, संतोष, रूपरत्ना, ममता सिंह, एवं वर्षा सिंह ने सीता स्वयंवर पर नाटक कर वहां मौजूद दर्शक महिलाओं पुरुषों को मंत्रमुग्ध कर दिया और लोग तालियां बजाने पर मजबूर हो गये। श्री साईं सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सहित अभय सिंह, राम नरेश, अमृतलाल दीक्षित, श्रवण कुमार, समाजसेवी पृथ्वी पाल ने सेमिनार की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही वक्ताओं को प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### पति की मौत के बाद वृद्ध पत्नी ने कर ली आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** बीमार चल रहे पति की मौत के बाद उसकी अधेड़ पत्नी को लगा कि मझधार में फंसी ज़िंदगी को वह अकेले कैसे पार लगा पाएगी ? टके से इस सवाल ने उसकी ज़िंदा रहने की सारी ख्वाहिशों को पहले ही मार दिया और उसी के चलते उसने अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला कोतवाली देहात के बरैंयापुरवा का है। मेहनत-मज़दूरी कर गुज़र करने वाले रामविलास (55) को ज़िम्मेदारियों के बोझ ने बीमार बना दिया। 50 वर्षीय उसकी पत्नी राम रानी ने तमाम जतन किए, लेकिन उसका कोई बस नहीं चला और 9 मार्च को रामविलास की मौत हो गई। पति के न रहने के बाद से राम रानी गहरे सदमे में आ गई। शनिवार की रात मकान के ऊपरी कमरे में रस्सी से फांसी लगा कर उसने भी आत्महत्या कर ली। पुत्र संदीप ने जब ऊपर जाकर कमरे में देखा तो वहां मां का शव फंदे से लटक रहा था।

### बाइक की टक्कर लगने से राहगीर की हुई मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बाइक जानवर हांकते हुए घर जा रहे राहगीर को टक्कर मारते हुए खाईं में जा गिरी,जिससे दोनों बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। उन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां राहगीर की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार का इलाज चल रहा है। साण्डी थाने के सैतियापुर गांव निवासी राज बहादुर गांव के बाहर से अपने खेत के पास सड़क के किनारे झोपड़ी बनाकर वहीं रहता था। शनिवार की शाम को वह जानवरों को चराने के बाद उन्हे हांकते हुए घर लौट रहा था। वह सड़क पार कर रहा था, उसी बीच एक तेज़ रफ्तार बाइक उसे टक्कर मारते हुए खाईं में जा गिरी, हादसे में राजबहादुर और बाइक सवार दोनों बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। उन दोनों को आनन-फानन में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,जहां राजबहादुर की मौत हो गई। बाइक सवार का इलाज चल रहा है। उसकी पहचान नहीं हो पाई थी।

# सीटी स्कैन यूनिट में आई खराबी

हरदोई

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज की सीटी स्कैन यूनिट का साफ्टवेयर करेप्ट होने से कामकाज ठप हो गया। दूर-दूर से पहुंचने वाले मरीज़ों को पैसे खर्च कर मजबूरी में बाहर से जांच करानी पड़ रही है। सबसे ज्यादा दुश्वारी इमरजेंसी और मेडिको लीगल केस वालों को उठानी पढ़ रही है। कहा जा रहा है कि जितनी भी जल्दी की जाए, फिर सिस्टम ठीक होने में तीन से चार दिन लग सकते हैं।



मेडिकल कॉलेज में बंद पड़ा सीटी स्कैन कक्ष। अमृत विचार

मेडिकल कालेज की सीटी स्कैन यूनिट 24 घंटे काम करती है। रविवार की सुबह एक-आध जांच हुईं, उसके बाद 11:43 बजे मशीन का साफ्टवेयर करेप्ट हो गया और कामकाज ठप हो गया। सीटी स्कैन के लिए इंतज़ार में खड़े मरीज पहले तो कुछ समझ नहीं पाए, लेकिन जब उन्हें पता चला कि मशीन नहीं चल रही है तो काफी निराश हो गए। क्योंकि बाहर से सीटी स्कैन कराना काफी महंगा होता है। मरीज़ और उनके तीमारदार शाम तक उम्मीद लिए वहां खड़े रहे, फिर बाद में मायूस होकर लौट गए। बताया गया है कि साफ्टवेयर करेप्ट होने के बारे में कंपलेंट नोट करा दी गई है, लेकिन फिर ठीक होने में तीन से चार दिन लग सकते हैं।

### फल की दुकान में लगी आग, कैरेट्स जले

**शाहाबाद, हरदोई।** डाक बंगले से सटी एक फल की दुकान में एचटी लाइन से हुई स्पार्किंग के कारण भयंकर आग लग गई। इस आग में फल मालिक की लगभग 500 फ्रूट कैरेटस जलकर राख हो गयी। आसपास के लोगों ने दौड़कर बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग शाम को 6:30 बजे के वक्त लगी। डाक बंगले से सटी फारिक निवासी वाजिद खेल की फ्रूट की दुकान के पास से एचटी लाइन निकली है। एचटी लाइन के ठीक नीचे फल की खाली कैरेट्स से लगी थी। तारों की स्पार्किंग से चिंगारी कैरेट के ऊपर गिरी और कैरेटस ने आग पकड़ ली। प्लास्टिक होने की वजह से कैरेट जलने लगी। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाया।



### पुलिस ने दंगा नियंत्रण का किया पूर्वाभ्यास

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी। रविवार को हरियावां सर्किल के टड़ियावां में पुलिस ने एसपी केशवचन्द गोस्वामी के नेतृत्व में दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया। एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि किसी भी आपातकाल से निपटने के लिए तैयारी जरूरी होती है। किसी भी प्रकार घटना हो जाने पर पुलिस फोर्स की तैनाती, लोगों की सुरक्षा सहित अनेक प्राथमिकता पर तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान एलआईयू इंस्पेक्टर शिरीष शर्मा, प्रभारी निरीक्षक टड़ियावां अशोक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष हरियावां भावना भारद्वाज सहित सर्किल के सभी थानों की पुलिस मौजूद रही। एडिशनल एसपी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि आंतरिक सुरक्षा योजना के तहत सर्किल के सभी थानों के पुलिस कर्मियों का पूर्वाभ्यास कराया गया।

### होली पर जुटे पूर्व सैनिक, गले मिल दी बधाई

**हरदोई, अमृत विचार।** पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन ने रविवार को सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय पर होली मिलन का आयोजन किया। आयोजन में जुटे पूर्व सैनिकों ने एक दूसरे को गुलाल का तिलक कर होली की बधाई दी। समारोह में श्रवण मिश्र राही, निशा नाथ अवस्थी व अखिलेश चंद्र अग्निहोत्री ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार अग्निहोत्री ने इस मौके पर कहा कि यह त्योहार प्रेम सौहार्द का संदेश देता है। उनका प्रयास है कि लगातार सामाजिक सरोकार से जुटे ऐसे आयोजन होते रहे। इस अवसर पर अनेक पूर्व सैनिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महेश चंद्र मिश्रा ने किया। उधर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विमलेश दीक्षित ने रद्धेपुरवा स्थित एक गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें तमाम व्यापारियों ने भागीदारी की। एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर आईटी सेल जिलाध्यक्ष भरत पांडेय, युवा जिलाध्यक्ष अवनीश त्रिवेदी, कैलाश गुप्ता सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।



पूर्व सैनिकों के होली मिलन समारोह में काव्य पाठ करते कवि श्रवण मिश्रा। अमृत विचार

### चुनाव को लेकर तहसील सदर में बनाया कंट्रोल रूम

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर तहसील सदर में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 156, हरदोई का कन्ट्रोल रूम कमरा नम्बर 06 में बनाया गया है और कन्ट्रोल रूम का मोबाइल नम्बर 7388226967 है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि कन्ट्रोल रूम में रोस्टर के अनुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। निर्देशित किया गया है कि वह नियत समय पर कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहकर विभिन्न प्रकार की टीमों से सम्पर्क करें और निर्वाचन सम्बन्धी प्रत्येक गतिविधियों पर दृष्टि बनाये रखें।

## सार-संक्षेप

### गंगा प्रदूषण मुक्त अभियान को चुनौती दे रहा नाला

**हरदोई, अमृत विचार।** सबसे चर्चित कुसुमखोर घाट पर माघ माह में रामनगरिया का आयोजन महान संतों, सनातन धर्मियों द्वारा भाजपा सरकार आते ही शुरू किया गया था, जो लगातार उस गंगा मां के तट को संतों के संगम के रूप में विकसित होता जा रहा है जो लोगों की उम्मीदों के अनुसार बहुत जल्द ही यह छोटे प्रयाग का रूप ले लेगा। दुर्भाग्य है कि रामलला की सरकार में कुसुमखोर के बूचड़खाने और वहां के गंदे नाले मां गंगा की पवित्रता के लिए चुनौती बने हुए हैं। कुसुमखोर का गंदा नाला पुल से खड़े होकर देखा जा सकता है। समुदाय विशेष द्वारा चल रहे बूचड़खाने व उनके घरों की गंदगी नाले के रूप में गंगा जल को आचमन के लायक भी नहीं छोड़ रही है। कन्नौज व फर्रुखाबाद के श्रद्धालु मजबूरन पुल पार करके हरदोई जिले की सीमा में आकर शुद्ध गंगा जल का आचमन व स्नान करते हैं। प्रशासन की अनदेखी के चलते गंगा का जल लगातार दूषित हो रहा है, जबकि गंगा सफाई पर अरबों रुपया खर्च किया जा रहा है।

### बस कंडक्टर व सवारियों में मारपीट, केस दर्ज

**हरदोई, अमृत विचार।** कैसरबाग डिपो की रोडवेज़ बस के कंडक्टर ने बस के अंदर ही सवारी के ऊपर हाथ चला दिया,उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वही दूसरी तरफ कंडक्टर ने एक नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मारपीट करने का केस दर्ज कराया है। वायरल हो रहे वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कंडक्टर सीट पर बैठा शख्स सामने खड़े दूसरे व्यक्ति को अचानक पीछने लगता है। जांच पड़ताल में पता चला कि विडियो कैसरबाग डिपो की रोडवेज़ बस के अंदर का है, जिसमें कंडक्टर किराए की बात पर एक सवारी से उलझते हुए उस पर हाथ उठा देता है। मल्लावां कोतवाली के बाबटमऊ निवासी मनीष द्विवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह कैसरबाग डिपो की बस का कंडक्टर है। शनिवार को वह लखनऊ से सवारी ले कर आ रहा था, उसी बीच बस पर सण्डीला से सवार हुए शख्स से बालामऊ पहुंच कर टिकट मांगा, उसने गाली-गलौज करते हुए अपने साथियों को बुला कर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने दी गई तहरीर के मुताबिक वैभव प्रताप सिंह निवासी सुभाषनगर कोतवाली शहर और उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की जांच एसआई मार्कंडेय सिंह को सौंपी गई है।




पदक दिखाते खिलाड़ी। अमृत विचार

### जिले के खिलाड़ियों ने दिखाया हरियाणा में दम

**हरदोई, अमृत विचार।** हरियाणा में हुई 14वी सैम्बो राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हरदोई के अनुभव सिंह चौहान, गौरव सिंह, आदित्य ठाकुर, सिद्धार्थ ठाकुर प्रतिभाग कर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। और झटके चार स्वर्ण पदक। जिसमें गौरव सिंह ने यू-14 46 किलो भार वर्ग में फाइनल में वेस्ट बंगाल को हरा कर स्वर्ण पदक, अनुभव सिंह चौहान ने यू- 18 में 58 किलो भार वर्ग में हरियाणा को फाइनल में हरा कर स्वर्ण, आदित्य ठाकुर यू-20 में 82 किलो भार वर्ग में मेघालय को फाइनल में हरा कर स्वर्ण, सिद्धार्थ ठाकुर सीनियर में 98 किलो भार वर्ग में फाइनल में छत्तीसगढ़ को हरा कर झटका स्वर्ण पदक साथ ही शहर के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निखिल सिंह, तुषिता सिंह हरियाणा में निर्णायक की भूमिका अदा करते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी हरदोई मंजू शर्मा, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सहारनपुर अनिमेष सक्सेना जी दिल्ली जेल पुलिस हेड कांस्टेबल श्री शुशील बाबू ने खिलाड़ियों को बधाई दी तथा घर वापस आने पर सम्मानित करने की बात कही।

### सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य व शिक्षक को दी गई विदाई

**हरदोई, अमृत विचार।** जीआईसी के प्रधानाचार्य व एक शिक्षक के सेवानिवृत होने पर शनिवार को कालेज के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य टीआर वर्मा व कालेज के शिक्षक महेंद्र अस्थाना को शिक्षकों ने माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। श्री वर्मा ने बताया कि वह 1 जून 2021 से कालेज में प्रधानाचार्य के पद पर थे। वहीं शिक्षक श्री अस्थाना भी लगभग 12 वर्षों से कार्यरत रहे। डीआईओएस बालमुकुंद प्रसाद ने श्री वर्मा और श्री अस्थाना के कार्यो की सराहना की। इस मौके पर शीलू सिंह ममता, अंजली सिंह, शताक्षी मिश्रा, स्वाती चंदेल, महेंद्र पाल, राजीव मिश्रा, पंकज मिश्रा, रमेश चंद्र वर्मा व सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य रहे टीआर वर्मा के सेवानिवृत होने पर कालेज के स्टाफ के साथ समारोह में पत्नी व चारों पुत्र व उनकी पत्नियों भी मौजूद रहीं। कालेज का चार्ज वहां के वरिष्ठ शिक्षक सुधाकर वाजपेई को सौंपा।

# स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों का होगा सामूहिक बीमा, प्रक्रिया शुरू

हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों के लिए अच्छी खबर है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विभाग में कार्यरत मानव संपदा पोर्टल पर पंजीकृत कर्मियों का सामूहिक बीमा किया जाएगा। इसका लाभ जनपद के 1400 कर्मचारियों को मिलेगा। शासन ने जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोहताश कुमार को पत्र कर जारी कर सूचना मांगी है। पोर्टल पर सूचना भरी जाने लगी है। जल्द ही सभी का बीमा हो जाएगा।

सीएमओ डॉ रोहताश कुमार ने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर पंजीकृत कर्मियों का सामूहिक बीमा करने का फैसला प्रदेश स्तर से किया गया है। जनपद में लगभग 1400 संविदाकर्मी है। इन संविदा कर्मियों की ड्युटी जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंदों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर है। कर्मचारियों की जानकारी 31 मार्च तक पोर्टल पर पंजीकृत करनी है। योजना में टीबी कर्मचारी, सीएचओ, स्टाफ नर्स और एएनएम पद के लोग शामिल होंगे। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल पंकज ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्य करने वाले सभी संविदाकर्मियों का मानव संपदा पोर्टल पर नाम, पदनाम, जन्मतिथि, योग्यता, योगदान, तिथि, लिंग, तैनाती का विवरण, विभाग से तय मानदेय सहित तमाम बिन्दुओं की जांच करने के बाद 31 मार्च तक अपडेट कर दिया जाएगा। पंजीकृत होने के बाद ही कर्मियों को बीमा का लाभ मिल सकेगा।

बीमें की प्रक्रिया शुरू होते ही प्रदीप सिंह रिंकू, टीबी कर्मचारी योगेंद्र सिंह, महेश श्रीवास्तव, ब्रजेश मित्रा, अनुग्रह भारद्वाज, डीपी सिंह यादव, उपेंद्र प्रताप सिंह, आसीष सिंह गौर, हरिनाम सिंह यादव, मनोज शुक्ला, शराफत खान, राजकुमार सचान, कमलेश डिसूजा, अखिलेश मित्रा आदि ने खुशी का इजहार किया है।

### पहले मारा-पीटा अब दे रहे धमकी

**हरदोई, अमृत विचार।** उधारी मांगने पर दुकानदार का बीच गांव में सिर फोड़ने के मामले में एसपी के एक्शन में आने के बाद पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन अभी तक किसी एक की भी गिरफ्तारी नहीं कर सकी। इस वजह से हमलावर अब जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मामला बेहटा गोकुल थाने के बबनापुर गांव का है। गांव में लवकुश परचून की दुकान चलाता है। वहीं के हरिशंकर के उधारी हो गई। गुरुवार को लवकुश ने उधारी मांगी तो हरिशंकर गाली-गलौज करते हुए उमाशंकर, कृपाशंकर, ब्रजनंदन, जयचंद्र, रामसनेही, गोविंद व राधे के साथ मिल कर लवकुश के भाई छोटे उर्फ श्याम शंकर को पीट-पीट कर उसका सिर फोड़ दिया। पहले तो पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया, लेकिन एसपी की फटकार पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया लेकिन किसी भी हमलावर की गिरफ्तारी नहीं हुई, जिससे हमलावरों के हौसले बुलंद हैं।

# हमले में घायल युवक की मौत मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन

हरदोई

**अमृत विचार।** गलत तरीके से दरवाज़ा रखने का विरोध करने पर घर में घुसकर चाचा-भतीजे को पीटा गया। सिर में गहरी चोंट पहुंचने से घायल चाचा की लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे गुस्साए परिजनों ने न्याय दिलाने की मांग करते हुए सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिया है।

बीते बुधवार को कोतवाली शहर के कुतुआपुर में जयराम, तौले, इच्छाराम व मंशाराम गलत तरीके से दरवाज़ा रख रहे थे। उसी पर मनोज कुमार पुत्र नन्हेलाल ने विरोध किया, उसके विरोध करने से तिलमिलाए उन लोगों ने मनोज के घर में घुस कर उसके भाई सुदेश व पुत्र सुरजीत के अलावा पल्लवी व मीना को बड़ी बुरी तरह से पीट दिया। सुदेश के सिर में काफी चोंट आई, उसे मेडिकल कालेज से लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था। इधर पुलिस ने दी गई तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी थी। उधर सुदेश की शुक्रवार को तीसरे दिन मौत हो गई। लखनऊ पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद सुदेश का शव उसके घर वालों को सौंप दिया। रविवार को गुस्साए उसके घरवालो ने शव गांव की सड़क पर रख कर इंसाफ के लिए हंगामा करने लगे।

कार्यक्रम — मल्लावां क्षेत्र के आदर्श ग्राम बांसा में 405वां युगऋषि वाङ्मय साहित्य की हुई स्थापना

# ज्ञान का दान समाज के लिए कल्याणकारी : उमानंद शर्मा

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहे गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर लखनऊ के द्वारा ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 405वां युगऋषि वाङ्मय साहित्य की स्थापना मल्लावां क्षेत्र के आदर्श ग्राम बांसा में कम्युनिटी लाइब्रेरी एंड रिसोर्स सेंटर में की गई। इस महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक पुस्तकालय की चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में की थी।

गायत्री ज्ञान मंदिर के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने गायत्री परिवार का काफी संख्या में साहित्य भेंट करते हुए कहा कि गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 405वाँ ऋषि वांङमय की स्थापना कार्यक्रम रविवार को बांसा में सम्पन्न हुआ है। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकत्री अर्चना गुप्ता एवं डॉ. नीलम गुप्ता ने अपने पूज्य पिता स्व. प्रेम शंकर गुप्ता की स्मृति में भेंट किया है जो कि सराहनीय कार्य है। डॉ. नीलम गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त व्यक्त करते हुए कहा कि गायत्री परिवार के साहित्य को पढ़ने से व्यक्ति, परिवार और समाज को संस्कारी बनाने के लिए विशेष सहायता मिलती है। लाइब्रेरी के संरक्षक एवं प्रधान संपूर्णानंद सिंह में कहा कि कोविड के समय जब बच्चों की पढ़ाई बंद हो चुकी थी उसे समय इस लाइब्रेरी की स्थापना की गई जिसमें यहां से पुस्तकें प्राप्त कर बच्चे घर बैठे अच्छी शिक्षा प्राप्त करते रहे। अब गायत्री परिवार द्वारा दिए गए इस साहित्य के माध्यम से पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों तथा सभी ग्रामवासियों में अच्छे संस्कार भी पैदा होंगे जिसके लिए गायत्री परिवार सराहना का पात्र है। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, अनिल भटनागर, देवेन्द्र सिंह, डॉ नीलम गुप्ता, ग्राम प्रधान सम्पूर्णानंद सिंह, विपिन कुमार सोनी, परमेश्वरदीन कनौजिया, उषा देवी एवं मीरा देवी सहित सैकड़ों की संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद रहे।



कम्युनिटी लाइब्रेरी एंड रिसोर्स सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में साहित्य सौंपते गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

### गांव के पास चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पाली रोड पर अतरजी के निकट लोकसभा चुनावों में काला धन की छापेमारी को लेकर एफ एस टी टीम ने वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया वाहनों को रोक कर उनका बारीकी से निरीक्षण किया गया। एफएसटी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता, सब इंस्पेक्टर सगीर अहमद एवं महिला कांस्टेबल ममता वर्मा ने पाली रोड पर चौपहिया वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत टीम ने आने-जाने वाले वाहनों को रोक कर उनके अंदर बारीकी से छानबीन की। लोकसभा चुनावों को लेकर चुनाव आयोग के निर्देश पर एफएसटी, बीएसटी एवं एसएसटी टीमें बनाई गई हैं , जो चुनाव में प्रयोग होने वाले काला धन को पकड़ रही है।

पर्वतीय, पिछड़े वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं को लेकर भाजपा, कांग्रेस व बसपा में जमकर खींचतान बीते तीन चुनावों में यही वोट बैंक तय करता रहा है जीत और हार



धर्म नगरी में अब तक छह बार भाजपा और चार मर्तबा कांग्रेस ने दर्ज की है जीत

# भाजपा की हैट्रिक आसान कर सकता चतुष्कोणीय मुकाबला

**हरिद्वार संसदीय सीट**

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में इस बार सबसे ज्यादा धर्मनगरी हरिद्वार संसदीय सीट की चर्चा है। यहां से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बेटे कुंवर वीरेंद्र रावत को टिकट दिया है, तो भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को उम्मीदवार बनाया है। खानपुर क्षेत्र से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार भी चुनाव मैदान में हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे जमील अहमद को मैदान में उतारा है। इस हाल में यहां मुकाबला रोचक बन गया है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि इस सीट पर भाजपा जीत की हैट्रिक बनाती है अथवा चौतरफा संघर्ष में फंसती है।

### छह विस सीटों पर भाजपा, पांच पर कांग्रेस काबिज

- हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में आने वाली 14 विधाससभा सीटों में वर्तमान में छह पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। दो सीटों पर बसपा तो एक पर निर्दलीय प्रत्याशी जीता था।
- 2022 के विधान सभा चुनावों में भाजपा को 38.8 प्रतिशत, कांग्रेस को 36.0 प्रतिशत, बसपा को 14.1 प्रतिशत आम आदमी पार्टी को 1.9 प्रतिशत तथा सपा को 0.2 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे।
- हालांकि 2017 के विधानसभा चुनावों में भाजपा काफी आगे रही थी। उसे 45.6 और कांग्रेस को 32.4 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। बसपा को इस चुनाव में 13.8 प्रतिशत मत मिले थे।
- समाजवादी पार्टी भी एक बार दौड़ा चुकी है धर्म नगरी में साइकिल
- कैडर वोटों के सहारे बसपा यहां बनाती और बिगाड़ती रही है खेल







1 **कुंवर वीरेंद्र रावत**
कांग्रेस ने दिया है टिकट

2 **त्रिवेंद्र सिंह रावत**
पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा प्रत्याशी

3 **उमेश कुमार**
खानपुर से निर्दलीय विधायक

### हरपाल साथी ने जीत की हैट्रिक का बनाया रिकॉर्ड

- हरिद्वार संसदीय सीट वर्ष 1977 में अस्तित्व में आई। पहला संसदीय चुनाव जनता पार्टी ने जीता। उस दौरान इस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का खासा प्रभाव था।
- वर्ष 1980 में यह सीट जनता पार्टी (सेक्युलर) ने जीती लेकिन 1984 में समीकरण बदले और कांग्रेस ने विजय पताका फहराई।
- वर्ष 1987 के उपचुनाव में भी कांग्रेस का कब्जा कायम रहा। वर्ष 1989 के चुनाव में कांग्रेस ने इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाई।
- वर्ष 1991 में कांग्रेस से भाजपा में आए राम सिंह सैनी ने राजनीति बदल दी और यह सीट भाजपा के खाते में चली गई। हालांकि परिसीमन में बदलाव हुआ और यह सीट आरक्षित हुई। इसके बाद भाजपा के कद्दावर नेता हरपाल साथी ने लगातार तीन चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकॉर्ड बनाया।

### उत्तराखंड बनने के बाद पहले चुनाव में सपा का खुला खाता

- वर्ष 2004 में उत्तराखंड राज्य का गठन के तुरंत बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में सपा ने हरिद्वार सीट भाजपा से छीन ली। इसके बाद नया परिसीमन हुआ और यह सीट आरक्षित से सामान्य हो गई। अल्मोड़ा से हरिद्वार पहुंचे कांग्रेस के कद्दावर नेता हरीश रावत ने यहां से 2009 में जीत दर्ज की और केंद्रीय जल संसाधन मंत्री बने। वर्ष 2014 में मोदी लहर ने इस सीट पर फिर राजनीति बदल दी। यहां से भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को उम्मीदवार बनाया। निशंक ने भारी मतों से जीत दर्ज की और वर्ष 2019 में भी अपनी जीत का प्रदर्शन दोहराया।

### देहरादून की तीन व हरिद्वार की 11 विस सीटें शामिल हैं

- हरिद्वार लोकसभा सीट में देहरादून की तीन विधानसभा सीटें डोईवाला, धर्मपुर और ऋषिकेश शामिल हैं। हरिद्वार जिले की हरिद्वार, बीएचईएल रानीपुर, ज्वालापुर, भगवानपुर, झबरेड़ा, पिरान कलियर, रूड़की, खानपुर, मंगलौर, लक्सर व हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा सीटें लोक सभा क्षेत्र का हिस्सा हैं।

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रमेश पोखरियाल | 665,674 |
| अंबरीश कुमार | 4,06,945 |
| अंतरिक्ष सैनी | 1,73,528 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | रमेश पोखरियाल | 592,320 |
| कांग्रेस | रेणुका रावत | 4,14,498 |
| बसपा | मोहम्मद इस्लाम | 1,13,663 |




### हरिद्वार से निर्वाचित सांसदों की सूची

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1977 | भगवान दास राठौड़ | जनता पार्टी |
| 1980 | जगपाल सिंह | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1984 | सुंदर लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1987 | राम सिंह सैनी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | जगपाल सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | राम सिंह सैनी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996, 98 व 99 | हरपाल सिंह साथी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | राजेंद्र कुमार बाड़ी | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | हरीश रावत | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 व 19 | रमेश पोखरियाल | भारतीय जनता पार्टी |

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | हरीश रावत | 332,235 |
| भाजपा | यतींद्रानंद गिरि | 2,04,823 |
| बसपा | शहजाद | 1,81,296 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े




# बदायूं में पिछली बार गुन्नौर ने गिरा दी थी सपा की साइकिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लंबे समय तक बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का कब्जा रहा। संसदीय क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में सपा को हमेशा लंबी बढ़त मिलती रही। लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में गुन्नौर की जनता ने सपा का मजबूत किला ढहा दिया। मोदी लहर में 2014 में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को जहां 54 हजार मत प्राप्त हुए थे, वहीं 2019 में 96,531 मतदाताओं ने भाजपा को वोट देकर सपा का खेल खराब कर दिया। इसके चलते भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्य ने बदायूं में कमल खिला दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि गुन्नौर की जनता इस बार किस ओर अपना रुख करेगी। मुस्लिम और यादव बाहुल्य क्षेत्र होने की वजह से बदायूं जिले में सपा का दबदबा रहा है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव बदायूं के लोगों को अपना कुनबा बताते थे। बदायूं सीट से मुलायम सिंह के करीबी रहे सलीम इकबाल शेरवानी पांच बार सांसद रहे। वर्ष 2009 में यहां सपा दो खेमे में बंट चुकी थी तो मुलायम सिंह ने अपने भतीजे पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को चुनाव मैदान में उतारा। उस समय बसपा की सरकार थी। बसपा से बाहुबली डीपी यादव चुनाव मैदान में थे। लेकिन चुनाव में सपा को ही जीत हासिल हुई। इसके बाद 2014 में मोदी लहर में भी धर्मेंद्र यादव ने भाजपा उम्मीदवार बागीश पाठक को 1.65 लाख वोटों के अंतर से हरा दिया था। सपा की जीत में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हाथ रहा। लेकिन, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा का गढ़ कहे जाने वाले गुन्नौर क्षेत्र ने पार्टी को तगड़ा झटका दिया। यहां से भाजपा उम्मीदवार को 96,531 वोट मिले। हालांकि सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव को यहां एक लाख छह हजार मत मिले, लेकिन भाजपा को अपेक्षा से ज्यादा वोट मिलने की वजह से सपा को हार का सामना करना पड़ा।

- भाजपा ने डा.संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर दुर्विजय सिंह शाक्य को उतारा तो सपा से शिवपाल सिंह यादव करेंगे मुकाबला
- 2014 की मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी को गुन्नौर में मिले थे महज 54 हजार वोट पर 2019 में 96,531 वोट लेकर जीता चुनाव
- अन्य विधानसभा सीटों पर सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव और भाजपा की संघमित्रा मौर्य में चलती रही थी मामूली अंतर से हार जीत

### वर्ष 2019 में विधानसभावार मिले मत

- बिसौली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 1,11,686, सपा को 1,06,485 और कांग्रेस को 6,711 मत प्राप्त हुए थे।
- सहसवान विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 95,093, सपा प्रत्याशी को 1,09,873 और कांग्रेस को 21,198 वोट मिले थे।
- बिल्सी विधानसभा में भाजपा 1,03,191 वोट, सपा को 79,751 और कांग्रेस को 9,190 वोट मिले थे।
- सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को 1,03,842, सपा को 89,691 और कांग्रेस को 9,698 वोट हासिल हुए थे।
- गुन्नौर विधानसभा में भाजपा को 96,531 और सपा को 1,06,159 वोट मिले थे।

### सपा में शिवपाल का टिकट बदले जाने की चर्चा

बदायूं लोकसभा सीट पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का मुकाबला करने के लिए मौजूदा सांसद डा.संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर भाजपा ने इस बार दुर्विजय सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है। वह पार्टी के ब्रज प्रांत के अध्यक्ष हैं। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य सपा मुखिया अखिलेश यादव व प्रत्याशी शिवपाल यादव पर तंज कस रहे हैं, शिवपाल पहले अपने भतीजे से तो निपट लें, अपने भतीजे की तो बात कर लें, भतीजे का विश्वास जीतें, जिसने यहां फंसा दिया है। इस बीच माना जा रहा है कि सपा बदायूं लोकसभा सीट पर उम्मीदवार बदल सकती है। इस संबंध में शिवपाल यादव का कहना है कि पार्टी जो भी निर्देश देगी, उसका पालन करूंगा।

# इंडिया गठबंधन के पास भ्रष्टाचार के अतिरिक्त कुछ नहीं: मोदी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि विपक्षी गुट 'इंडिया' के नेताओं के पास भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण के अलावा देने के लिए कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री ने ये बात रविवार को नमो एप के जरिए अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान कहीं। प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 'टिफिन बैठक' में विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' घिसी-पिटी बातों पर भरोसा करता है। उनमें तर्क और तथ्य दोनों का अभाव है। विपक्षी नेताओं पास भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण के अलावा और कुछ नहीं है। वे बस इतना ही जानते हैं। इसलिए, जब जनता उन्हें अस्वीकार करने लगती है, तो वे मोदी की आलोचना करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां कभी इस बात की सराहना नहीं करेंगी कि भारत कितना आगे आ गया है। वे परिवार के लिए और परिवार द्वारा हैं। अपनी बातचीत में मोदी ने कहा कि 10 साल पहले, आपने मुझे पहली बार अपना जनप्रतिनिधि होने की जिम्मेदारी सौंपी थी।



**हम भी मोदी** मेरठ में आयोजित राजग की रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने संबोधित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी जोश दिखा।

**भाजपा-सपा में रहती टक्कर** | इस बार बसपा यादव या मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाने की कर रही तैयारी

# एटा में हर बार अटकती रही हाथी की राह

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचार :** एटा- कासगंज लोकसभा क्षेत्र में हाथी की राह कभी आसान नहीं हो पाई। यहां बहुजन समाज पार्टी को कभी जीत नहीं मिली। हालांकि विधानसभा चुनाव में कासगंज में बसपा के प्रत्याशी को जीत मिली थी। शायद यही वजह है कि इस बार अभी तक बसपा ने लोकसभा का प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

बहुजन समाज पार्टी ने एटा लोकसभा क्षेत्र से कई धुरंधरों को मैदान में उतारा, लेकिन यहां की जनता ने उनको नकार दिया। कई बार प्रत्याशी घोषित होने के बाद बदलते भी रहे। लेकिन जीत हासिल नहीं हुई। इस बार यादव या मुस्लिम वर्ग से प्रत्याशी बनाए जाने की अटकलें हैं। बसपा जिलाध्यक्ष डीपी राना ने बताया कि हमने पैनल बनाकर मुख्यालय को भेज दिया है। इसमें नौ नाम शामिल किए गए हैं। अब मुख्यालय से ही निर्णय लिया जाएगा। संभवतः दो दिन में सूची आ जाएगी। उसमें एटा के प्रत्याशी का नाम शामिल होगा।



### विधानसभा चुनाव में मिली थी बड़ी सफलता

- विधानसभा चुनाव में एटा- कासगंज जिले में बसपा को बड़ी सफलता मिली थी। कासगंज विधानसभा क्षेत्र से हसरत उल्ला शेरवानी, सोरों विधानसभा क्षेत्र से ममतेश शाक्य, पटियाली विधानसभा क्षेत्र से अजय यादव और एटा के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र से अवधपाल सिंह यादव ने बसपा के टिकट पर चुनाव जीता और उस समय बसपा की सरकार प्रदेश में बनी थी। इसके अलावा वर्ष 2002 में पटियाली विधानसभा क्षेत्र से राजेंद्र सिंह चौहान ने चुनाव जीता था। वर्ष 2012 में अमापुर विधानसभा क्षेत्र से ममतेश शाक्य ने बसपा से चुनाव जीता था।

### 16 लाख से ज्यादा मतदाता

- इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इनमें कासगंज, अमॉपुर, पटियाली, एटा और मारहरा विधानसभा सीटें शामिल हैं। इस सीट पर 7,42,422 पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 8,78,827 है। थर्ड जेंडर के मतदाता 46 हैं। 2019 में कुल वोटरों की संख्या 9,99,607 थी। मतदान प्रतिशत 61.65% रहा था। एटा क्षेत्र मंट लोध, यादव और शाक्य जाति की बहुलता है।

### बीते दो चुनावों का जनादेश

- 2019 लोकसभा चुनाव में एटा सीट से बीजेपी के राजवीर सिंह ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,45,348 वोट मिले थे। सपा के देवेंद्र यादव 4,22,678 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे और आरजेएपी के सूरज सिंह 51,26 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहे थे। 2014 के चुनाव में भी कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह को टिकट मिला था। उन्होंने बड़ी जीत हासिल की थी। एटा में हुए 58 फीसदी मतदान में भाजपा के राजवीर सिंह को करीब 51 फीसदी वोट मिले थे तो उनके प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को सिर्फ 29 फीसदी वोट मिले थे।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा -पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश -मान -सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# चुनाव के बीच कच्चातिवु

लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपे जाने का मुद्दा गरमा गया है। कच्चातिवु भारत और श्रीलंका के बीच पाक जलसंधि में 285 एकड़ में विस्तृत एक निर्जन स्थान है, जो भारत के रामेश्वरम से लगभग 14 समुद्री मील की दूरी पर स्थित एक द्वीप है। वर्ष 1974 में भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की सिरिमा आरडी भंडारनायके ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे कच्चातिवु को श्रीलंका क्षेत्र के हिस्से के रूप में मान्यता दी गई। समझौते के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के स्वामित्व में परिवर्तन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप 'संवेदनहीन' ढंग से श्रीलंका को दे दिया था। गौरतलब है कि समझौते ने भारतीय मछुआरों को द्वीप के आस-पास मछली पकड़ने, वहां अपने जाल सुखाने की अनुमति के साथ भारतीय तीर्थयात्रियों को द्वीप पर स्थित कैथोलिक तीर्थ की यात्रा करने की अनुमति दी। इस निर्जन द्वीप पर मत्स्य पालन का अधिकार और संप्रभुता को लेकर यह भारत और श्रीलंका के बीच लंबे समय से विवाद का मुद्दा रहा है। जब इंदिरा गांधी ने श्रीलंका को यह द्वीप सौंपा तो सबसे ज्यादा विरोध तमिलनाडु में हुआ था। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री करुणानिधि ने इसका पुरजोर विरोध किया था। इसको लेकर साल 1991 में तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव में उस द्वीप को वापस लेने की मांग की गई। इसके बाद ये मामला उच्चतम न्यायालय में भी पहुंचा। हालांकि भारत सरकार ने 2013 में स्पष्ट किया कि पुनः प्राप्ति का सवाल ही नहीं उठता क्योंकि कोई भी भारतीय क्षेत्र हस्तांतरित नहीं किया गया था। तत्कालीन केंद्र सरकार ने दावा किया कि कच्चातिवु भारत-श्रीलंका अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के श्रीलंकाई हिस्से पर स्थित है। राजनीतिक कारणों और जनभावना के चलते कच्चातिवु का स्थानांतरण भारत की संसद के दोनों सदनों में विरोध और बहस शुरू होने का कारण बना। ये विवाद इसलिए भी बना हुआ है क्योंकि श्रीलंका, भारत के मछुआरों को वहां पर सुस्ताने और अपने जाल सुखाने से लगातार रोकता आया है। दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु को ध्यान में रखकर कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा उठाया, जबकि उनकी सरकार की विदेश नीति की विफलता के कारण नेपाल, भूटान और मालदीव जैसे पड़ोसियों के कारण रिश्ते बिगड़ गए। राजनीति और सियासी मांगों से अलग, भारत के कई सामरिक विशेषज्ञों को भी इस बात की आशंका लगती है कि भारत की मुख्यभूमि के बेहद करीब स्थित द्वीप तक कहीं चीन किसी तरह से अपनी पहुंच न बना ले। ऐसे में भारत को श्रीलंका के साथ अपने पारंपरिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत बनाने पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

# समझ नहीं आता कि देश किसका है



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

यक्ष प्रश्न है कि जीवनदायिनी नदियों का पानी सरकारी आदेशों के तहत कारपोरेटी कारखानों को दहेज की तरह सौंपा जा रहा है लेकिन मनुष्य और पशु पक्षियों को पीने और निस्तार के लिए प्राकृतिक जलाशयों पर अधिकार लुटेरे कानून बनाकर छीन लिया गया है।



केदार घाटी जैसी भयानक त्रासदी हुई लेकिन सजा किसी को नहीं मिली। लौह अयस्क, कोयला, बाक्साइट और अन्य खनिज कुछ घरानों की धन कमाने की हविश के लिए बलात्कृत बना दिए गए हैं। नागरिक असहाय होकर यह आधुनिक चीरहरण देख रहे हैं। कारखानों से निकलती रासायनिक गैसों से प्राणपद हवा प्रदूषित हो गई है। सांस लेने में कई नई बीमारियां हो रही हैं। कोई कानून सरकारों को मजबूर नहीं करता कि मनुष्य के जीने के अधिकार में कटौती नहीं हो सकती। नगरपालिका और पंचायत संस्थाएं जहरीला पेयजल सीमित मात्रा में मुहैया कराती हैं। अंगरेजी कानूनों के चलते कोई कारगर कार्यवाही नहीं होती।

जनसंख्या के लिहाज से हिंदुस्तान दुनिया की सबसे बड़ी जम्हूरियत है। अद्भुत यूनानी दार्शनिक अफलातून वेद ऋचाओं की तरह याद है। कहता है लोकतंत्र जनता के लिए, जनता का, जनता के द्वारा शासन है। जनतंत्र में खोपड़ियां गिनी जाती हैं, तोड़ी नहीं। यही पश्चिमी अवधारणा भारत को लगभग 130 करोड़ लोगों का समुच्चय समझती है। भारतीय समझ के अनुसार सांस्कृतिक और मानवीय दृष्टि से पूरी धरती एक कुटुंब है। अलबत्ता देशों की भौगोलिक सरहदें अलग-अलग संसार रचती हैं। भारतीय जीवन की अलग बानगी, पहचान और सुगंध है। समाज नाम का आधुनिक शब्द पश्चिम से आयातित है। भारत में लोकजीवन की मर्यादाएं राजाज्ञा से बड़ी अनुशासन संहिता की तरह प्रभावशील रही हैं। राज्य का मकसद लोककल्याण और लोकयश हासिल करना होता था। निजी महत्वाकांक्षाएं, विवेक और राजकीय आदेश लोक इच्छाओं के सामने नतमस्तक होते थे।

आज हिंदुस्तान में समझ नहीं आता कि देश किसका है। ईश्वर अर्थात कुदरत ने धरती, वन, पशु पक्षी, समुद्र, नदी, झील, खनिज जैसी नायाब संपत्तियां सौंपी हैं। हमारी संस्कृति नदियों की तरह नदियों के किनारे समय के प्रवाह की तरह विकसित होती रहीं। गंगा, यमुना, ब्रम्हपुत्र, सिंधु, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी बहते हुए जलांश नहीं हैं। वे भारतीय अस्तित्व की धमनियां हैं। उनमें कालजयी रक्त बहता है। देश का भौगोलिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक इतिहास समय के प्रवाह में इनके जल की स्याही से लिखा गया। वह अमिट पहचान है। हिमालय, सतपुड़ा, विंध्याचल और नीलगिरि की गुफाओं और कंदराओं में ऋषिचिंतन खदबदाता पकता रहा है। समूचा देशज ज्ञान अविनश्वर है। बुद्ध ने तो बोधि वृक्ष को आध्यात्मिक संस्कारों का संरक्षक बना दिया। वाल्मीकि ने मिथुनरत क्रौंच पक्षी को बहेलिए द्वारा मारे जाने के क्षण को कविता के इतिहास का अमर उद्गगम बना दिया।

यक्ष प्रश्न है कि जीवनदायिनी नदियों का पानी सरकारी आदेशों के तहत कारपोरेटी कारखानों को दहेज की तरह सौंपा जा रहा है लेकिन मनुष्य और पशु पक्षियों को पीने और निस्तार के लिए प्राकृतिक जलाशयों पर अधिकार लुटेरे कानून बनाकर छीन लिया गया है। वैचारिक विश्वविद्यालय रहे पहाड़ सरकार और कारपोरेट घरानों के आपराधिक षड़यंत्र की हिंसा के चलते खोखले किए जा रहे हैं।

केदार घाटी जैसी भयानक त्रासदी हुई लेकिन सजा किसी को नहीं मिली। लौहअयस्क, कोयला, बाक्साइट और अन्य खनिज कुछ घरानों की धन कमाने की हविश के लिए बलात्कृत बना दिए गए हैं। नागरिक असहाय होकर यह आधुनिक चीरहरण देख रहे हैं। कारखानों से निकलती रासायनिक गैसों से प्राणपद हवा प्रदूषित हो गई है। सांस लेने में कई नई बीमारियां हो रही हैं। कोई कानून सरकारों को मजबूर नहीं करता कि मनुष्य के जीने के अधिकार में कटौती नहीं हो सकती। नगरपालिका और पंचायत संस्थाएं जहरीला पेयजल सीमित मात्रा में मुहैया कराती हैं। अंगरेजी कानूनों के चलते कोई कारगर कार्यवाही नहीं होती। करोड़ों किसान खून पसीना बहाते, आत्महत्या करते अनाज उगाते हैं। कुछ तिजारती डकैत उसे अपने भंडारों में ठूंस देते हैं। उपभोक्ताओं को अनाज कई गुना दामों में उनके अधिकारों की डंडी मारकर सरकारी कानूनों के तहत भीख और अहसान बतौर दिया जाता है। उम्मीद की जाती है कि लोग फिर भी खुश रहें।

अंगरेज ने नहीं सिखाया लेकिन हिंदुस्तानी नेता उससे अधिक क्रूर हैं। संविधान में डींगें मारी गई हैं कि मनुष्य को गरिमामय जीवन का अधिकार है। उच्चतम न्यायालय भी विक्टोरियाई अंगरेजी में अपने न्यायनिर्णय परोसता रहता है। वह संविधान, न्याय और आदेश किस काम के जो बांझहीन लफ्फाजी बनकर किताबों में कैद होकर रहें। मजदूरों को कारखाना मालिक जानवरों की तरह चूसते रहें। शहरों, कस्बों बल्कि गांवों तक में सुबह चहचहाने और रात को मीठी लोरी सुनाने वाली चिड़ियों का समूह ओजोन परतों में बढ़ते जा रहे छेद के कारण दफ्न हो गया है।

यह देश किसका है। बाबा अरबपति बनने की होड़ में हैं। गुंडों की फौज पालते हैं। देह व्यापार करते हैं। कालेबाजारियों का धन सफेद करने की जुगत बिठाते हैं। साधु कहलाते सत्ता परिवर्तन के षड़यंत्र में शामिल होते हैं। राम कभी देव रहे होंगे। ब्रह्मचारी चोगा ओढ़े लोग हिंदू स्त्रियों को कम से कम चार बच्चे पैदा करने का फतवा जारी कर देते हैं। कूढ़मगज अल्पसंखक सत्ता में घुसकर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। मिडिल फेल राष्ट्र निर्माता बन रहे हैं। पीएचडी होकर दैनिक वेतनभोगी भी नहीं हैं। लाखों विधवाएं नर्क का जीवन जी रही हैं। नैतिकता की डींग मारते नागरिक सड़कों पर बलात्कारियों के सामने कायरों की तरह दुम दबाकर भागते हैं। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते' का नारा उपजाने वाले औरतों की देह को उपयोग और व्यापार की वस्तु बना रहे हैं। किसका है यह देश जहां न्यायालय बिक रहे हैं। उनकी शिकायत भी नहीं हो सकती। डाक्टरों के मानव व्यापार कारखानेनुमा अस्पताल वेंटिलेटर पर पड़े मरीज की लाश तक नहीं सौंपते, जब तक अवैध फीस का भुगतान नहीं किया जाए। दुनिया को भारत द्वारा दी गई शिक्षा उसके ही काम नहीं आ रही है। पेट की रोटी के वास्ते देश के नेता अस्मिता खोकर अमेरिका के चरणों में लगातार लोट रहे हैं।

नौकरशाही अंगरेजी भाषा, शासन व्यवस्था और तहजीब माथे पर चंदन की तरह लीपे हुए है। वह मादरी जुबान, देशी समझ, इतिहास परंपराओं और स्वदेश बोध को गिरवी रखकर एक सौ तीस करोड़ भारतीयों के संकुल को कीड़ा मकोड़ा समझती है। पता नहीं रावण बनाम राम, कंस बनाम कृष्ण, भस्मासुर बनाम शिव, अंग्रेज बनाम भगतसिंह, हिंसा बनाम गांधी की कहानियों में कितनी सचाई रह गई है। सरकारों, विदेशियों, नौकरशाहों, न्यायालयों वगैरह ने मिलकर भारतीयों को देश नाम के मकान का किराएदार बना दिया है। इस संपत्ति पर कब्जा 'मेक इन इंडिया', 'अंगरेजियत', 'लार्ड मैकाले', 'एड्स की बीमारी', 'किसानों की आत्महत्या', 'स्त्रियों के बलात्कार', 'कारपोरेटियों के अनाचार' का हो गया है। पता नहीं यह देश किसका है।

## प्रसंगवश

# मकसद क्या लिखा है उसको समझना नहीं सिर्फ पढ़ना है



सोचिए एक किताब जिसके ज़रिए दुनियां बदल गई। उसे अब सिर्फ़ ज़ोर ज़ोर से, हिल हिल के बिना एक लफ्ज समझे बूझे पढ़ा जा रहा है। सिर्फ़ इसलिए की इससे अल्लाह खुश होगा, शाबाशी देगा, जन्नत में फ्लैट देगा।



इकबाल अहमद

मेरे बगल की बिल्डिंग के एक फ्लैट में रमज़ान शुरू होने से लेकर आज तक तकरीबन पूरे दिन (शायद रात में भी) कुछ लोग लगातार कुरान की तिलावत (पढ़ना) कर रहे है। कभी कभी उनकी बॉलकनी में मदरसे में हफीजा करने वाले कुछ बच्चे दिखाई देते हैं।

ये अमल नया देखा है। क़ुरान ख़्वानी (सामूहिक कुरान पाठ) देखा है। जो कुछ घंटों का होता है। व्यक्तिगत कुरान पढ़ना रमज़ान में आम है। ज़्यादातर मुसलमान पढ़ते है। ये सारे लोग जो इस्लामी क़ानून की किताब क़ुरान पढ़ते है वो इसलिए पढ़ते है कि इससे गुनाह माफ होंगे, सबाब मिलेगा!

सबसे मज़ेदार बात है कि इतनी मोटी किताब बिना एक लफ़्ज़ समझे घंटों पढ़ लेते हैं। क्योंकि क़ुरान अरबी में है और हिंदुस्तान में अरबी तो हाफ़िज को भी सिर्फ़ पढ़ना आता है। समझ में उनको भी नहीं आती। क्योंकि हफ़ीज़े के दौरान हाफ़िज को सिर्फ़ रटना सिखाया जाता है। उन्हें अरबी ग्रामर नहीं पढ़ाया जाता है। हाफ़िज होने के बाद अगर आगे का कोर्स करना हो तब अरबी लैंग्वेज का बेसिक ज्ञान शुरू होता है।

कुछ लोग है वो कुरान का उर्दू/इंग्लिश/ हिंदी अनुवाद भी पढ़ते हैं। लेकिन ज्यादातर तिलावत के वक़्त अरबी में ही सीधे पढ़ी जाती है। ऐसे में समझने के लिए अरबी सीखना ज़रूरी हो जाता है। लेकिन यहां मकसद क़ुरान में क्या लिखा है उसको समझना नही है। सिर्फ़ इसलिए पढ़ना है क्योंकि वो अल्लाह की किताब है और उसे पूरे रमज़ान में दो तीन बार पूरा पढ़ लेना है। जितनी बार पढ़ कर खत्म करेंगे उतना सवाब मिलेगा।

और जयादा सवाब कमाने का तरीक़ा है कि सामूहिक रूप से पढ़ा जाए और एक दिन में दो तीन चार बार पूरा कुरान पढ़ कर ख़त्म कर दिया जाए। इसे क़ुरान ख़्वानी कहते है। यहां भी समझ कर पढ़ना नहीं है। बस जल्दी जल्दी पढ़ना है। मेरे पड़ोस वाले फ़्लैट के मालिक ने और बड़ा टारगेट रखा है। पूरे महीने दिन के 24 या 18 घंटे सामूहिक क़ुरान ख़्वानी। वो भी हाफ़िज़ा करने वाले प्रोफेशनल स्टूडेंट्स के ज़रिए। मतलब एक महीने में सौ बार कुरान ख़त्म तो हो ही जाएगी। इस तरह फ़्लैट वाले भाई साहब थोक के भाव में सवाब कमा लेंगे।

सोचिए एक किताब जिसके ज़रिए दुनियां बदल गई। उसे अब सिर्फ़ ज़ोर ज़ोर से, हिल हिल के बिना एक लफ्ज समझे बूझे पढ़ा जा रहा है। सिर्फ़ इसलिए की इससे अल्लाह खुश होगा, शाबाशी देगा, जन्नत में फ्लैट देगा।

तक़रीबन वैसा ही जैसे संस्कृत पर पंडितों (ब्राह्मण) ने क़ब्ज़ा कर किया और आम आदमी को बोला समझने की ज़रूरत नही है। उसके लिए हम है न। फलां फलां यज्ञ करो और हमें मोटी दक्षिणा दो। हम आपकी वैतरणी पार लगाएंगे। स्वर्ग पहुंचाएंगे।

कुछ वैसा ही इधर हो रहा है। मज़हबी मठाधीशों का ये कहना भी शुरू हो चुका है कि क़ुरान समझना आम आदमी के बस की बात नहीं है। रोज़ा नमाज़ करो। बाक़ी हमारे ऊपर छोड़ दो। कई लोगों को जानता हूं जिन्होंने सुबह सुबह घर/ दुकान/ऑफिस आकर क़ुरान की आयतें पढ़ने के लिए तनख़्वाह पर मौलाना रखे हुए है। आपको क्या लगता है। एक लफ्ज समझे बग़ैर क्या किसी किताब का सिर्फ़ एक पन्ना भी आप पढ़ सकते है? वो भी तब जब वो किताब आपके जीवन जीने का तरीक़ा बताने वाली क़ानूनी किताब हो।

# समय के अनुसार बदलते रहे हैं चुनावी मुद्दे



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

आधुनिक वैज्ञानिक सोच ने अभी तक प्रकृति को ठगा है। ये उसी का परिणाम है हमने अपने बच्चों को जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया।

भारत के प्रथम चुनाव में पंडित नेहरू ने अपने भाषण में छुआछूत और जमींदारी की प्रथा मिटाने के लिए आम लोगों से अपील की थी एवं इसके लिए भरोसा भी दिलाया था। इसके अलावा महिलाओं से पर्दा प्रथा छोड़कर देश के निर्माण के काम में आगे आने की गुजारिश भी की थी। इसी तरह चुनावी मुद्दे समय और जरूरतों के अनुसार बदलते रहे। लेकिन आज विश्व जलवायु परिवर्तन, जल की कमी, मिटटी की घटती उर्वरकता, आतंक आदि वैश्विक समस्याओं से जूझ रहा है। अतः अब जीवन के लिए जरूरी पंचमहाभूत की स्थिति को देखते हुए राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि इन समस्याओं पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए आम जन को भी सरकारों के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। तभी सरकार के जो भी प्रयास जल, जंग, जमीन के संरक्षण के लिए किये जा रहे है, सफल होंगे।

क्योंकि पंचमहाभूतों के संरक्षण से ही विश्व में बढ़ रही आर्थिक असमानता।, कुपोषण, रोजगार, आदि को भी कम किया जा सकता है। इसके अलावा तकनीकी विकास से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे दैत्य तेजी से मानव कि जिंदगी में हस्तक्षेप करने वाले है। इसलिए विकास के नाम पर जो कुछ धरती ने खोया है उसको एक सुनिश्चित अनुपात में रखना मानवता के लिए बहुत जरूरी है।

आज के समय राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि समुद्र के किनारे बसे शहर या जल पर रोजगार के लिए निर्भर लोगों को सरकार से प्रकृति संरक्षण के लिए तेज़ी से काम करने के लिए पहल करनी चाहिए। क्योंकि लोकतंत्र तब तक ही है जब तक आम आदमी चुप है। इसीलिए अगर लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए गरीबों, असहाय आदि को उस पंक्ति में लाकर खड़ा करना होगा जहां से वह शासन व्यवस्था में अपनी भागीदारी तय कर सके। तभी वसुधेव कुटुंबकम की धारणा स्थापित हो सकेगी। उदहारण के लिए आज यूक्रेन और वानातू दोनों देश इको साइड के मुद्दे पर एक हो गए है। दुनिया के किसी भी शहर में जीवंत जल का कोई प्रबंधन नहीं है।

आधुनिक वैज्ञानिक सोच ने अभी तक प्रकृति को ठगा है। ये उसी का परिणाम है हमने अपने बच्चों को जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया। इसलिए आज की जो आम आदमी की आवश्कताएं है उन पर भारत सरकार को ध्यान देना चाहिए। यानी हमको विकसित भारत की जगह समृद्ध भारत की तरफ आगे बढ़ना होगा तभी हम सही अर्थों में लोकतंत्र को महत्व दे पाएंगे। प्रकृति संरक्षण के लिए समय समय पर आंदोलन होते रहे, लोग अपने जीवन की आहुति देते रहे है। इसके बाबजूद अगर हम अनसुना करेंगे तो स्वामी सानंद उर्फ़ डा. जीडी अग्रवाल एवं अभी हाल ही में सोनम वांगचुक गांधी के रास्ते पर चलकर इको साइड के लिए अपना विरोध दर्ज़ करवाया। लेकिन आने वाले समय में यही विरोध एक क्रांति का रूप ले सकता है। यही कारण है कि इको साइड के कारण होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए यानी पंचमहाभूतों का संरक्षण राजनैतिक पार्टियों का मुख्य मुद्दा हो। आज की परिस्थिति में धरती पर जीवन के लिए प्राकृतिक नियमों को अपनाकर ही एक गुणवत्ता युक्त जीवन जिया जा सकता है। यही वजह है कि देश को आज 'चुनावी बांड' की नहीं बल्कि 'पर्यावरणीय बांड' की जरूरत है। नहीं तो मानव के सामने सामाजिक, आर्थिक, और प्राकृतिक परिपेक्ष्य में बहुत बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए अब आम जान के मन में किसी के चुनाव जीतने हारने से बड़ा मुद्दा एक व्यवस्थित लोकतंत्र का होना। यानी हरित या ग्रीन लोकतंत्र। अब समय आ चुका है कि आम लोग अब ऐसी सरकार चाहते है जो उनकी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्राकृतिक साम्राज्य को बचा कर रखे।

ये कोई बड़ी बात नहीं कि भविष्य में लोगों को इको साईडल टैक्स के नाम पर हर्ज़ाना देना होगा। शस्य - श्यामला धरती, स्वच्छ और शुद्ध वायु व जल, अन्न धान्य, नदी, पहाड़, जंगल यही वास्तविक धन, है क्योंकि ब्रह्मांड में जो कुछ भी है वो प्रकृति का अंग है यही वजह है कि मानव शरीर भी प्राकृतिक संरचना का एक अभिन्न अंग है। इसलिए अर्थशास्त्रियों को चाहिए कि कुछ ऐसे नियम कानून बनाए जाएं जहां कृत्रिम धन को पाने के लिए हम अपने वास्तविक धन को नष्ट न करें, जो की कर रहे है। अतः वास्तव में अब वोट बैंक की राजनीति से दूर हटकर राजनैतिक पार्टियों का मुद्दा अब जीवन के आधार होना चाहिए।

## सोशल फोरम

# यह सच है बाकी कथा



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

मथुरा में यदि कुछ सच लगा तो वह यमुना है। निराला की कविता की ये पंक्तियां याद आईं, 'यमुने तेरी इन लहरों में किन अधरों की आकुल तान। पथिक प्रिया सी जाग रही है, उस अतीत के नीरव गान।' अब अतीत एक शोर है, अब कुछ भी संगीतमय या नीरव बचा नहीं है। उपर्युक्त कविता पंक्तियों के आगे है, 'बता कहां अब वह बंसीवट, कहां गए नटनागर श्याम?' यह प्रश्न मेरे मन में जोर-जोर से दस्तक दे रहा था। क्या अब कृष्ण मथुरा- वृंदावन में नहीं हैं? जहां बंशी बज रही हो, वहां लोग शोर करें तो कृष्ण क्या करें? मैं जब मंदिर में गया, बहुत शोर था। ढाई सौ रुपए लेकर कृष्ण का आसानी से दर्शन कराने वाले पुरोहित भक्तों को फंसा रहे थे। भीतर गया, एक कोने में पुरी के जगन्नाथ के रूप में 'बलराम, सुभद्रा और कृष्ण' थे। यहां से राधा बाहर हैं। मंदिर के मध्य में सफेद संगमरमर के राधा-कृष्ण थे, जो लोगों के मन में मुख्य रूप से बसे हैं। फिर कृष्ण का तीसरा रूप है द्वारकाधीश मंदिर में सिंहासन पर बैठे काले रंग के कृष्ण का। यहां कृष्ण अकेले हैं।सूरदास के एक पद में है कि कृष्ण एकबार राजपुरुष के वेश में रुक्मिणी के साथ एक शोभायात्रा में जयजयकारती प्रजा के साथ थे। गली में भीड़ थी। गोपिकाएं भी उनको देखने राधा के साथ आईं थीं। रुक्मिणी के मन में बड़ी उत्सुकता थी राधा को देखने की। कृष्ण काफी दूर खड़ी राधा को दिखाते हुए रुक्मिणी से कहते हैं- वह देखो दूर, जो गोरी स्त्री चुप खड़ी है, वह राधा है।

अब राधा सामान्य नागरिक थी, अपने प्रेम में खोई हुई अकेली। कृष्ण अब द्वारकाधीश के रूप में थे, भीड़ और लाव-लश्कर के साथ। रचनाकार को किसके साथ होना चाहिए? निश्चय ही उसके साथ नहीं जिसकी जयजयकार हो रही है, सिर्फ उसके साथ होना चाहिए जो अपने अकेलेपन में चुप है और व्यथा में डूबा है। सत्ता का अस्त्र हमेशा भीड़ है। सत्ता हमेशा प्रेम से, राधा से अलग कर देती है। मथुरा एक कृष्णमय नगर है। मुझे यही सच लगा, बाकी कथा है। मजेदार बात यह कि एक भद्र, पढ़ी लिखी महिला मथुरा में पूछ रही थी, 'राम जन्मभूमि कहां है?' कितना भारी दबाव है प्रचार का।

-फेसबुक वॉल से

# समासों में उलझा राजनीति का व्याकरण



बीएल आच्छा
चेन्नई

यह समय अकेले चलने का नहीं है। गढ़े-उखड़े रहने का नहीं है। शेयर बाजार की तरह मौसम विज्ञान या लाइट हाऊस को प्रेडिक्ट करने का है। शतरंजी गणित में अपने खाने को सुरक्षित रखने का है।

राजनीति के संधि-समासोंमें करण ही होता है, व्याकरण नहीं। जब एनडीए और इंडिया नहीं थे, तब भी संधि-विच्छेद और समास विग्रह होते ही थे। शत्रु राजा के आक्रमण में कोई भेदिया -प्रत्यय ऐसा मिल जाता था कि पूरे भरोसे में ही सिंहासन का विच्छेदन हो जाता था। और बाद में भेदिया प्रत्यय का भी। पता नहीं आचार्य चाणक्य के पास कौन सा चेप था कि सिकंदर के आक्रमण को रोकने के लिए सारे डॉट और डॉट कॉम को एक ही सीरीज में ला दिया। देश बना, जनता को महादेश मिला। फिर भी बलिहारी है आज के लोकतंत्र की। यही कि अब पार्टियों से टूटते -जुड़ते आवाजाही के गलियारे स्वागत- संस्कृति के नगाड़ों से गूंजते रहते हैं।

पर इन दिनों तो लगता है कि इस मौसम में बारहखड़ी के अक्षर जब- तब शिरोरेखा के खिलाफ बुलंद हैं। पाणिनी को ही बुलवा लिया जाए तो इंग्लिश-हिंग्लीश सहित भाषाई पेंचों में इतने उलझ जाएंगे कि सारे संधि- सूत्र मुंह ताकते रह जाएंगे। अलग बात है कि राजनीति के सूत्र तो संधि-विच्छेद और समास विग्रह में ही लोकतंत्र की बुनियाद रचते हैं। कब संस्कृत का शब्द वोटर से निकटता जतलाने के लिए प्राकृत-अपभ्रंश की यात्रा करते हुए ठेठ देसी बखान कर देगा। कब ट्वीटर की चिड़िया बड़बोली व्यंजना में बवाल मचा देगी। और अगले ही स्टॉप पर मन के उबाल की ऐसी फूलमती भाषा से पत्थर बरसाएगी कि पार्टी को ही किनारा पड़ेगा- 'यह उनका निजी विचार है'। पार्टी को उनसे लेना- देना नहीं, पर अपना बनाए रखना है। जो जितनी गिरी भाषा में बात कहेगा वही मीडिया का अष्टम स्वर बनेगा। अब ऐसी कचरा पंखुड़ियों को डस्टबिन में डालते- डालते कोई शहर तो स्वच्छता में नंबर वन हो जाता है, पर राजनीति का आकाश तो चैनलों में डम- डम डिगा- डिगा के साथ गगनभेदी हो जाता है। और लोकतंत्र के मंदिरों में बहसान जारी हो तो मामला ही सिरमौर हो जाता है।

चुनावी मौसम में संधि-विच्छेद के अध्याय द्वंद्वात्मक हो जाते हैं। पार्टी विच्छेद हुआ नहीं कि नई संधि दरवाजे पर मोलभाव के लिए खड़ी हो जाती है। और दो की लड़ाई में समास का फल-भोक्ता तीसरा (बहुब्रीहि समास) ही हो जाता है। कभी-कभी पति -पत्नी का योजक द्वंद्व समास घर में एका और बाहर में अलग-अलग पार्टीबाजी का बिजूका लिए लोकतंत्र को मजबूत करते जाते हैं। कई बार बरसों से जमे मूल शब्द उखड़ने का नाम नहीं लेते। महिलाओं के तो पूरे इतिहास के कच्चे चिट्ठे खोलकर रख देते हैं। फिर पलट- बुद्धि और सुलट- बुद्धि के टूल बॉक्स बन जाते हैं। कभी घिसे औजार से गाड़ी दौड़ने लगती है। कभी नए औजार का जनाधार पुरानी गाड़ी में फिट हो जाता है। ऐसे में पुरानी संधियां दिले बेचारगी के अफसाने गाने लगती हैं। कभी जन्मजात दलीय उम्मीदवार ताकता रह जाता है।

कभी बगावती तान के बावजूद पटकनी में गुत्थमगुत्था। जीत गए तो विच्छेद का सुर-भंग भी मान- मनौव्वल के बाद लौटने का स्वागत द्वार रचा जाता है। तब के बगावती टूल किट की बारूदी जबानें धमाका करती थीं। पर सारी बकरौली के बावजूद पुराने दरवाजों में लौटते ही सारा बारूद राजनीति के चेहरे का क्रीम मोइश्चराइजर बन जाता है। अजीब सा व्याकरण है। यह कैसा एलजेब्रा है कि 'ए' को 'ए स्क्वायर' करने जाओ तो हाथ मलते कुंआरे रह जाते हैं। जब बहुमत के जादुई आंकड़े के आसपास हो तो विजेता निर्दलीय भी छब्बे जी नहीं अट्ठेजी का बहुमान पा जाता है। और कहने को कि ये तो हमारे अपने ही हैं। जैसे ज्योतिष में राजभंग योग होता है वैसे संधि- विच्छेद और समास- विग्रह के लाभों का अंदरूनी गणित सिर चढ़कर बोलता है। कभी- कभी पिता-पुत्र लाल सुर्खियों में होते हैं। कभी चाचा-भतीजे। तालमेल के जोड़क सूत्र भारोत्तोलन करते रहते हैं। कभी पार्टियां टूट जाती हैं। फिर नए नामकरण। पर राष्ट्र और जन तो बरकरार रहते हैं, जैसे सरकारी बैंकों में इंडिया तो रहेगा ही। बहुत हुआ तो पार्टी के नाम के साथ ब्रेकेट में ए बी सी डी। पहले विद्वान लोग किताब का पाठ संपादन करते थे,अब राजनेता पार्टी- संपादन। और पार्टी संपादन करते- करते पार्टी का अध्यक्ष ही विरोधी किताब का पाठ बन जाता है। कहें तो अव्ययीभाव समास ही व्यय-भाव में छलांग लगा जाता है। यह समय अकेले चलने का नहीं है। गढ़े-उखड़े रहने का नहीं है। शेयर बाजार की तरह मौसम विज्ञान या लाइट हाऊस को प्रेडिक्ट करने का है। शतरंजी गणित में अपने खाने को सुरक्षित रखने का है। अकेले अपना गीत गाने का नहीं, आर्केस्ट्रा में अपना सुर ताल साधने का है। बिना आर्केस्ट्रा के न तो अपने सध पाते हैं न पब्लिक का मिजाज। राजनीति के आर्केस्ट्रा में तो धुनों का समीकरण साधना पड़ता है। पर एक-दूजे के धुर विरोधी भी पुरानी जबानों के विडियो को एक्सपायरी डेट का नहीं होने देते। मौका देखा नहीं कि पुराने विडियो से सकपका दिया।

कितना पुराना हो गया व्याकरण भी। केवल संस्कृत के शब्दों में ही संधि होती थी। बड़ी मुश्किल से हिंदी के कुछ शब्दों में तालमेल बिठाया। अब तो शब्दों के तोड़-मरोड़ में ही व्यंजना के वार-पलटवार। राजनीति के संधि-समासों में मेल-मिलाप के विशेषण भी मीडिया में सिरफोड़ शोर मचाते हैं। अब रोजमर्रा पालों की छलांग लगाते पेंचों का कोई व्याकरण बनाए तो बनाए कैसे?

# पहली बार पति-पत्नी एक साथ पहुंचे थे संसद

## फैजाबाद के डीएम रहते श्रीराम के प्राकट्योत्सव में निभायी थी महत्वपूर्ण भूमिका

राजू जायसवाल, बहराइच



शकुंतला नैयर



केके नैयर

**अमृत विचार:** बहराइच जिले का नाता अयोध्या के रामलला के ऐतिहासिक प्राकट्योत्सव से जुड़ा हुआ है। उस समय फैजाबाद अब अयोध्या में कलेक्टर रहे केके नैयर बाद में जब बहराइच से और उनकी पत्नी कैसरगंज से चुनाव लड़ीं तो जिले की जनता ने दोनों को साथ जीत दिलाई थी। देश में पहली बार लोकसभा चुनाव में एक साथ पति और पत्नी जीतकर संसद पहुंचे थे।

अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं। जबकि बाबरी मस्जिद के लिए भी दूसरी जगह जमीन देदी गई है। भाजपा की ओर से मंदिर और मस्जिद का मुद्दा उठाया जाता था, लेकिन मंदिर और मस्जिद का हल निकलने के बाद भी इससे जुड़ी घटनाएं लोगों को अतीत में डाल रही है। लोकसभा चुनाव में एकबार पुनः मंदिर और मस्जिद के केंन्द्र में रहे फैजाबाद (अब अयोध्या) के तत्कालीन जिलाधिकारी केके नैयर ने वर्ष 1966 के आसपास विवाद को बढ़ता देख अदालत के आदेश पर बाबरी मस्जिद में ताला लगवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नौकरी से इस्तीफा दे दिया और राजनीति में उतर गए। जनसंघ पार्टी ने केके नैयर को बहराइच और उनकी पत्नी शकुंतला नैयर को कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया। दोनों को जिले की जनता ने सर आंखों पर बैठाया। इसका आलम रहा कि वर्ष 1967 में हुए लोकसभा चुनाव में बहराइच और कैसरगंज लोकसभा सीट से पति पत्नी ने एकसाथ जीत दर्ज की थी। यह एक रिकार्ड भी है कि दंपती को जिले की जनता ने एक साथ संसद भेजा।

जिले में इसका असर भी देखने को मिलता है। जिले से अधिकतर समय भाजपा या उससे जुड़ी पार्टी ही सबसे अधिक बार जीत दर्ज करने में सफल रही है।

### सुर्खियों में आया जनपद

पति-पत्नी जब एक साथ एक ही जिले से चुनकर संसद में पहुंचे तो देश की राजनीति में यह मामला सुर्खियों में बन गया। देश के साथ जिले में भी लोग कहने लगे कि जनता ने भावनाओं को समझते हुए जीत दिलाई है।

### विधायक भी बनी थीं शकुंतला

जिले में परिसीमन से पूर्व फखरपुर विधान सभा सीट थी। इस सीट पर भी शकुंतला नैयर ने दो बार विधान सभा चुनाव जीता था। इसके बाद वह भाजपा समर्थित सरकार में मंत्री भी बनीं। इनकी क्षेत्र में अलग ही पहचान थी।

### संसद में पहले दंपत्ति थे नैयर

बहराइच से केके नैयर और कैसरगंज लोकसभा से शकुंतला नैयर ने एकसाथ लोकसभा चुनाव जीता था। वर्ष 1967 में हुए चुनाव में देश में यह पहला मौका था कि किसी जिले से पति और पत्नी को चुनाव जितवाकर उन्हे संसद भेजा गया है।

# जब प्रियंका ने बदल दी थी रायबरेली की चुनावी फिजा

रमेश शुक्ल, ऊंचाहार रायबरेली

**अतीत के झरोखे से**

- और चौथे स्थान पर पहुंच गये थे भाजपा के अरुण नेहरू
- कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा ने दर्ज कराई थी जीत

**अमृत विचार:** 18 वीं लोकसभा चुनाव के संदर्भ में रायबरेली में पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा। रायबरेली से लोकसभा सदस्य रहीं सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। रायबरेली में उनकी विरासत संभालने के लिए उनकी पुत्री प्रियंका गांधी की खासी चर्चा है।

कांग्रेस की तरफ से अभी तक औपचारिक रूप से रायबरेली से उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है, किंतु कांग्रेस के लोगों को पूरी उम्मीद है कि प्रियंका ही रायबरेली से कांग्रेस का चेहरा होंगी। प्रियंका गांधी यदि रायबरेली से चुनाव लड़ती हैं तो यह उनके राजनैतिक जीवन का पहला चुनाव होगा। क्योंकि अभी तक प्रियंका ने कोई चुनाव नहीं लड़ा है। प्रियंका गांधी रायबरेली में 1999 से सक्रिय हैं। उनकी रायबरेली में ऐसी शुरुआत हुई थी कि आज भी यहां के लोगों के जेहन में 27 साल की प्रियंका के वो दो वाक्य याद है, जिन्होंने 1999 के लोकसभा चुनाव की पूरी फिजा ही बदल कर रख दी थी।

बात साल 1999 के लोकसभा चुनाव की है। रायबरेली में चुनावी मुहिम ज़ोर-शोर से जारी थी। कांग्रेस के उम्मीदवार कैप्टन सतीश शर्मा मैदान में थे तो बीजेपी की तरफ़ से राजीव गांधी के चचेरे भाई और प्रियंका गांधी के चाचा अरुण नेहरू। उस वक्त 27 साल की एक महिला कांग्रेस का प्रचार कर रही थी। उन्हें देखने काफ़ी भीड़ जमा हो जाती थी। देर रात तक सभाओं में लोग घंटों इस महिला को सुनने के लिए बैठे रहते थे। अरुण नेहरू रायबरेली से पहले भी चुनाव जीत चुके थे। अरुण नेहरू की वजह से रायबरेली में बीजेपी के लिए माहौल बनता हुआ दिख रहा था। ऐसे में उस 27 साल की लड़की ने एक चुनावी रैली के बीचोबीच सवाल पूछा, "मेरे पिता जी से दग़ाबाज़ी करने वालों को आपने



यहां पर घुसने कैसे दिया."उन्होंने आगे कहा, ''क्या आप उन्हें वोट देंगे जिन्होंने मेरे पिता की पीठ में छुरा घोंपा.'' इस बयान की काफ़ी चर्चा हुई और इसकी गूंज दिल्ली तक सुनी गई। दूसरे दिन अरुण नेहरू के प्रचार के लिए अटल बिहारी वाजपेयी रायबरेली पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण में उस लड़की के बयान पर काफ़ी हल्के-फुल्के ढंग से अपनी प्रतिक्रिया दी।

अटल जी ने कहा था कि "हमने सुना कि ये किसी का इलाक़ा है। आपने इस आदमी को घुसने कैसे दिया।" इसके बाद चुनाव प्रचार काफ़ी ज़ोर-शोर से चला और कहा जाने लगा कि मुक़ाबला कांटे का हो गया है, लेकिन उस एक लाइन ने अमेठी-रायबरेली चुनाव की कहानी बदल दी थी। शुरु में कांटे की टक्कर देने वाले अरुण नेहरू चौथे नंबर पर चले गए और कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा जीत गए। कैप्टन सतीश शर्मा के लिए प्रचार करने वाली ये लड़की थीं प्रियंका गांधी।

# चुनाव को लेकर लोकसभा क्षेत्रों में बढ़ाई गई सुरक्षा और सतर्कता

## अतुल गर्ग और केंद्रीय मंत्री बालियान पर हमले के बाद जारी किये गये सख्त निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- भाजपा को बदनाम करने के लिए प्रत्याशियों पर हमले की बड़ी साजिश, भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी गंभीर
- गाजियाबाद में अतुल गर्ग और मुजफ्फरनगर में संजीव बालियान के बाद आगे भी हमले होने की आशंका

**अमृत विचार।** भाजपा से मुजफ्फरनगर के प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और गाजियाबाद के अतुल गर्ग पर हुए हमले के बाद कई अन्य चुनावी क्षेत्रों से भी हमले की साजिश का इनपुट मिल रहा है। इसके पीछे मतदाताओं के बीच पार्टी को बदनाम करने की विपक्ष की साजिश के साथ नाराज कार्यकर्ताओं के नाम भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री समेत भाजपा का शीर्ष नेतृत्व गंभीर हो गया है। शासन ने जिला प्रशासन समेत खुफिया इकाईयों को सतर्क रहकर समय रहते कार्रवाई का निर्देश दिया है।

केंद्रीय राज्य मंत्री और मुजफ्फरनगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान के काफिले पर शनिवार को खतौली पुलिस स्टेशन क्षेत्र में मढकरीपुर गांव में रात करीब साढ़े आठ बजे पथराव में विपक्षी नेताओं की साजिश सामने आई है। इस सीट पर रालोद और भाजपा का समझौता होने से भाजपा बहुत मजबूती का दावा कर रही है। सपा ने यहां से हरेंद्र मलिक को मैदान में उतारा है। हरेंद्र और संजीव दोनों ही जाट समुदाय से हैं। इसलिए मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। मगर, विरोधी पक्ष 19 अप्रैल को मतदान से पहले भाजपा को बदनाम करने के लिए तमाम दांव-पेच चल रहा है।

शासन को आई जिला प्रशासन की रिपोर्ट में इसे विपक्ष की साजिश बताया गया है। अराजत तत्वों और उन्हें उकसाने वालों की तलाश और धर-पकड़ तेज हो गई है। हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान गाजियाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के साथ शुक्रवार को हुई हाथापाई और इससे पहले बागपत में भाजपा और रालोद कार्यकर्ताओं के बीच टकराव में माना जा रहा था कि आपसी नाराजगी का असर है। लेकिन बालियान पर हमला बड़ी साजिश का हिस्सा माना जा रहा है, इसमें 15 नेताओं की गाड़ियों के शीशे चकनाचूर हुए और कई लोग गंभीर हाल मे मेरठ जिला अस्पताल में भर्ती हैं। प्रत्याशी को किसी तरह से जान बचाकर निकाला गया। भाजपा प्रत्याशी डा. संजीव बालियान कहते हैं कि मढकरीपुर में साजिशन हमला किया गया है। उन्होंने इस मामले से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को भी अवगत कराया है।

### योगी ने हमलावरों पर सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान पर हुए हमले पर शासन को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं से ऐसे हमलों को लकेर सतर्क रहने का संदेश भेजा है। साथ ही शीर्ष नेतृत्व को भी जानकारी दी गई है। सूत्रों के अनुसार गृह विभाग ने सभी जिलों को सतर्क रहने और खुफिया सूचनाएं समय रहते जुटाने के साथ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। ऐसे और हमले कहां-कहां हो सकते हैं, इसे चिन्हित करने और समय रहते पर्दाफाश करने को कहा गया है।



### सोशल मीडिया पर पुराने वीडियो से भी निशाना साध रहा विपक्ष

लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच सोशल मीडिया पर विपक्ष भाजपा नेताओं पर भीड़ के हमले का वीडियो साझा करके निशाना साध रहा है। बताने की कोशिश हो रही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने गए भाजपा नेताओं को लोगों ने भगाया। ऐसे वीडियो साझा करते हुए आप छात्र विंग की उप्र इकाई के अध्यक्ष वंशराज दुबे ने लिखा है कि ''जनता गली-मोहल्लों से ही पार नहीं जाने दे रही है, चले हैं 400 पार लाने! जबकि भाजपा नेताओं पर हमले का यह वीडियो करीब छह साल पुराना दार्जीलिंग में बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे दिलीप घोष से धक्का मुक्की और पार्टी के कार्यकर्ताओं को पीटने का है। इसका लोकसभा चुनाव 2024 से कोई संबंध नहीं है।

# दो महिलाओं ने किया संसद में गोंडा का प्रतिनिधित्व

उमानाथ तिवारी, गोंडा



सुचेता कृपलानी। फाइल फोटो



केतकी सिंह।

**अमृत विचार:** जनता की रहनुमाई करने में जिले की आधी आबादी काफी उदासीन रही है। महिलाओं के सशक्तीकरण व राजनीति में हिस्सेदारी बढ़ाने की वकालत जमीनी हकीकत से कोसों दूर दिखायी पड़ती है। कांग्रेस की सुचेता कृपलानी व भाजपा की केतकी सिंह को छोड़कर किसी तीसरी महिला की भागीदारी इस लोकसभा सीट पर नहीं दिखाई देती।देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी की कर्मभूमि होने के बावजूद गोंडा जिले में महिलाओं की राजनीतिक हिस्सेदारी हमेशा से उपेक्षित रही है। इसके चलते ही 73 साल के इतिहास में अब तक जिले से चुनाव लड़ने वाली मात्र दो महिलाएं ही जीतकर लोकसभा सभा की दहलीज को पार कर पायी है।

देश की आजादी के बाद से अब तक 73 साल के लंबे राजनीतिक सफर में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की भागीदारी महज चंद फीसदी रही है। 17 लोकसभा चुनावों में सिर्फ दो महिलाएं ही संसद की चौखट तक पहुंची है। वर्ष 1967 में कांग्रेस पार्टी से सुचेता कृपलानी व वर्ष 1996 में भाजपा से केतकी सिंह ने इस सीट से महिलाओं का प्रतिनिधित्व किया है। महिला अधिकारों की वकालत करने वाली राजनैतिक पार्टियां टिकट के नाम पर मुंह फेर लेती हैं। वर्ष 1967 में सुचेता कृपलानी की जीत के बावजूद कांग्रेस ने दोबारा किसी महिला को प्रत्याशी नहीं बनाया। 1996 को अपवाद को छोड़ दिया जाए तो भारतीय जनता पार्टी ने भी कभी किसी महिला को इस सीट से टिकट नहीं दिया है। वर्ष 1996 के चुनाव में भाजपा ने केतकी सिंह को टिकट इसलिए दिया था क्योंकि उनके पति बृजभूषण शरण सिंह जेल में थे और पार्टी को सहानुभूति की उम्मीद थी।

सपा ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में मेहनौन की तत्कालीन विधायक रहीं नंदिता शुक्ला को टिकट दिया था लेकिन मोदी लहर में वह जीत दर्ज करने में नाकाम रहीं। हालांकि इस चुनाव में उन्हे करीब 2 लाख वोट मिले थे, लेकिन पार्टी ने उन्हे दोबारा मौका नहीं दिया।

बहुजन समाज पार्टी ने भी अब तक कभी भी इस सीट पर किसी महिला को मौका नहीं दिया है। जिले के कुल 1838295 मतदाताओं में 852422 महिला मतदाता होने के बावजूद महिलाओं की हिस्सेदारी चिंताजनक दिखाई देती है। मौजूदा चुनाव में समाजवादी पार्टी के सिंबल पर श्रेया वर्मा चुनाव मैदान में है जबकि सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है।

### कब कौन बना सांसद

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951 | चौधरी हैदर हुसैन | कांग्रेस |
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | कांग्रेस |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1971 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1996 | केतकी सिंह | भाजपा |
| 1998 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस |
| 2014 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 2019 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |




### गोंडा में विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मेहनौन | 378547 | 175126 | 203414 | 07 |
| गोंडा सदर | 360423 | 168753 | 191639 | 31 |
| मनकापुर | 338771 | 158730 | 180035 | 00 |
| गौरा | 333641 | 154046 | 179588 | 07 |
| उतरौला | 426913 | 195767 | 231116 | 30 |
| योग- | 1838295 | 852422 | 985846 | 75 |

# कुशीनगर से लड़ेंगे स्वामी प्रसाद

राज्य ब्यूरो लखनऊ

**राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी शीघ्र घोषित करेगी और प्रत्याशी**



**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन में शामिल रहने के बावजूद सीटें न मिलने पर पार्टी ने रविवार को कुशीनगर व देवरिया सीट के लिए प्रत्याशी घोषित किया। हालांकि बाद में देवरिया सीट पर प्रत्याशी बनाए गए एसएन चौहान का टिकट निरस्त कर दिया गया। इस बीच पार्टी प्रमुख मौर्य गाजीपुर पहुंचकर मुख्तार अंसारी के परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की।

आरएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रविवार को सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' के जरिए चुनाव लड़ने की घोषणा की। वह इंडिया गठबंधन से अलग कुशीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के अन्य प्रत्याशियों के नामों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के गठन 22 फरवरी से लेकर निरंतर इंडिया गठबंधन को जिताने और मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने देशवासियों से संविधान बचाओ-भाजपा हटाओ, लोकतंत्र बचाओ-भाजपा हटाओ, देश बचाओ-भाजपा हटाओ।'' अपील भी की। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल यूपी की दोनों बड़ी पार्टियों के नेताओं से वार्ता भी हुई, उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप पांच नामों की सूची भी भेजी। वह प्रतीक्षा करते रहे कि उस पर निर्णय कर इन्ही दोनों पार्टियों की ओर से तय किये गये नामों की घोषणा भी हो, पर घोषणा नहीं हुई।

# हर चुनाव में दलीय निष्ठा बदलती रही श्रावस्ती लोकसभा की जनता

## पिछले तीन चुनाव में कांग्रेस, भाजपा और बसपा को दिया मौका

लालजी सिंह, बलरामपुर



दद्दन मिश्रा।



राम शिरोमणि वर्मा।

**अमृत विचार:** वर्ष 2009 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र की जनता ने हर बार अपनी दलीय निष्ठा बदली है। पिछले तीन लोकसभा चुनाव में यहां की जनता कांग्रेस, भाजपा तथा बसपा को मौका दिया था ।इस बार अभी तक केवल भाजपा ने अपना पत्ता खोला है। इंडिया गठबंधन तथा बसपा के लोग अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पाए हैं।

वर्ष 2009 में बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व खत्म कर महात्मा बुद्ध की तपोस्थली श्रावस्ती के नाम से नया लोकसभा क्षेत्र बनाया गया था। इस लोकसभा क्षेत्र में श्रावस्ती जनपद की दो विधानसभा श्रावस्ती पूर्व नाम इकौना तथा भिनगा और बलरामपुर के तीन विधानसभा बलरामपुर सदर, तुलसीपुर और गैंसड़ी शामिल हैं।

वर्ष 2009 के चुनाव में कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडेय के ऊपर इस क्षेत्र की जनता ने अपना विश्वास जताया और उन्हें अपना सांसद बनाया। उन्होंने सपा के रुवाब सईदा को हराया था । वर्ष 2014 के चुनाव में बाहुबली माफिया अतीक अहमद को हराकर भाजपा के दद्दन मिश्रा ने यह सीट भाजपा के खाते में डाल दी। वर्ष 2019 के चुनाव में दद्दन मिश्रा अपना पुराना इतिहास नहीं दोहरा पाए। उन्हें सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी बसपा के राम शिरोमणि वर्मा के हाथों मामूली मतों से हार का सामना करना पड़ा। इस सीट पर हिंदू मतों में ब्राह्मण, कुर्मी और दलित वोटों का वर्चस्व है।

यह तीन लोग लड़ाई में निर्णायक साबित होते हैं। क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की आबादी भी करीब 20% है। वोटों के ध्रुवीकरण में इनकी भी भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। भाजपा को छोड़ अन्य दलों के प्रत्याशी मुस्लिम मतदाताओं को अपनी तरफ करने का हर संभव प्रयास करते हैं।

### चुनाव परिणाम

**वर्ष 2009**

1-डा. विनय कुमार पांडेय - कांग्रेस — कुल प्राप्त मत-201556

2-रिजवान जहीर - बसपा — कुल प्राप्त मत-159527

**वर्ष 2014**

1-दद्दन मिश्रा- भाजपा — कुल प्राप्त मत-345964

2-अतीक अहमद -सपा — कुल प्राप्त मत-260051

**वर्ष 2019**

1-राम शिरोमणि वर्मा - बसपा — कुल प्राप्त मत-441771

2-दद्दन मिश्रा - भाजपा — कुल प्राप्त मत-436451

### भाजपा का प्रत्याशी घोषित, विपक्ष में अभी चुप्पी

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एमएलसी साकेत मिश्रा को श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। साकेत मिश्रा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी नृपेन्द्र मिश्रा के बेटे हैं। नृपेंद्र मिश्रा वर्तमान में अयोध्या राम तीर्थ निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं ।साकेत मिश्रा पिछले 5 सालों से लोकसभा क्षेत्र में लगातार बने रहकर लोगों का काम करते रहे ।इंडिया गठबंधन में यह सीट सपा के खाते में है। सपा और बसपा ने अभी तक यहां से प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।



### लोकसभा क्षेत्र में विधानसभावार मतदाता



**2-तुलसीपुर**
पुरुष-203276
महिला-174322
अन्य-17
कुल मतदाता-377615

**1-बलरामपुर सदर**
पुरुष-225626
महिला-193405
अन्य-00
कुल मतदाता-419026

**4- श्रावस्ती**
पुरुष-222338
महिला-198809
अन्य-14
कुल मतदाता-421161

**3-गैंसड़ी**
पुरुष-192888
महिला-168801
अन्य-19
कुल मतदाता-361708

**5-भिनगा**
पुरुष-210270
महिला-183143
अन्य-02
कुल मतदाता-393415

## एक नजर

### गेहूं खरीद के लिए 1.95 लाख से अधिक पंजीयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी गेहूं खरीद के लिए प्रदेश में 1.95 लाख से अधिक किसानों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। इससे उम्मीद है कि इस बार खरीद का लक्ष्य पूरा होगा और किसान समर्थन मूल्य का लाभ पाएंगे। सरकारी गेहूं खरीद के लिए किसानों में रुचि दिख रही है। अब तक प्रदेश में 1.95 लाख से अधिक किसानों ने क्रय केंद्रों पर बिक्री करने के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराया है। इसी आधार पर किसानों ने टोकन भी लिए हैं। इससे खरीद होने पर इंतजार न करना पड़े। एक 1 मार्च से खुले थे। लेकिन, खरीद ललितपुर और महोबा के दो केंद्रों पर ही हुई है। क्योंकि ज्यादातर जिलों में धान कटाई शुरू हुई है। खरीद से पहले अधिकारी व कर्मचारी किसानों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित कर पंजीयन करा रहे हैं। पंजीयन की संख्या अधिक है। इससे इस बार खरीद लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद है।

### पेंशन व पारिवारिक लाभ के नहीं लिए लगाने पड़ेंगे चक्कर

**अमृत विचार, लखनऊ :** वृद्ध पेंशन और पारिवारिक लाभ के लाभार्थियों को कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस बीच जो आवेदन आए उन्हें जिला समाज कल्याण कार्यालय चेक करके कमियां दुरुस्त कर तैयार कर रहा। हालांकि आचार संहिता के कारण आवेदनों का सत्यापन, स्वीकृत व भुगतान संबंधित काम नहीं हो रहे हैं। मानना है कि पहले से तैयारी करने से आगे भार कम होगा और कमियां दूर होने से लाभार्थियों को परेशानी नहीं होगी। आचार संहिता के बाद अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा।

### प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मनेगा अनेकता का उत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में 1 अप्रैल से दो दिवसीय अनेकता का उत्सव मनाया जाएगा। भारत विविधताओं वाला देश है। अलग-अलग रंग, अलग-अलग त्योहार, लेकिन सोच एक, भावना एक और यही है हमारी गंगा-जमुनी तहजीब। कांग्रेस ने हमेशा इस विविधता का सम्मान किया है और इसे बनाए रखा है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष-प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल को शाम 5 बजे से होली मिलन का उत्सव मनाया जाएगा। 2 अप्रैल को शाम 6 बजे से रोजा इफ्तार आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय मौजूद रहेंगे।

# मदरसा संगठन पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, लगाई गुहार

## उप्र मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम को असंवैधानिक करार देने के मामले में चार ऑनलाइन याचिकाएं दाखिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने के लिए मदरसा संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली है। एक्ट को असंवैधानिक करार देने के मामले में चार ऑनलाइन याचिकाएं दाखिल की गई हैं। माना जा रहा है कि मामले की सुनवाई अप्रैल के मध्य में होनी है।

बता दें कि बीते दिनों उप्र मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम 2004 को हाईकोर्ट ने एक आदेश देते हुए असंवैधानिक करार दिया था। ऐसे में मदरसों से जुड़े संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण लेनी की बात कही थी। इसी को लेकर उप्र के चार मदरसा संगठन आगे आए, जिसमें टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया, मैनेजर एसोसिएशन मदारिसे अरबिया, ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया तथा प्रबंधक मदरसा अजीजिया इशातुल उलूम मीर शिकरी शामिल हैं। सभी संगठनों ने एक साथ मिलकर एसएलपी दाखिल की है। बताते हैं कि हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध चार एसएलपी दाखिल हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सभी अपीलें सोमवार को पेश होंगी। छात्रों के परीक्षाफल और समायोजन का कारण बताते हुए अदालत से जल्द सुनवाई किये जाने की अपील की गई है। जानकारों की मानें तो सुनवाई की तिथि ईद के आसपास अथवा उसके बाद मिल सकने की बात कही जा रही है।

▸▸ अदालत से जल्द सुनवाई किये जाने की अपील की

### 559 अनुदानित मदरसों का भविष्य दांव पर

उप्र में 559 अनुदानित मदरसे हैं। वहीं गैर अनुदानित मदरसों की संख्या हजारों में है। ऐसे में हजारों की संख्या में शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी अब तक मदरसों में कार्यरत रहे हैं। यदि हाईकोर्ट का आदेश प्रभावी हो जाएगा तो मदरसों के साथ- साथ शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का भविष्य भी संकट में आ सकता है।

### 33 हजार से अधिक शिक्षक हैं कार्यरत

यूपी मदरसा बोर्ड में अब तक 33 हजार 692 शिक्षक कार्यरत रहे हैं। इसमें 13 हजार 329 मान्यता प्राप्त मदरसों में कार्यरत हैं। वहीं 560 एडेड मदरसों में इनकी संख्या 9646 है। इसमें शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी सम्मिलित हैं।

### मदरसा संगठन एकजुट

मदरसा संगठन के जिम्मेदारों ने बीते दिनों अमृत विचार से बातचीत करते हुए कहा था कि वे लोग सुप्रीम कोर्ट में अपनी गुहार लगाएंगे। इसी को लेकर टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के महासचिव दीवान साहब जमा और ऑल इण्डिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के महासचिव वहीदुल्ला खां सईदी सहित अन्य पदाधिकारी दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने एक नामचीन वकील से मिलकर अदालती कार्रवाई को अंतिम रूप दिया।



सेवानिवृत पुलिस अधिकारी को मोमेंटो भेंट करते डीजीपी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

### डीजीपी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को मोमेंटो भेंट किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने रविवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस अधीक्षक रमाकांत प्रसाद एवं पुलिस उपाधीक्षक नरसिंह नारायण सिंह को सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें मोमेंटो भेंट किया एवं सेवा काल में किए गए कार्यों की सराहना की। इस दौरान उक्त तीनों अधिकारियों के साथी पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने अफसरों को भाउक विदाई दी।

# लोक सभा चुनाव स्वार्थी परिवार बनाम मोदी परिवार के बीच : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ की चुनावी रैली में कहा कि यह चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं है, बल्कि उन लोगों को फिर से सही जगह दिखाने का मौका है, जिन लोगों ने सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य किया है। यह चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फस्ट, माफियाराज बनाम कानूनराज, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस, तुष्टिकरण बनाम सबका साथ-सबका विकास, स्वार्थ के परिवार बनाम मोदी के परिवार, जातिवाद बनाम गरीब कल्याण के बीच का है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ विकास को लेकर चलने वाली सरकार है तो दूसरी तरफ हजार षडयंत्र करने वाले नापाक गठबंधन के लोग तमाम तरह के भ्रम की आवाज पैदा कर रहे हैं। तय करना है कि कर्फ्यू चाहिए या कांवड़ यात्रा। योगी ने कहा कि इस क्षेत्र में 10 वर्षों के अंदर काफी परिवर्तन हुआ है। कांग्रेस व सपा सरकारों के समय इस क्षेत्र ने दंगा पॉलिसी व कर्फ्यू की यातनाओं को झेला है। जब भी समाज को जाति और परिवारवादियों के माध्यम से बांटने की चेष्टा होगी तो उसका फायदा उठाकर दंगावादी-कर्फ्यूवादी लोग न केवल आजीविका पर प्रहार करेंगे, बेटियों-व्यापारियों की सुरक्षा पर प्रहार करेंगे, बल्कि विकास को बाधित करने का भी प्रयास करेंगे। आज एक तरफ भाजपा व सहयोगी दल पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए पूरी मुस्तैदी व मजबूती के साथ कार्य कर रहे हैं तो दूसरी तरफ विभाजनकारी ताकतें परिवारवाद व जातिवाद के आधार पर सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य कर रही है।



मेरठ में आयोजित रैली में मंच से लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

▸▸ प्रदेश वासियों ने सपा व कांग्रेस की सरकारों के समय कर्फ्यू की यातनाओं को झेला

### भारत रत्न मिलना किसानों का सम्मान

योगी ने कहा, किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलना किसानों का सम्मान है। यूपी व देश का किसान इसके लिए मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है। योगी ने आह्वान किया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 2014, 2017, 2019 और 2022 में आपने एनडीए गठबंधन को आशीर्वाद दिया है। एक बार फिर आपका आशीर्वाद 2024 में हमें प्राप्त हो। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, मेरठ के सांसद राजेंद्र अग्रवाल, बागपत के सांसद सत्यपाल सिंह, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल, कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी, मुजफ्फरनगर से भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान, बिजनौर से एनडीए प्रत्याशी चंदन चौहान, बागपत से राजकुमार सांगवान आदि मौजूद रहे।

# विद्युत में आत्मनिर्भर होंगी प्रदेश की पांच जेल, लगेंगे रूफटॉप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के पांच कारागारों को अब बिजली का बिल नहीं अदा करना होगा। पांच कारागार जल्द ही विद्युत के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएंगे। इन कारागारों में सोलर रूफटॉप लगने जा रहा है। हैवी पावर के यह रूफटॉप पूरे कारागार को रोशन करेंगे। जरूरत से अतिरिक्त विद्युत बनने की स्थित में बिजली विभाग को बेचेंगे भी। शासन ने प्रस्ताव स्वीकृति मिलने के बाद धन जारी करने का निर्देश भी दे दिया।

जिन कारागारों में सोलर रूफटॉप लगने हैं, उनमें लखनऊ, आजमगढ़, चित्रकूट, बरेली और गौतमबुद्धनगर के कारागार शामिल हैं। इसके लिए शासन द्वारा आठ करोड़ 36 लाख की धनराशि स्वीकृति की गई है। निर्देश के मुताबिक प्रत्येक कारागार में बड़े पैमाने पर सोलर रूफटॉप लगने हैं। कारागारों में विद्युत की खपत भी बहुत है। ऐसी स्थित में करोड़ों रुपए का बिजली बिल जमा होता है। सोलर रूफटॉप लग जाने के कारण इन कारागारों में 24 घंटे अनवरत विद्युत सप्लाई भी रहेगी और बिल भी नहीं भरना होगा।

▸▸ लखनऊ, आजमगढ़, चित्रकूट, बरेली और गौतमबुद्धनगर में चल रहीं तैयारी

### एमएसएमई के तहत जेल में लगेगा वनस्पति घी प्लांट

केंद्रीय कारागार इटावा के कैदी अब अपने भोजन के लिए प्रयोग होने वाले वनस्पति घी का उत्पादन स्वयं करेंगे। जरूरत से अतिरिक्त होने की स्थित में वनस्पति घी की पैकेजिंग करेंगे और मार्केट में भी सप्लाई कराएंगे। इटावा केंद्रीय कारागार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए साढ़े 14 लाख रुपए की फंडिंग का निर्देश भी जारी कर दिया गया है। धनराशि मिलने के बाद कारागार में प्लांट लगने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# संक्रामक रोग व हीट वेब से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊः** संक्रामक को नियंत्रित के लिए एक अप्रैल (सोमवार) से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जायेगा। लक्ष्य है कि साल के अंत तक राज्य के 15 जिलों को मलेरिया मुक्त करना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 अन्य विभाग अभियान में शामिल होंगे।

गर्मी की दस्तक देते हुए राज्य सरकार ने वेक्टरजनित और जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश जारी किये हैं। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही गर्मी से बचाव के लिए शेल्टर्स की सुविधा, विभिन्न स्थानों पर मौसम की जानकारी व तापमान का प्रकाशन करने के निर्देश दिए गये हैं। हीट वेब से बचाव संबंधी जानकारी का जनसामान्य में प्रचार प्रसार किया जाये।

# ओवैसी के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी पल्लवी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल ने रविवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के साथ मिलकर प्रदेश में तीसरे मोर्चे पीडीएम का एलान किया है। पीडीएम यानी पिछड़ा, दलित और मुसलमान न्याय मोर्चा। इस मोर्चे में अन्य की छोटे दल भी जुड़े हैं।

यह तीसरा मोर्चा इंडिया गठबंधन और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पीडीए के जवाब में रविवार को होटल क्लार्क अवध में लांच किया गया। इस अवसर पर अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने कहा कि पिछड़ा समाज, दलित और मुसलमान समाज, जिसका दमन किया जा रहा है, जिसके सम्मान पर कुठाराघात किया जा रहा है। सरकार और मुख्य विपक्ष के खिलाफ हम ये पीडीएम न्याय मोर्चा लेकर आए हैं। पल्लवी पटेल ने कहा कि जब तक पीडीएम को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक सामाजिक न्याय की लड़ाई पूरी नहीं होगी। इस दौरान एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पल्लवी पटेल के एक एक शब्द के साथ हूं। ये साथ पार्लियामेंट तक ही नहीं, उसके आगे भी साथ रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के अध्यक्ष प्रेमचन्द बिंद ने कहा कि आज प्रदेश और देश की जनता को एक न्याय विकल्प दे रहे हैं।



तीसरा मोर्चे के गठन के दौरान असदुद्दीन ओवैसी, पल्लवी पटेल, कृष्णा पटेल। अमृत विचार

▸▸ प्रदेश में बना तीसरा मोर्चा, पीडीए के जवाब में पीडीएम का एलान

### 40 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी

विधायक पल्लवी की असदुद्दीन ओवैसी से हाथ मिलाकर 40 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी है। राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चयन को लेकर समाजवादी पार्टी व अपना दल कमेरावादी की पल्लवी के बीच खटास हुई थी। सपा ने जया बच्चन, रामजीलाल सुमन व आलोक रंजन को प्रत्याशी बनाया था, पल्लवी इसी बात से नाराज थीं।

### सीबीआई अदालत ने सुनाई चार वर्ष की सजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने रेलवे को हानि पहुंचाने से जुड़े एक मामले में आरोपी राजेश कंसल को चार वर्ष की कारावास एवं 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इससे पूर्व, न्यायालय ने इसी मामले में आरोपी सहायक लेखाकार एनईआर, अजय तिवारी एवं राजेश गुप्ता को 21 मार्च 2024 को दोषी ठहराया था एवं प्रत्येक को सात वर्ष की कारावास के साथ 65 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। आरोपी राजेश कंसल को बाद में यानी अब दोषी ठहराया गया व सजा सुनाई गई, क्योंकि उनके विरुद्ध आरोपों की फाइल अलग कर दी गई थी। आरोप के मुताबिक राजेश कंसल ने अन्य आरोपी लोक सेवकों एवं बाहरी व्यक्तियों के साथ मिलकर फर्जी खरीद आदेश, बिल आदि के आधार पर रेलवे को 2,55,285 रुपए की हानि पहुंचाई तथा आरोपी को तदनुरूप लाभ पहुंचा। सीबीआई ने 28 मई 1998 को मामला दर्ज किया था। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 11 अक्टूबर 1999 को आरोप पत्र दायर किया। आरोपी व्यक्तियों के विरुद्ध पहली मई 2002 एवं सात मार्च 2015 को आरोप तय किए गए थे। राजेश कंसल के विरुद्ध अलग से मुकदमें की कार्रवाई के दौरान 16 गवाहों से परीक्षण किया गया।

## वर्ग पहेली-26

**बाएं से दाएं**

1.1. बाजा बजवाने का कार्य या भाव 2. वह मज़दूरी जो किसी से बाजा बजवाने के बदले में दी जाती है।

2. आवश्यक शारीरिक क्रियाओं को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी संभावित क्षमता, (रिज़र्व)।

5.1. संपत्ति, जायदाद, मिलकियत

7. छटांक भर तौल का एक बाट या बटखरा।

8.1. महीने का आधा भाग, पंद्रह दिन का समय, अर्धमास, (फोर्टनाइट) 2. चंद्रमास का शुक्ल या कृष्ण पक्ष।

**ऊपर से नीचे**

1.1. अग्रिम, पेशगी, (एडवांस) 2. झाड़ू।

2. छोटा संदूक, छोटा बकस।

3. तिरहुत में गाया जाने वाला एक तरह का गीत।

4. अमरीका से संबंधित, अमरीका का।

6.1. आरोप, दोष, कलंक 2. निशान, चिह्न 3. दाग, धब्बा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | 4 | ■ | | ■ | |
| ■ | 5 | | | | ■ | |
| 6 | ■ | | ■ | | ■ | |
| 7 | | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | 8 | | | |

### वर्ग पहेली -25 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | ढ़ | ना | ■ | ■ | 2 झाँ | 3 क |
| ■ | ■ | ■ | 4 दे | ■ | ■ | टा |
| ■ | 5 ठ | ग | वा | ना | ■ | स |
| 6 पें | ■ | ■ | क | ■ | 7 था | ■ |
| ग | ■ | 8 प | रि | 9 घा | ती | ■ |
| ■ | ■ | छा | ■ | ट | ■ | ■ |
| 10 भा | ग | ड़ | ■ | ■ | 11 दो | ही |

## सुडोकू -105

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | |
| 4 | 7 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | 2 | |
| 3 | | 7 | | | | 5 | | 8 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | 1 | |
| | | | 9 | | | | | |
| | | 9 | | | 6 | | 7 | |
| | | 5 | | 4 | | | | |

### सुडोकू -104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अप्रैल, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.09 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृतिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 23.12 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** — आज पेट से संबंधित कोई समस्या परेशान जरूर करेगी लेकिन यदि आप अपने आहार पर ध्यान रखेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। आपको अपना मन हमेशा शान्त रखना चाहिए। साथ ही प्रेम संबंधों में अपने जिद्दी स्वभाव को लचीला बनाएं।

**वृष** — आज कई महत्वपूर्ण कार्य गति में आ सकती हैं। पिता की आज्ञा का अनुसरण अवश्य करें। आप प्रतिदिन बाहर जाते हैं और खुद ड्राइविंग करते हैं तो कृपया आज के दिन खुद ड्राइविंग करने से बचें और हो सके तो सार्वजनिक वाहन से यात्रा करें।

**मिथुन** — आज कॉलेज के छात्र अपने लिए कुछ नए क्षेत्रों को देखेंगे और उन पर काम करने का विचार करेंगे। किसी करीबी रिश्तेदार का सहयोग भी लिया जा सकता है। बैंकिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष रूप से शुभ है।

**कर्क** — आज अहंकार को अपने ऊपर हावी ना होने दें। परिवार में किसी की कोई बात आपको बुरी लग रही है तो उनसे खुलकर बात करें अन्यथा दूरियां बढ़ जाएगी। यदि आपने धैर्य से काम लिया तो बात संभल जाएगी। मित्र हर कीमत पर आपकी मदद करना चाहेंगे।

**सिंह** — आज यदि आपने कहीं से लोन लिया हुआ है तो वहां से समस्या उत्पन्न होगी। परिवार में भी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिसका हल जल्दी नहीं निकल पाएगा। उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** — आज गले से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। शरीर में विटामिन की कमी भी होगी जिस कारण आलस छाया रहेगा। ऐसे में जूस इत्यादि पौष्टिक चीजों का सेवन करते रहें। शेयर मार्केट में निवेश लाभप्रद सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहनीय रहेगा।

**तुला** — आज मानसिक रूप से एक दम स्वस्थ रहेंगे और पहले से ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोपहर के समय नए-नए विचारों का मन में समावेश होगा तथा प्रसन्नता छाई रहेगी। प्रेमी जन आपके प्रति आकर्षित रहेगा। वित्तीय स्थिति काफी अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक** — आज यदि आप स्कूल या कॉलेज में हैं तो आज के दिन मन पढ़ाई में कम और अन्य कामों में ज्यादा लगेगा। आप अपनी रुचि के अनुसार काम करेंगे। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। विदेशी संस्थानों में शिक्षा को उत्सुक विद्यार्थियों के लिए सप्ताह शुभ है।

**धनु** — आज यदि आपने कहीं पैसा निवेश कर रखा है तो उस ओर नज़र बनाए रखें क्योंकि वहां से अचानक से धन लाभ मिलेगा। भूमि संबंधी सौदे में आश्चर्यजनक रूप से नए अवसर हाथ में आएंगे। अधूरे काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे।

**मकर** — आज घर में किसी सदस्य के विवाह की बात चल सकती है और कहीं से उनके लिए एक अच्छा रिश्ता भी आएगा जिस कारण सभी का मन आनंदित रहेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए योजना बनायेंगे। जीवनसाथी के साथ एकान्त में अच्छा समय बितायेंगे।

**कुंभ** — आज के दिन जीवनसाथी पर ध्यान देने की आवश्यकता है। रिश्तों में थोड़ी कड़वाहट जरुर आएगी लेकिन यदि आपने संयम और धैर्य से काम लिया तो वह जल्दी ही सुलझ जाएगी। कोई सुखद समाचार आपको प्राप्त होगा।

**मीन** — आज कहीं रिश्ते की बात चल रही है तो संभल कर रहें क्योंकि किसी मित्र के द्वारा उसमे दरार डालने का प्रयास किया जाएगा जिस कारण बात बिगड़ भी सकती है। युवा जातक नया उद्यम करने की योजना बना सकते हैं। अपने सहयोगियों पर पूर्ण विश्वास रखें।

## आज की फिल्में

B4U Movies:
परदेसी बाबू — सुबह : 10.49
दरार — रात : 07.01

Sony Max:
प्यार दीवाना होता है — दोपहर : 12.00
एनिमल — रात : 09.33

Sony Pix:
एनाबेल कम्स होम — सुबह : 10.21
द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09.00

Zee Cinema:
कोई...मिल गया — सुबह : 10.30
धमाल — रात : 07.45

Colors Cineplex:
बुड्ढा होगा तेरा बाप — सुबह : 09.35
गोलमाल 3 — शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति-यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

# इंडिया गठबंधन ने महारैली में पांच सूत्री मांगें रखीं

## विपक्षी नेताओं का लोकतंत्र बचाने के लिए एकजुटता का आह्वान, केजरीवाल-हेमंत सोरेन की रिहाई की मांग

नई दिल्ली, ब्यूरो/ एजेंसी

- विपक्षी नेता बोले- निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए

इंडिया गठबंधन के दलों ने रविवार कोरामलीला मैदान से पांच सूत्री मांगें रखीं, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्काल की रिहाई की मांग भी शामिल है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने विपक्ष की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में मंच से 'इंडिया' गठबंधन की तरफ से ये मांगें रखीं। उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए।

निर्वाचन आयोग को चुनाव में हेराफेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों द्वारा की जानी वाली कार्रवाई रोकनी चाहिए। हेमंत सोरेन और अरविन्द केजरीवाल की तुरंत रिहाई की जाए। चुनाव के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने यह मांग भी रखी, चुनावी चंदे का उपयोग कर भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी का गठन होना चाहिए। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा आज जो लोग सत्ता में हैं, वो अपने आपको रामभक्त कहते हैं। मुझे लगता है कि वो कर्मकांड में उलझ गए हैं और दिखावे में लिप्त हो गए हैं। इसलिए उन्हें यह याद दिलाना जरूरी है कि सत्ता सदा नहीं रहती, अहंकार चूर-चूर हो जाता है।



नई दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली के दौरान कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल। ● एजेंसी

महारैली को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि यह एकजुटता संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए है। देश में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहा है। मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते हैं। वह तानाशाही तरीके से देश को चलाना चाहते हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया, जब तक हम मोदी को नहीं हटाएंगे, मोदी के विचारधारा को नहीं हटाएंगे, तब तक देश में सुख और समृद्धि नहीं आएगी। खरगे ने दावा किया, आरएसएस जहर की तरह है। अगर आप इसको चाटकर देखेंगे तो भी मरेंगे, पीएंगे तो भी मरेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए सबको एकजुट होना पड़ेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा ब्रह्मांड में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाली पार्टी करार देते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरी दुनिया में भाजपा की ''थू-थू हो रही है। यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा, "अगर हम आंकड़े निकलेंगे तो ब्रह्मांड में इतना झूठ किसी ने नहीं बोला होगा जितना भाजपा ने बोला है।

# बड़े आंदोलनों की नींव रखी गई है दिल्ली के रामलीला मैदान में

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- जेपी ने "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है" नारा इसी मैदान में दिया था

रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता की पंक्ति "सिंहासन खाली करो जनता आती है" नारा लगाकर दिल्ली के इसी रामलीला मैदान से जनता के बीच उतरे थे लोकनायक जयप्रकाश नारायण। नाम मिला, जेपी आंदोलन। रविवार को फिर एक नारा इसी मैदान पर दिया गया है "तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ"। जेपी आंदोलन में समाजवादी लोग थे।

रविवार की उक्त रैली में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी लोकनायक की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ललकारा। कहा कि दिल्ली की गद्दी में बैठने वाले हुक्मरान ज्यादा दिन तक यहां नहीं रुकेंगे। उन्होंने उन्होंने बीजेपी से सवाल किया है कि यदि आप 400 पर का नारा दे रहे हैं तो फिर आम आदमी पार्टी के नेताओं से क्यों डरते हो। कुल मिलाकर रामलीला मैदान की रैली ने आज बहुत सारे संस्मरण ताजा कर दिए। कई ऐतिहासिक राजनीतिक आंदोलनो के गवाह दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई विपक्ष की रैली से क्या फिर कोई देशव्यापी संदेश जाएगा। इस सवाल ने देश भर के प्रमुख राजनेताओं को झकझोर दिया है। खासतौर से 400 पार या 180 से कम और मैच फिक्सिंग के आरोपी का जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष को फिर से कोई रणनीति अपनानी पड़ेगी। मुगलकाल से आज तक रामलीला मैदान हमेशा देशव्यापी चर्चा में रहा है। कई बड़े आंदोलन की नीव यहां रखी गई है। ब्रिटिश शासको से लेकर जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अन्ना हजारे, किसान आंदोलन का गवाह भी बना। अजमेरी गेट और तुर्कमान गेट के बीच 10 एकड़ जमीन में फैला हुआ यह मैदान कभी तालाब होता था अब उसमें एक लाख से अधिक लोगों की क्षमता है। बहादुर शाह जफर ने मैदान में तब्दील करवा करवाया था। इसी मैदान पर 1883 में अंग्रेजों ने ब्रिटिश कैंप लगवाए थे। बाद में यहां रामलीला का मंचन शुरू हुआ। रामलीला मैदान में रैली, सभाओं, प्रदर्शन और आंदोलन के लिए तब पसंद किया जाने जब 1945 में मोहम्मद अली जिन्ना को यहां एक जनसमूह ने मौलाना की उपाधि दी थी। आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल एवं अन्य बड़े नेताओं ने यहां पर भारत को आजाद करने की भी अलख जलाई थी। 1952 में रामलीला मैदान में जम्मू कश्मीर मुद्दे पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे क्रांतिकारियों ने सत्याग्रह भी किया था। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1956 से 1957 के बीच इसी मैदान में देशवासियों को संबोधित करने के लिए बड़ी जनसभाओं का आयोजन किया था। 1965 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने यहां पर भारत- पाक जंग की जीत की जनसभा को संबोधित किया था। 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश बनने का जश्न भी इसी मैदान में मनाया था। 1975 में आपातकाल के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इसी मैदान में कांग्रेस के खिलाफ ऐतिहासिक रैली आयोजित की थी। बताते हैं कि रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध पंक्तियां सिंहासन खाली करो कि जनता आती है नारा भी इसी रामलीला मैदान से गूंज था। इतना ही नहीं, अरविंद केजरीवाल को जब दिल्ली में कोई जानता नहीं था, तब अपनी पहली सभा इसी मैदान में की थी।

## एक नजर

### एक व्यक्ति-एक पार्टी की सरकार खतरनाक

**नई दिल्ली।** उद्धव ठाकरे ने रविवार को दावा किया कि देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है तथा 'एक व्यक्ति और एक पार्टी की सरकार' भारत के लिए खतरनाक है। उन्होंने महारैली में लोगों का आह्वान किया कि वे लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करें और 'अबकी बार, भाजपा तड़ीपार' का नारा दें। उनका कहना था, ''सभी प्रांतों का सम्मान करने वाली सरकार बनाने से ही देश बच सकता है। ठाकरे ने कहा, ''हम चुनाव के लिए एकत्र नहीं है, हम लोकतंत्र बचाने के लिए आए हैं।

### चाइनीज माल वाली है मोदी की गारंटी

**नई दिल्ली।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने सरकार पर अघोषित आपातकाल लागू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि मोदी की गारंटी' 'चाइनीज माल' वाली गारंटी है जो सिर्फ चुनाव तक रहेगी। उन्होंने महारैली' में नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा ''तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो, रोज-रोज मोदी जी ऐसा करोगे, जनता रूठ जाएगी तो हाथ मलोगे...। तेजस्वी यादव ने कहा, ''रैली में जुटी भीड़ से पता चलता है कि मोदी जी जिस तरह से आंधी की तरह आए थे, उसी तरह तूफान की तरह चले जाएंगे। सीताराम येचुरी ने कहा कि मौजूदा सरकार से मुक्ति पानी होगी।

# सिलेंडर फटने से झुलसे दंपति की मौत, बच्चों की हालत गंभीर

ग्वालियर, एजेंसी

ग्वालियर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने से झुलसे दंपति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, उनके बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिंधिया नगर में अवधेश प्रजापति पत्नी बच्चों के साथ रहता था। वह कल दोपहर खाना खा रहा था और उसकी पत्नी खाना बना रही थी। तभी गैस सिलेंडर के लीक होने से निकली गैस में लगी आग ने सिलेडर और चूल्हे को अपनी चपेट में ले लिया और धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। इससे अवधेश के कच्चे मकान की टीन अन्य सामान उड गया। हादसे में अवधेश, उसकी पत्नी रामबेटी, बेटी रेशमा, कुसुम तथा बेटा कान्हा छह वर्ष गंभीर घायल हो गये। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर रूप से घायल अवधेश आज दमतोड़ दिया और उसकी पत्नी रामबेटी की कल रात मौत हो गयी।

# ईडी ने गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह के रिश्तेदारों की संपत्तियां कुर्क की

नई दिल्ली, एजेंसी

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू के परिवार के सदस्यों की 17.82 करोड़ रुपये की बैंक जमा, नकदी और जमीन कुर्क की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचल संपत्तियां हरियाणा के नारनौल और राजस्थान के जयपुर में स्थित हैं। इसमें कहा गया है कि चीकू अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से लॉरेंस बिश्नोई के अपराध से अर्जित पैसों को ठिकाने लगा रहा था और अपने परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम पर संपत्ति अर्जित कर रहा था। चीकू वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है और उसे इस मामले में फरवरी में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने कहा कि जांच में पाया गया कि निमावत ग्रेनाइट्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के माध्यम से नारनौल में खनन कारोबार में चीकू की संलिप्तता थी।

# भाजपा ने मैच-फिक्सिंग वाले बयान के लिए राहुल गांधी पर पलटवार किया

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मोदी के खिलाफ "मैच फिक्सिंग" के आरोप के लिये राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अतीत में कांग्रेस सरकार ने पार्टी के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिये पड़ोसी देश श्रीलंका के साथ एक 'सौदा' करके कच्चातिवु द्वीप उसे सौंप दिया था। गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर लोकसभा चुनावों में 'मैच फिक्सिंग' करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि अगर भाजपा अपने प्रयासों में सफल हो गई, तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा और लोगों के अधिकार छीन लिये जाएंगे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के इस बयान को लेकर कांग्रेस की आलोचना। उन्होंने कहा कि विभाजनकारी राजनीतिक कांग्रेस के 'डीएनए' में है। पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 1947 में धर्म के आधार पर देश का विभाजन और जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान के कब्जे में छोड़ने भी संकोच नहीं किया। गांधी ने यहां रामलीला मैदान में आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ रैली में कहा कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं बल्कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। गांधी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूनावाला ने कहा, ''कुछ लोग मैच फिक्सिंग के बारे में बात कर रहे हैं। 1974 में, इंदिरा गांधी सरकार ने राष्ट्र हित और तमिलनाडु के लोगों के हितों से समझौता करते हुए, कांग्रेस के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिये कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था...राहुल गांधी जी, आपके परिवार ने एक डील-फिक्सिंग की थी। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस पर अक्साई चीन को चीन के अवैध कब्जे में और जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान के अवैध कब्जे में देने का भी आरोप लगाया।

# कच्चातिवु मुद्दा: अमित शाह ने कहा-भारत की एकता, अखंडता के खिलाफ है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मीडिया की उस खबर को लेकर रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि इंदिरा गांधी की सरकार ने कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को दे दिया था और कहा कि यह दर्शाता है कि पार्टी भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ है।

मीडिया की खबर भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई के आरटीआई (सूचना का अधिकार) आवेदन पर मिले जवाब पर आधारित है। इस खबर के अनुसार इंदिरा गांधी सरकार ने भारतीय तट से 20 किलोमीटर दूर पाक जलसंधि में स्थित 1.9 वर्ग किलोमीटर के इस द्वीप को 1974 में पड़ोसी देश श्रीलंका को सौंप दिया था। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कांग्रेस ने कच्चातिवु स्वेच्छा से छोड़ दिया और उन्हें इसका कोई पछतावा भी नहीं है। कांग्रेस के एक सांसद कभी देश को विभाजित करने के बारे में बोलते हैं और कभी-कभी वे भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बदनाम करते हैं। इससे पता चलता है कि वे भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ हैं।

### द्रमुक झूठ फैलाना बंद करे : सीतारमण

**चेन्नई।** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक को कच्चातिवु मुद्दे पर गलत जानकारी देना बंद करना चाहिए। सीतारमण ने कच्चातिवु मुद्दे पर भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई द्वारा सरकारी अधिकारियों से प्राप्त एक आरटीआई जवाब का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस और द्रमुक ने श्रीलंका को कच्चातिवु सौंपने के लिए सांठगांठ की।

कांग्रेस जब भी सत्ता में रही, उसे हमारे देश की सीमा, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने में सबसे कम दिलचस्पी थी।'' सीतारमण ने एक वीडियो क्लिप टैग किया जिसे 'एक्स' पर पोस्ट किया गया था। वीडियो में दिवंगत जयललिता द्वारा वर्षों पहले विधानसभा में द्रमुक विधायक के पोनमुडी के सवाल पर दिया गया जवाब दिखाया गया है।

## कारोबार/कृषि

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति क्विंटल :** गेहूँ (आरआर 21) 2360–2800 गेहूँ (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 **चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 **दाल दलहन :** चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–6200 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूँग खड़ा 10000–10500 मूँग दाल 10500–11000 मूँग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूँगफली का दाना 11000–12000

**तेल तिलहन :** अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 आटा मैदा मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900 रवा 3000–3050
**किराना :** नारियल 120–140 हल्दी 175–225 लाल मिर्च 225–250 काली मिर्च 660–880 धनिया 100–120 सुपाड़ी 525–550 जीरा 650–660 खटाई 120–140 सौफ 180–300 सोंठ 350–380 अजवाइन 180–225 मेंथी 70–90

# आरबीआई इस बार भी नीतिगत दर को रख सकता है यथावत : विशेषज्ञ

## केंद्रीय बैंक का मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है जोर

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक इस सप्ताह पेश मौद्रिक नीति समीक्षा एक बार फिर नीतिगत दर को यथावत रख सकता हैं। इसका कारण आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने और इसके करीब आठ प्रतिशत रहने के साथ केंद्रीय बैंक का अब और अधिक जोर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। साथ ही नीतिगत दर पर निर्णय लेने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कुछ विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के रुख पर गौर कर सकती है। ये केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में कटौती को लेकर स्पष्ट रूप से 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपना रहे हैं। विकसित देशों में स्विट्जरलैंड पहली बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसने नीतिगत दर में कटौती की है।



वहीं दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान आठ साल बाद नकारात्मक ब्याज दर की स्थिति को समाप्त किया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक तीन अप्रैल को शुरू होगी।मौद्रिक नीति समीक्षा की की घोषणा पांच अप्रैल को की जाएगी। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा होगी। एक अप्रैल, 2024 से शुरू वित्त वर्ष में एमपीसी की छह बैठकें होगी। आरबीआई ने पिछली बार फरवरी 2023 में रेपो दर बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। उसके बाद लगातार छह द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में इसे यथावत रखा गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, ''मुद्रास्फीति अभी भी पांच प्रतिशत के दायरे में है और खाद्य मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भविष्य में झटका लगने की आशंका है, इसको देखते हुए एमपीसी इस बार भी नीतिगत दर और रुख पर यथास्थिति बनाए रख सकता है।''

# एचडीएफसी बैंक अनुषंगी एचडीएफसी एजुकेशन को बेचेगा

**नयी दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने एचडीएफसी एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सर्विसेज प्राइवेट लि. में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बिक्री स्विस चुनौती (बोली प्रक्रिया) के माध्यम से की जाएगी। सूचना के अनुसार, ''इस संबंध में, एचडीएफसी बैंक ने 30 मार्च, 2024 को एक इच्छुक पक्ष के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है। समझौते में शामिल प्रस्ताव अन्य इच्छुक पक्षों से जवाबी पेशकश प्राप्त करने के लिए आधार बोली के रूप में काम करेगा...।'' इसमें कहा गया है कि एचडीएफसी बैंक स्विस चुनौती प्रक्रिया के पूरा होने के आधार पर खरीदार को अंतिम रूप देगा।

# अडाणी समूह तेजी से विस्तार के रास्ते पर

नयी दिल्ली, एजेंसी

ऐसा जान पड़ता है कि विभिन्न कारोबार से जुड़ा अडाणी समूह अब पूरी तरह से हिंडनबर्ग प्रभाव से बाहर आ गया है। समूह ने एक सप्ताह के भीतर 1.2 अरब डॉलर का तांबा संयंत्र खोला, ओड़िशा में बंदरगाह खरीदा और सीमेंट कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ायी। साथ ही प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाली मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ गठजोड़ भी किया है।

समूह ने पिछले एक सप्ताह में शेयर बाजारों को दी सूचना और प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से अपने मुख्य बंदरगाह कारोबार में विस्तार और निवेश, धातु रिफाइनिंग में विविधीकरण, दो साल पुराने सीमेंट क्षेत्र में पूंजी डाले जाने और अपनी वृहत सौर परियोजना के चालू होने के मामले में लगातार हो रही प्रगति की घोषणा की है। इसकी शुरुआत 26 मार्च को अडाणी पोर्ट्स के गोपालपुर पोर्ट में 3,350 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर 95 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा के साथ हुई। इससे उसके नियंत्रण में बंदरगाहों की संख्या 15 हो गई।

यह देश में किसी भी निजी कंपनी के पास बंदरगाहों की सर्वाधिक संख्या है। इसके बाद समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लि. ने 28 मार्च को गुजरात के मुंदड़ा में एक ही स्थान पर दुनिया के सबसे बड़े तांबा विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण की घोषणा की। यह समूह के धातु शोधन के क्षेत्र में प्रवेश को बताता है। कुल 1.2 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) के संयंत्र ने भारत को चीन और अन्य देशों में शामिल होने में मदद की है।

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 67,750 |
| सोना रवा | 67,600 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 75,300 |
| चांदी (999) | 75,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

## लखनऊ मंडी

**मेवा :** चिरौंजी 2100–2300 छुआरा 150–250 मखाना 750–900 किशमिश 180–225 काजू 600–1100 बादाम 450–920 छोटी इलाइची 1900–2200
बड़ी इलाइची 1300–1500 लौंग 940–1000 कत्था 1400–1600 कपूर 500–650 गोलाकश 130–140

# जोमैटो को 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर नोटिस

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है। कंपनी ने कहा कि वह आदेश के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकार के समक्ष चुनौती देगी। जोमैटो ने बीएसई को दी सूचना में कहा, ''कंपनी को वित्त वर्ष 2018-19 के लिए सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट), कर्नाटक से 11,27,23,564 करोड़ रुपये की जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) मांग को लेकर नोटिस मिला है।

# एयरटेल की अनुषंगी कंपनी पर अनियमितता को लेकर जुर्माना

नयी दिल्ली, एजेंसी

- 2,19,873 रुपये का जुर्माना लगाया गया

भारती एयरटेल समूह की कंपनी टेलीसोनिक नेटवर्क्स को इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने में कथित अनियमितता के लिए जुर्माना लगाया गया है। भारती एयरटेल ने शेयर बाजार दी सूचना में कहा कि बेंगलुरु में सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट) के कार्यालय ने कंपनी की एक अनुषंगी कंपनी के खिलाफ केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम के तहत एक आदेश पारित किया है। इसमें 2,19,873 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सूचना के अनुसार यह जुर्माना कंपनी की अनुषंगी टेलीसोनिक नेटवर्क्स पर 'वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान दावा किए गये इनपुट टैक्स क्रेडिट में कथित अनियमितता के लिए लगाया गया है। कंपनी को यह आदेश 30 मार्च को मिला। कंपनी ने कहा, ''अधिकतम वित्तीय प्रभाव लगाये गये जुर्माने की सीमा तक है। कंपनी आदेश से सहमत नहीं है और इसके लिए उचित कदम उठाएगी।''

# मेहता परिवार ने यूएनएम फाउंडेशन को 5,000 करोड़ रुपये दान की घोषणा की

नयी दिल्ली, एजेंसी

औषधि और ऊर्जा जैसे कारोबार में शामिल टॉरेंट समूह के मेहता परिवार ने यूएनएम फाउंडेशन को अगले पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये दान करने की घोषणा की है। इस फाउंडेशन का नाम टॉरेंट समूह के संस्थापक यू एन मेहता के नाम पर रखा गया है।

समूह अपने संस्थापक स्वर्गीय उत्तमभाई नाथलाल मेहता (14 जनवरी, 1924 से 31 मार्च, 1998) की जन्मशती मना रहा है। समूह ने रविवार को एक बयान में कहा कि मेहता परिवार ने परोपकार की विरासत का सम्मान करते हुए यूएनएम फाउंडेशन को अगले पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये दान करने की प्रतिबद्धता जताई है। बयान में कहा गया कि यह राशि टोरेंट समूह की कंपनियों के वैधानिक सीएसआर योगदान के अतिरिक्त होगी। बयान के मुताबिक यू एन मेहता को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने, व्यावसायिक कौशल, सैद्धांतिक जीवन और मानवीय परोपकार के प्रति उनके दृढ़ संकल्प के लिए याद किया जाता है। उनका प्रारंभिक जीवन कई व्यक्तिगत चुनौतियों, गंभीर वित्तीय संकट, व्यावसायिक विफलताओं और स्वास्थ्य जटिलताओं से भरा था। उनका जन्म एक बेहद गरीब परिवार में हुआ था और जब वह सिर्फ दो साल के थे, उन्होंने अपनी मां को खो दिया था। वह व्यवसाय स्थापित करने के अपने पहले प्रयास में असफल रहे और उन्हें कई वर्षों के लिए अपने गांव लौटना पड़ा। बयान के मुताबिक उन्होंने प्रत्येक चुनौती पर विजय हासिल की और आखिरकार 48 वर्ष की उम्र में दवा व्यवसाय स्थापित करने के अपने दूसरे प्रयास में सफल हुए।

# स्वदेशीकरण और तकनीकी समावेश होगा सेना का फोकस

नई दिल्ली, एजेंसी

- ले. जनरल एके सिंह बोले प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष मना रही भारतीय सेना



भारतीय सेना लगातार अपने खेमे को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने सेना की मजबूती पर बात की। उन्होंने कहा कि स्वदेशीकरण, तकनीकी समावेश और परिचालन क्षमता में वृद्धि सेना की दक्षिणी कमान के फोकस क्षेत्र होंगे।

बता दें, दक्षिणी कमान भारतीय सेना की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी कमान है। यह 11 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में फैले भारत के 41 प्रतिशत भूभाग को कवर करती है। दक्षिणी कमान एक अप्रैल को 130वां स्थापना दिवस मनाएगी। लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने साल 2024 के दौरान बदलाव लाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की कमान की प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की, जिसे सेना द्वारा प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। गौरतलब है, भारतीय सेना साल 2024 को 'प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष' के रूप में मना रही है क्योंकि यह धीरे-धीरे एक आधुनिक बल में परिपक्व होने की कोशिश कर रही है। सभी क्षेत्रों में प्रणालियों को शामिल करने के लिए एक नया परिचालन दर्शन होगा।

## ट्रंप पर लगा गैग उल्लंघन का आरोप

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। हश-मनी मामले में मैनहट्टन अभियोजकों ने शुक्रवार को सुझाव दिया कि ट्रंप ने हाल ही में न्यायाधीश की बेटी पर हमला करके और सोशल मीडिया पर उसके बारे में झूठा दावा करके एक गैग आदेश का उल्लंघन किया हैं।

जज जुआन एम. मर्चन ने मंगलवार को जांच का एक आदेश जारी किया था। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को अदालत से जुड़े कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों पर हमलों से तुरंत बचने का निर्देश दिया गया था।अब मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने गैग आदेश के दायरे को स्पष्ट करने के लिए कहा है। जज स्टींगलास ने मर्चन को लिखे एक पत्र में तर्क दिया कि अदालत के कर्मचारियों या उनके परिवारों को परेशान करने वाले बयानों पर प्रतिबंध लगाने से ट्रंप की बयानबाजी बंद हो सकती है।

# इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री पहली बार 1 लाख के पार

*इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) के घरेलू बाजार में नया ट्रेंड देखा जा रहा है। कारों की बिक्री दोपहिया के मुकाबले ढाई गुनी से भी ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। ये अब तक के ट्रेंड के उलट है। इसके अलावा पहली बार एक साल में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 1 लाख से ऊपर निकली है। आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च को खत्म हो रहे वित्त वर्ष 2023-24 में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 1.02 लाख के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई।*

**2018** से कारों की रेंज हर साल करीब 10% बढ़ रही है, अब फुल चार्ज पर 700 किमी तक चलने वाली कारें भी आने लगी

### साल दर साल बढ़ रही ईवी की रेंज

इलेक्ट्रिक कारों की रेंज 2018 से हर साल करीब 10% बढ़ रही है। 2018 में ईवी की औसत रेंज 230 किमी थी, जो 2022 में बढ़कर 338 किमी हो गई। अब फुल चार्ज होने पर 700 किमी तक चलने वाली ई-कारें भी आने लगी

### ईवी की मांग सही दिशा में

ईवी के आसपास सकारात्मक भावना कई वैश्विक कारकों के कारण ग्रोथ ट्रेजेक्ट्री थोड़ी कम हो गई है। लेकिन भले ही मांग में बढ़ोतरी टॉप गियर में न हो। विशेषज्ञों का तर्क है कि ऐसा कुछ भी क्षितिज पर नहीं है जो निर्माताओं को पैनिक बटन दबाने पर मजबूर करेगा। आईसीसीटी के एक अध्ययन में 2029 तक ईवी और पारंपरिक कारों के बीच मूल्य समानता हासिल करने की भविष्यवाणी की गई है। यह इस धारणा पर आधारित है कि बैटरी निर्माण की कीमतें लगातार कम होंगी। ईवी अभूतपूर्व तरीके से मुख्यधारा में शामिल हो जाएंगे।

### बैटरी सस्ती होने से घटी मैन्युफैक्चरिंग लागत



दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी कंपनी सीएटीएल के मुताबिक, फरवरी तक ईवी बैटरी के करीब 50% घट गए। गोल्डमैन सैक्स का मानना है कि हाल के महीनों में बैटरी में इस्तेमाल होने वाले लिथियम जैसे कच्चे माल के दाम काफी कम हो गए हैं। इससे मैन्युफैक्चरिंग लागत घटी है।

### रिकॉर्ड बिक्री में कुल हिस्सेदारी 2.3 फीसदी

सरकार के वाहन पोर्टल और जैटो डायनेमिक्स के आंकड़ों के मुताबिक, देश में बिकने वाली कुल कारों में ईवी की हिस्सेदारी सिर्फ 2.3 फीसदी है। दोपहिया बाजार में भी ईवी की हिस्सेदारी 4.8 फीसदी ही है। सरकार ने 2030 तक ईवी की बिक्री 30 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।



### यूरोप में एक साल में 29 प्रतिशत ज्यादा बिकीं ईवी

यूरोपीय बाजारों में संयुक्त रूप से जनवरी में 92 हजार से ज्यादा फुल इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पंजीकृत हुए, जो 2023 के जनवरी महीने से 29 प्रतिशत ज्यादा है। चीन में ईवी की बिक्री 700,000 के आंकड़े को पार कर गई (इसमें प्लग-इन हाइब्रिड शामिल हैं), जो वैश्विक जोर का मुख्य स्रोत है। और जबकि यह एक महीने पहले के आंकड़ों के मुकाबले 37 प्रतिशत की गिरावट थी, यह जनवरी 2023 की तुलना में अभी भी 79 प्रतिशत ज्यादा है। जैसा कि चाइना एसोसिएशन ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सीएएम) के आंकड़ों का दावा है। अमेरिका में, पिछले महीने कुल मिलाकर नए वाहन की बिक्री में गिरावट आई लेकिन ईवी की मांग मजबूत बनी हुई है।

## एक नजर

### पर्व: नेपाल में 12 साल में एक बार होता है श्रीपाचाली भैरव उत्सव



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में हर 12 साल में होता है श्रीपाचाली भैरव खड्ग सिद्धी जात्रा उत्सव। इसमें मुखौटा पहनकर नृत्य करते हैं। इसे मुखौटा नृत्य कहा जाता है। इसमें 13 मुखौटों का विशेष महत्व है, लेकिन सिर्फ 12 मुखौटे ही पहने जाते हैं। 13वें की पूजा की जाती है




**लाहौल।** हिमाचल के लाहौल स्पीति में पानी की किल्लत से खास कर महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की पाइपें जम जाने से ग्रामीणों को आधा किमी दूर से पानी ढोकर प्यास बुझानी पड़ रही है। जबकि, पालतू मवेशियों के साथ कपड़े धोने के लिए डेढ़ किमी दूर जाना पड़ रहा है। वहीं पीने का पानी लेने के लिए इंतजार कर रही स्थानीय महिला।

### पुलिस पर हमला करने के आरोप में ब्रिटिश नागरिक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करने और मंदिर के अंदर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में एक ब्रिटिश नागरिक को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार विदेशी पर्यटक की पहचान दक्षिण लंदन के वंड्सवर्थ के थॉमस क्रेग शेल्डन के रूप में हुई, जिसने शनिवार को जगन्नाथ मंदिर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया था। जब पुलिसकर्मियों ने उसे रोका तो थॉमस ने कथित तौर पर उनपर हमला कर दिया। जगन्नाथ मंदिर में गैर-हिंदुओं को प्रवेश की अनुमति नहीं है।

### बिहार के आरा में मिनी ट्रक पलटा चार श्रमिकों की मौत, 12 घायल

**आरा।** बिहार के भोजपुर जिले में रविवार को एक मिनी ट्रक के पलटने से तीन महिलाओं समेत चार श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा पटना-बक्सर राजमार्ग पर आरा शहर के शाहपुर थाना क्षेत्र में हुआ है। जिलाधिकारी राज कुमार ने कहा, हादसे में 12 से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# दोस्ती में दरार बना आतंकवाद, अब तीन बांध परियोजनाओं का काम ठप

## पाकिस्तान में दहशत में चीनी कर्मी, 1500 कर्मियों को निकाल रहा चीन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के शांगला जिले में कुछ दिन पहले आत्मघाती हमलें में पांच इंजीनियरों की मौत के बाद चीनी कर्मचारी दहशत में हैं। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने अब पाकिस्तान में काम करने से मना कर दिया। पाकिस्तान और चीन की दोस्ती में आतंकवाद ने दरार डाल दी है। चीनी कर्मी किसी भी हाल में काम करने को तैयार नहीं हो रहे हैं। चीन ने खैबर पख्तूनख्वाह में तीन बांध परियोजनाओं का काम बंद कर दिया है। साथ ही वह अपने 1500 नागरिकों को वहां से निकाल रहा है। जिसमें शनिवार को 400 चीनी कर्मचारी देश रवाना हो गए हैं।

पाकिस्तानी अधिकारियों को इस बारे में सूचना दे दी गई है। तीनों परियोजनाएं 9860 मेगवाट की हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दासू और डायमर-भाषा बांधों से चीनी नागरिकों को सैन्य हेलिकॉप्टरों से निकाला जाएगा। इससे पहले, मंगलवार को हमले के बाद चीन ने तारबेला बांध एक्सटेंशन 5 पर काम रोक दिया था। फिर दासूडायमर-भाषा और मोहमंद बांधों पर भी काम बंद कर दिया। चीनी नागरिक सोमवार या मंगलवार तक चीन के रवाना हो सकते हैं।

### पाकिस्तान से 400 चीनी कर्मचारी देश रवाना



आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों की मारे जाने के बाद मामले की जांच करने चीन से जांचकर्ता की टीम पाकिस्तान पहुंच गई है। इस बीच, खैबर पख्तूनख्वा के दासू बांध पर काम बंद होने के बाद 400 चीनी कर्मचारियों को पाकिस्तान से निकालकर चीन रवाना कर दिया गया है। डैम पर 700 से ज्यादा चीनी कर्मचारी हैं।

### स्थानीय कर्मचारियों को घर जाने का दिया आदेश

4320 मेगावाट बिजली क्षमता की दासू बांध परियोजना जिला कोहिस्तान में है। ये प्रांतीय राजधानी पेशावर से 350 किमी दूर है। मारे गए इंजीनियर इसी साइट के थे। वहां 741 चीनी और 6,000 स्थानीय कर्मचारी हैं। वहां से चीनी नागरिकों को निकाला जा रहा है। स्थानीय कर्मियों को अगले आदेश तक घर जाने के लिए कह दिया गया है। परियोजना के एक अधिकारी ने बताया कि हमले के बाद चीनी कर्मचारी डर गए थे। उन्होंने अपने वरिष्ठों से कह दिया कि वे आगे काम नहीं कर सकते।

### मोहमंद बांध परियोजना इसी साल होनी थी पूरी

स्वात नदी पर स्थित बांध को इसा साल पूरा किया जाना है। 740 मेगावाट पनबिजली पैदा होगी। 250 चीनी कर्मचारी काम कर रहे। दासू बांध : इसे 2025 में पूरा होना है। डायमर-भाषा बांध : सिंधु नदी पर 2029 तक बनना है। क्षमता 4,800 मेगावाट। यहां 500 चीनी कर्मचारी हैं।



## पाक ने कार्यक्रमों में रेड कारपेट के इस्तेमाल पर लगाई रोक

**इस्लामाबाद।** बदहाल पाकिस्तान सरकारी कार्यक्रमों में इस्तेमाल होने वाले रेड कार्पेट पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। दरअसल, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में अनावश्यक खर्च में कटौती करने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत सरकारी कार्यक्रमों में रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है और उन्हें राजनयिक स्वागत के लिए विशेष रूप से आरक्षित रखा है। शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की यात्राओं के दौरान रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई।

कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में आधिकारिक कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और सरकारी हस्तियों के लिए रेड कार्पेट का उपयोग नहीं किया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, इसे सिर्फ विदेशी राजनयिकों के लिए प्रोटोकॉल के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। कहा जा रहा है कि रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का सरकार का उद्देश्य धन की बचत करना और सार्वजनिक वित्त के लिए अधिक जिम्मेदार और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

# भारतीयों को वीजा नहीं तो चौपट होगी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था

लंदन, एजेंसी

- 4 अप्रैल से नए वीजा नियमों के खिलाफ उद्यमी और विपक्ष एकजुट कहा- सरकार फैसला वापस ले

ब्रिटेन में भारतीयों के लिए 4 अप्रैल से नए वीजा नियमों के खिलाफ उद्यमी भी एकजुट हो रहे हैं। लगभग 200 उद्यमियों ने ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक को चेताया है कि



मिड लेवल स्किल्ड वीजा में वेतन सीमा बढ़ाने से लगभग दस लाख भारतीय अर्थव्यवस्था से बाहर हो जाएंगे।

इससे 366 लाख करोड़ रु. वाली ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 30 फीसदी से अधिक चौपट होने की आशंका है। सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी से जुड़े एक प्रमुख बिजनेसमैन ने कहा कि सरकार ऐसा मान रही है कि मिड लेवल जॉब्स को स्थानीय श्वेत लोग कर लेंगे। लेकिन, जमीनी हकीकत इससे अलग है। मिड लेवल जॉब्स में भारतीयों का बोलबाला है। रातोरात पूरा सिस्टम बदलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि सुनक सरकार को फैसला वापस लेना पड़ेगा।

### विपक्ष का वादा- सरकार आई तो, नियम बदलेंगे

ब्रिटेन के प्रमुख विपक्षी दल लेबर पार्टी के शैडो मिनिस्टर क्रिस ब्रायंट ने कहा कि साल के अंत में होने वाले चुनाव में यदि हम सत्ता में आए तो मिड लेवल जॉब्स जैसे नर्सेज, टीचर और शेफ को वीजा के लिए वेतन सीमा को वापस सालाना साढ़े 27 लाख रुपये करेंगे। इसके लिए लेबर पार्टी की माइग्रेशन एडवाइजरी कमेटी ने रिव्यू शुरू कर दिया है। इसमें ब्रिटेन में भारतीयों से रायशुमारी की जा रही है।

### भारतीयों की सीढ़ी खींचने से नुकसान ब्रिटेन का

लंदन के मेयर सादिक खान का कहना है कि ब्रिटेन के विकास में भारतीय का बड़ा योगदान है। सुनक सरकार भारतीयों की सीढ़ी खींचने का काम कर ही है। लेकिन इससे ज्यादा बड़ा नुकसान ब्रिटेन का ही होने वाला है। प्रवासियों ने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया है। आज भारतीयों की मौजूदगी हर क्षेत्र में दिखाई पड़ती है। मिड लेवल जॉब्स ब्रिटेन की अर्थव्यवसथा ही रीढ़ हैं।

## फूलों की खुशबू से महका गार्डन...



**श्रीनगर :** एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन आखिर अपने मूल रूप में निखर आया है। यहां 30 एकड़ में लगाए गए 75 वैरायटी के 17 लाख ट्यूलिप फूल शनिवार को पूरी तरह खिल गए। 23 मार्च को जब गार्डन खुला था, तब बमुश्किल एक हजार फूल थे। बता दें कि पिछले साल 3 .70 लाख पर्यटक गार्डन देखने पहुंचे थे। ● एजेंसी

## वांगचुक के बाद 70 महिलाएं दस दिन के अनशन पर बैठीं

**लेह, एजेंसी।** शिक्षा सुधारक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 21 दिन की भूख हड़ताल खत्म कर दी हो, पर लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने समेत अन्य मांगें ठंडी नहीं पड़ी हैं।

वांगचुक के उठने के कुछ दिन ही 70 महिलाएं लेह के उसी एनडीएस मेमोरियल पार्क में माइनस 8 डिग्री सेल्सियस की सर्दी में भूख हड़ताल पर बैठ गईं। चार दिन से उनका साथ देने के लिए बैच में रोज 400-500 महिलाएं भी आ रहीं है। एक बैच जाने के बाद दूसरा बैच दिनभर के उपवास पर बैठता है। यह क्रम 6 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद युवा भी 10 दिन भूख हड़ताल करेंगे। महिलाओं के अनशन के बाद 7 अप्रैल को लेह के शीर्ष निकाय के बैनर तले एलएसी के पास चांगथांग की ओर बॉर्डर मार्च या पश्मीना मार्च किया जाएगा, ताकि यह पता लग सके कि भारतीय चरागाह की कितनी भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है। इस मार्च में 10,000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

# मेडिकल कॉलेज हड़पने के आरोप में भाजपा सांसद पर एफआईआर

देवघर, एजेंसी

- झारखंड के देवघर का मामला गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोपों को किया खारिज

झारखंड के देवघर में धोखाधड़ी से मेडिकल कॉलेज को हड़पने के आरोप में भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, निशिकांत दुबे ने इन आरोपों से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उनके खिलाफ लगाए गए आरोप साबित हो गए, तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

भाजपा सांसद पर लगे आरोपों के बारे में थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिव दत्त शर्मा नामक व्यक्ति ने भाजपा सांसद और उनकी पत्नी समेत अन्य लोगों के खिलाफ जिले की जसीडीह पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि निशिकांत दुबे और उनकी पत्नी ने अपने ट्रस्ट बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के जरिए उनके संस्थान परिट्रान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से संबंधित दस्तावेजों का दुरुपयोग करके नीलामी के माध्यम से उनके अस्पताल को हड़प लिया। शिकायतकर्ता ने कहा- मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए 93 करोड़ रुपये का ऋण लिया था, लेकिन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा संस्थान के लिए मंजूरी नहीं मिलने के बाद, उनकी ऋण राशि को गैर-निष्पादित संपत्ति घोषित कर दिया गया। थाना प्रभारी बोले, मामले में जल्द ही जांच शुरू की जाएगी।

## आगामी आम चुनाव में अपनी सीट भी नहीं बचा पाएंगे सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन में साल के अंतिम छह महीनों में आम चुनाव हो सकते हैं। इसके संकेत खुद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दे दिए हैं। हाल के महीनों में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने मई में चुनाव की संभावना से इनकार कर दिया था और संकेत दिया था कि इस साल के आखिरी में चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस बीच, एक सर्वे में चौंकाने वाला दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि आगामी आम चुनाव में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक की सीट भी खतरे में है। एक प्रचार अभियान संगठन बेस्ट फॉर ब्रिटेन ने सर्वे के बाद यह भी कहा है कि पता चला है कि देश में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव में बड़ी हार का सामना करना पड़ सकता है।

**संकट** युद्ध से अंदरूनी दिक्कतें बढ़ी, भारत से करार के तहत इजराइल में 42 हजार कामगारों को बुलाने का था प्रस्ताव

# इजराइल पहुंचे भारतीय कामगारों के लिए ठहरने की बड़ी समस्या

गाजा, एजेंसी

बीते साल 7 अक्टूबर को हमास के आतंकी हमले के बाद इजराइल की गाजा में कार्रवाई जारी है। हालांकि उसकी अंदरूनी दिक्कतें बढ़ गई हैं। खेती, निर्माण, सफाई, बुजुर्गों की देखभाल के लिए वह बाहरी कामगारों पर निर्भर है। हमलों के बाद बड़ी संख्या में विदेशी कामगार इजराइल छोड़ चुके हैं।

इजराइल ने फिलिस्तीनी कामगारों के वर्क परमिट पर रोक लगा दी। भारत से करार के तहत इजराइल में 42 हजार कामगारों को बुलाना प्रस्तावित है। इनमें उत्तर प्रदेश व हरियाणा से 10-10 हजार कामगार जाएंगे। लेकिन इजराइली इमिग्रेशन अथॉरिटी के अनुसार अब तक महज 1000 भारतीय ही पहुंचे हैं। ये प्राइवेट कॉन्ट्रेक्टरों के जरिए आए हैं। फिलहाल इजराइल पहुंचना भी समस्या है। प्रमुख एयरलाइंस कामगारों की फ्लाइट ऑपरेट नहीं कर रही है। दूसरी समस्या आवास है। गाजा या वेस्ट बैंक के लोग सुबह काम पर आते थे और शाम को लौट जाते थे। जबकि भारतीयों के लिए आवास की व्यवस्था जरूरी है। इजराइल के प्रमुख शहरों के हॉस्टल और होटल युद्धग्रस्त क्षेत्रों से आए इजराइलियों से पहले ही भरे हुए हैं। युद्ध लड़ रही इजराइली सरकार की प्राथमिकता में अस्थायी आवास नहीं है। हमास के हमलों में 32 थाई नागरिक, कृषि में काम करने वाले 10 नेपाली छात्र और चार फिलिपींस नर्स मारे गए थे। युद्ध के चलते 30 हजार विदेशी कामगार इजराइल छोड़ चुके हैं। इजराइली सरकार ने एक लाख फिलिस्तीनी कामगारों के वर्क परमिट पर रोक लगा दी है। इससे इजराइल का निर्माण क्षेत्र चरमरा गया है, क्योंकि कामगार जरूरत से कम थे।

### इजराइल में प्रदर्शन तेज, नेतन्याहू को हटाने की मांग, 16 लोग गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजराइल-हमास युद्ध को पांच महीने से अधिक समय हो गया है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ विरोध की आवाजें उठने लगी हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली पुलिस ने तेल अवीव में 16 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट अनुसार, हमास की कैद से बंधकों की रिहाई और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों द्वारा तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारियों को ट्रैफिक में बाधा डालने और सड़क जाम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर 270 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने तेल अवीव में अयालोन राजमार्ग पर मौजूद प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। साथ ही मौके से एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया, जिसे पुलिस वाहन में ले जाया गया।



### भारतीय भी आ रहे हमलों की चपेट में

4 मार्च को केरल के कोल्लम के 31 वर्षीय पैट निबिन मैक्सवेल लेबनानी सीमा पर हिजबुल्लाह के हमले में मारे गए थे। वे नए भर्ती अभियान के तहत जनवरी में इजराइल पहुंचे थे। केरल के दो अन्य कामगार जोसेफ जॉर्ज बुश और 28 वर्षीय पॉल मेल्विन भी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें, इजराइल जंग में कई देशों के सैनिकों को भी इस्तेमाल कर हा है।

## ताइवान ने 6 चीनी जहाजों और चार सैन्य विमानों को किया ट्रैक

**ताइपे।** ताइवान और चीन के बीच जारी विवाद लगातार बढ़ता जा रहा ह। ताइवान ने रविवार को बताया कि चीन ने उसकी ट्रैरेट्री में छह नौसैनिक जगहों और चार सैन्य विमानों को भेजा है, जिसको ताइवान की सेना ने ट्रैक किया है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने कहा कि चीनी जहाजों और विमानों को शनिवार और रविवार को ट्रैक किया गया।

वहीं, ताइवानी सेना ने चीन की हरकत के जवाब में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की गतिविधि पर नजर रखने के लिए विमान और नौसैनिक जहाज रवाना कर दी और वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली भी तैनात की। ताइवान ने आगे कहा कि चीन ने किसी भी विमान ने ताइवान जलडमरूमध्य मध्य रेखा को पार नहीं किया।

# भीषण हमलों से दहला यूक्रेन रूसी सेना ने दागीं 11 मिसाइलें



कीव, एजेंसी

- यूक्रेनी सेना बोली- नौ ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराया

युद्ध के बीच रूस ने एक बार फिर यूक्रेन के क्षेत्रों को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने यूक्रेन पर रात भर 16 मिसाइलें दागीं हैं। इसके अलावा 11 ड्रोन हमले भी किए हैं।

यूक्रेन की वायु सेना ने एक बयान में कहा कि रूस ने रातभर 16 मिसाइलें और 11 ड्रोन हमले किए हैं। टेलीग्राम पर एक बयान में वायु सेना ने कहा कि यूक्रेन ने नौ ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराया है। हालांकि, बाकी मिसाइलों और ड्रोन किस जगह गिरे हैं। उन लक्ष्यों की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, बीते एक सप्ताह के दौरान रूस के हवाई हमले की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी की है। बता दें कि रूस-यूक्रेन के बीच साल 2022 की शुरुआत में जंग छिड़ी थी। साल 2024 शुरू होने के बाद भी दोनों देशों के बीच युद्ध नहीं थम पाया है।